सच, सिर्फ सच **

वॉयस ऑफ लखनऊ

सोमवार, 13 जुलाई, 2026 लखनऊ, महानगर, वर्ष 22, अंक 06, पेज 12, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

कंपनियों की पूंजी 92995 करोड़ रुपये बढ़ी

सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 92,995.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। } 10

इस सप्ताह स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की यात्रा पर जायेंगे गोयल

वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की पांच दिवसीय यात्रा पर जायेंगे। } 10

राम मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं में होगा बड़ा बदलाव

नयी टीमों को सौंपी जायेगी जिम्मेदारी, नये लोग होंगे शामिल

जिला संवाददाता

अयोध्या। राम मंदिर में धार्मिक कार्यक्रमों से लेकर पार्किंग, प्रसाद वितरण और लॉकर संचालन तक कई समितियों के नेतृत्व में परिवर्तन किया जाएगा। आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां नए लोगों को सौंपी जाएंगी।

श्रीराम जन्मभूमि परिसर की व्यवस्थाओं को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जवाबदेह बनाने की दिशा में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया जा रहा है। मंदिर परिसर में विभिन्न व्यवस्थाओं का संचालन कर रही कई समितियों के नेतृत्व में परिवर्तन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। आने वाले दिनों में कई महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां नए लोगों को सौंपी जाएंगी। सूत्रों के अनुसार, धार्मिक कार्यक्रमों के संचालन, साफ-सफाई व्यवस्था, पार्किंग प्रबंधन, लॉकर संचालन, प्रवेश एवं निकास व्यवस्था, प्रसाद वितरण सहित श्रद्धालुओं से जुड़ी कई व्यवस्थाओं में बदलाव किया जा रहा है। इन व्यवस्थाओं में कार्यरत कई लोगों की जिम्मेदारियां बदली जा रही हैं और उनकी जगह नए चेहरों को अवसर दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि हाल के घटनाक्रम के बाद व्यवस्थाओं की व्यापक समीक्षा की गई है। इसी के आधार पर संचालन व्यवस्था को अधिक व्यवस्थित और उत्तरदायी बनाने के लिए समितियों का पुनर्गठन किया जा रहा है। उद्देश्य यह है कि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलें और प्रत्येक व्यवस्था की स्पष्ट जवाबदेही तय हो। कंट्रोल रूम से सूचना ...शेष पृष्ठ 10 पर

आने वाले श्रद्धालुओं को कोई शिकायत नहीं : नृपेंद्र मिश्रा

अयोध्या। अयोध्या के राम मंदिर में कथित चढ़ावा चोरी को लेकर हो रही चर्चाओं के बीच मंदिर निर्माण समिति के अध्यक्ष नृपेंद्र मिश्रा ने रविवार को दावा किया कि मंदिर आने वाले श्रद्धालुओं को कोई शिकायत नहीं है और उन्हें यहां दर्शन करके अच्छा लग रहा है। मिश्रा ने अयोध्या में संवाददाताओं से बातचीत में कहा, 'अगर आप अंगद टीला और सुग्रीव किला के पास श्रद्धालुओं से पूछें कि उन्हें क्या अंतर महसूस हो रहा है, क्या उनके मन में कोई अलग भावना है? तो मैं आपको यकीन दिलाता हूं कि भगवान राम में उनकी आस्था, मंदिर में की गई व्यवस्थाओं और यहां होने वाली भगवान राम की पूजा को लेकर उनकी कोई शिकायत नहीं है। लोगों से पूछने पर बस एक ही जवाब मिलता है कि भगवान के मंदिर आने से बेहतर और क्या हो सकता है? राम मंदिर में विशेष कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) की संभावित नियुक्ति और उसकी भूमिका के बारे में पूछे जाने पर मिश्रा ने कहा कि जैसा कि सीईओ पद का नाम बताता है, यह व्यक्ति ट्रस्ट के तहत प्रबंधन से जुड़े कार्यों की देखरेख करेगा। मिश्रा ने कहा कि सीईओ ...शेष पृष्ठ 10 पर

मेरे सम्मानित प्रदेशवासियों,

वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान में प्रदेश ने 40 करोड़ पौधरोपण का लक्ष्य पूरा कर नया इतिहास रचा है। यह नए भारत के नए उत्तर प्रदेश के नवसामर्थ्य का जयघोष है। प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, आने वाली पीढ़ियों के प्रति उत्तरदायित्व और जीवन संरक्षण का संदेश समेटे यह अभियान सनातन चेतना का महोत्सव है। इसकी सफलता पर प्रत्येक प्रदेशवासी को हृदय से शुभकामनाएं।

भारतीय संस्कृति और सभ्यता वनों से आरंभ हुई, इसलिए इसे अरण्य संस्कृति भी कहा जाता है। वनों में ही वेद, उपनिषद और अन्य महान ग्रंथों की रचना हुई तथा ऋषि-मुनियों ने लोकमंगल के लिए चिंतन-मनन किया। हमारे शास्त्र, पुराण और परंपराएं मानव जीवन के प्रत्येक संस्कार में वृक्षों के महत्व को स्वीकार करते हैं। आयुर्वेद मानता है कि विश्व में संभवतः ऐसा कोई पौधा नहीं, जिसमें औषधीय गुण न हों। ऋग्वेद में पृथ्वी और वृक्षों के गहरे संबंध का उल्लेख है। श्रीमद्भगवद्गीता में योगेश्वर भगवान श्रीकृष्ण कहते हैं, "वृक्षों में मैं अश्वत्थ (पीपल) हूं।" महाभारत तथा पुराणों में भी पीपल, वट, आंवला, बेल, पारिजात और अन्य वृक्षों का विशेष महत्व बताया गया है।

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की प्रेरणा से प्रारंभ 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान एवं पर्यावरण संरक्षण के प्रति हमारी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि वर्ष 2017 से 2023 के बीच प्रदेश के वन एवं वृक्ष आवरण में 3 लाख 38 हजार एकड़ की ऐतिहासिक वृद्धि दर्ज हुई है। हरित आवरण 9.96 प्रतिशत तक पहुंच चुका है और अब तक 280 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जा चुके हैं।

आज पर्यावरण असंतुलन, कार्बन उत्सर्जन, वनों के क्षरण और जैवविविधता के ह्रास जैसी चुनौतियों का सबसे प्रभावी समाधान वृक्ष ही हैं। मेरा आप सभी से आग्रह है कि वृक्षारोपण को अपने जीवन के संस्कारों और उत्सवों से जोड़ें। बच्चों के जन्मदिवस पर उनके हाथों एक पौधा अवश्य लगवाएं। जब बेटी अपने नए जीवन की ओर विदा हो, तो वह अपने मायके की स्मृतियों और स्नेह के प्रतीक स्वरूप एक पौधा अवश्य रोपित करे। परिवार के शुभ अवसरों, मांगलिक आयोजनों और विशेष दिनों को वृक्षारोपण से जोड़कर हम प्रकृति के प्रति अपना दायित्व निभा सकते हैं। यही पौधे आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित, सुरक्षित और समृद्ध प्रदेश का आधार बनेंगे।

आपका

योगी आदित्यनाथ

QR स्कैन कर पौधरोपण की सेल्फी अपलोड करें

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उत्तर प्रदेश UPGovtOfficial CMOUttarpradesh CMOfficeUP

पौधरोपण में योगी सरकार ने फिर रचा इतिहास

एक दिन में लगाये 35.27 करोड़ से अधिक पौधे, सीएम योगी ने गोरखपुर में शुरू किया पौधरोपण अभियान

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने रविवार को नया इतिहास रच दिया। 'एक पेड़ मां के नाम' थीम के अंतर्गत वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 में पूरे प्रदेश में शाम छह बजकर 12 मिनट तक एक दिन (12 जुलाई, रविवार) में 35,27,89,926 पौधरोपण हुए। यह सरकार द्वारा तय किए गए लक्ष्य 35 करोड़ से 27.89 लाख से अधिक है। माफिया के प्रति कठोर और बच्चों के लिए कोमलहृदय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पर्यावरण संरक्षण को लेकर बेहद संवेदनशील हैं। दुनियाभर में बढ़ते ग्लोबल वार्मिंग के खतरे को कम करने के प्रयास को कम करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में बीते वर्षों की भांति इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर अभियान को शीर्ष प्राथमिकता दी गई। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के तहत मुख्यमंत्री की मंशा को ध्यान में रखते हुए रविवार को प्रदेश में व्यापक स्तर पर 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' चलाया गया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गोरखपुर से अभियान का शुभारंभ किया। उन्होंने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर त्रिवेणी (नीम, पीपल, बरगद) के पौधे रोपे। वहीं आरकेबीके के पास ताल रिंग रोड के किनारे मौलिश्री का पौधा लगाया। कैबिनेट मंत्री डॉ. संजय निषाद ...शेष पृष्ठ 10 पर

पौधरोपण महाभियान धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का महायज्ञ: योगी

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार सुबह गोरखपुर से एक दिन में 35 करोड़ रिकॉर्ड पौधरोपण के लक्ष्य वाले प्रदेशव्यापी पौधरोपण महायज्ञ 2026 का शुभारंभ किया। एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत उन्होंने गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे पर भगवानपुर टोल प्लाजा के समीप पवित्र त्रिवेणी (नीम, पीपल, बरगद) के पौधे लगाए और सेल्फी भी ली। इसके बाद गीडा सेक्टर-28 में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पौधरोपण महाभियान धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का महायज्ञ है। विगत नौ वर्षों में प्रदेश में भौतिक विकास की रफ्तार तेज होने के साथ ही वनाच्छादन का भी विस्तार हुआ है। गोरखनाथ मंदिर लौटते समय सीएम ने आरकेबीके के पास ताल रिंग रोड के किनारे भी मौलश्री का पौधा रोपित किया। मुख्यमंत्री ने रामगढ़ताल की खूबसूरती को निहारा और सेल्फी भी ली। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सभी नागरिकों को पौधरोपण की महत्ता समझाते हुए कहा कि एक वृक्ष अपने भीतर हजारों लीटर जल का ...शेष पृष्ठ 10 पर

जनशक्ति का जीवंत संकल्प बन गया है 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का मंत्र

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 की सफलता पर नागरिकों, वन, पर्यावरण व जलवायु परिवर्तन विभाग के अधिकारियों, शासन, प्रशासन समेत सभी को शुभकामनाएं दीं। उत्तर प्रदेश में एक ही दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाए जाने पर मुख्यमंत्री ने प्रदेशवासियों के प्रति भी आभार जताया। उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट एक्स पर लिखा कि 'माता भूमिः पुत्रोऽहं पृथिव्याः' का सनातन मंत्र आज उत्तर प्रदेश की जनशक्ति का जीवंत संकल्प बन गया है। मुख्यमंत्री ने लिखा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के प्रेरक आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत 'नए भारत' के 'नए उत्तर प्रदेश' ने एक ही दिन में 35 करोड़ से अधिक पौधरोपण कर प्रकृति संरक्षण के इतिहास में नया स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया है। यह प्रकृति के प्रति कृतज्ञता, धरती माता के प्रति श्रद्धा ...शेष पृष्ठ 10 पर

मौत मामले में दारोगा समेत छह पर मुकदमा

बलिया। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 42 वर्षीय एक व्यक्ति की कथित तौर पर पुलिस की पिटाई से हुई मौत के मामले में रविवार को एक दारोगा, एक आरक्षी और ग्राम प्रधान सहित कुल छह आरोपियों के खिलाफ हत्या और अन्य धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। बैरिया क्षेत्र के पुलिस क्षेत्राधिकारी (सीओ) आलोक गुप्ता ने बताया कि रेवती थाना क्षेत्र के गायघाट गांव निवासी विशाल गोंड की तहरीर पर दारोगा सचिन सरोज, आरक्षी अंकित सिंह, ग्राम प्रधान आशुतोष शंकर सिंह, सूरज कन्नौजिया, उसके एक रिश्तेदार और मनीष यादव के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। सूरज के रिश्तेदार विशाल को लाठी-डंडा लेकर मारने के लिए दौड़े, लेकिन वह किसी तरह से जान बचाकर भाग गया।

जनकल्याण और आधारभूत विकास को बढ़ावा : धामी

मुख्यमंत्री ने दी विभिन्न परियोजनाओं के लिए करीब 99 करोड़ की स्वीकृति

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्यभर में जनसुविधाओं के विस्तार और विकास कार्यों को गति देने के लिए विभिन्न विभागों की परियोजनाओं हेतु लगभग 99 करोड़ रुपये की वित्तीय मंजूरी प्रदान की है।

इन स्वीकृतियों से स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूती मिलने के साथ-साथ सड़क, विद्युत, पर्यटन, शिक्षा, अग्निशमन और धार्मिक स्थलों से संबंधित विकास कार्यों को भी नई रफ्तार मिलेगी। मुख्यमंत्री ने सबसे बड़ी स्वीकृति राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण को प्रदान करते हुए गोल्डन कार्ड योजना के अंतर्गत लंबित भुगतान और योजना के निर्बाध संचालन के लिए 75 करोड़ रुपये जारी करने की मंजूरी दी है। इससे प्रदेश में कैशलेस उपचार व्यवस्था को मजबूती मिलेगी और अस्पतालों को समयबद्ध भुगतान सुनिश्चित हो सकेगा। प्रदेश में आधुनिक बुनियादी ढांचे के विकास के तहत नैनीताल के रामनगर स्थित ऑटोमेटेड ड्राइविंग टेस्ट ट्रैक को अत्याधुनिक तकनीक से लैस करने के लिए 3.68 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए हैं। देहरादून के धौरणखास स्थित पुलिस संचार प्रशिक्षण केंद्र में 150 केएलडी क्षमता के सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के निर्माण एवं परिसर विकास के लिए 2.73 करोड़ रुपये तथा हरिद्वार के बहादराबाद औद्योगिक क्षेत्र में नए फायर स्टेशन की स्थापना के लिए 9.45 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। इसके अलावा रुद्रप्रयाग कोषागार भवन के अनुरक्षण एवं विद्युत कार्यों के लिए भी धनराशि स्वीकृत की गई है। धार्मिक और पर्यटन स्थलों पर यात्रियों की सुविधाएं बढ़ाने के उद्देश्य से चम्पावत जिले में ककराली-टनकपुर से माँ पूर्णागिरि धाम तक स्ट्रीट लाइट लगाने की योजना को 5 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। पौड़ी के यमकेश्वर में जानकी पुल से चौरासी कुटिया तक मार्ग को पर्यटन आकर्षण के रूप ...शेष पृष्ठ 10 पर

अमेरिकी हमले के बाद ईरान का खाड़ी देशों पर कहर

दुबई। अमेरिका ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक जहाज पर हमले के जवाब में रविवार तड़के ईरान पर हमला किया। इसके बाद ईरान ने भी जवाबी कार्वाई करते हुए बहरीन, कतर, कुवैत, ओमान और संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) को निशाना बनाकर हमले किए। ईरान ने होर्मुज जलडमरूमध्य में एक कंटेनर जहाज पर हमला किया, जिससे उसमें आग लग गयी और उसके चालक दल को जहाज छोड़ना पड़ा। ईरान और अमेरिका के बीच 28 फरवरी को शुरू हुई जंग को हमेशा के लिए खत्म करने के वास्ते आगे की बातचीत में यह जलडमरूमध्य मुख्य अड़चन बन गया है। अमेरिकी सेना की सेंट्रल कमांड (सेंटकॉम) ने कहा कि उसने ईरान के करीब 140 ठिकानों पर हवाई हमले करने के बाद अपनी हालिया सैन्य कार्वाई का यह चरण पूरा कर लिया है। उसने कहा कि निशाना बनाए गए ठिकानों में मिसाइल और ड्रोन प्रक्षेपण स्थल, गोला-बारूद के भंडार, संचार उपकरण और अन्य केंद्र शामिल थे। सेंटकॉम ने बताया कि इन हमलों ने होर्मुज जलडमरूमध्य से स्वतंत्र रूप से गुजरने ...शेष पृष्ठ 10 पर

भारत ने वाणिज्यिक जहाज पर हमले की निंदा की

नयी दिल्ली। भारत ने ओमान तट के पास साइप्रस के ध्वज वाले एक वाणिज्यिक जहाज पर हुए हमले की रविवार को निंदा की। इस हमले के बाद पोत पर सवार चालक दल के 11 भारतीय सदस्यों में से एक लापता है। पश्चिम एशिया में ईरान और अमेरिका के बीच एक बार फिर से बढ़े तनाव के बीच, भारत ने तत्काल इसे कम करने की अपनी अपील दोहराई और कहा कि क्षेत्र में वाणिज्यिक जहाजों और असैन्य बुनियादी ढांचे को निशाना बनाने की घटनाएं बंद होनी चाहिए। अमेरिकी सेंट्रल कमान ने कहा कि इस्लामिक रिवोल्यूशनरी गार्ड कॉर्प्स ने होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे कंटेनर जहाज जीएफएस गैलेक्सी पर हमला किया। उसने कहा, चालक दल का एक सदस्य लापता है और जहाज में लगी आग तथा इंजन कक्ष को हुए भारी नुकसान के कारण पोत अपनी यात्रा जारी नहीं रख सकता। रविवार तड़के जीएफएस गैलेक्सी को निशाना बनाया गया।

आज का मौसम

अधिकतम	:	36.06 डिसे.
न्यूनतम	:	26.04 डिसे.

भीतर पढ़ें

- ट्रेन मैनेजरों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं (पृष्ठ-02)
- महुआ-श्रीअन्न से बदल रही आदिवासी महिलाओं की तकदीर (पृष्ठ-02)
- कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल (पृष्ठ-10)
- ईएसआई की परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मांडविया (पृष्ठ-10)
- एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 15157 करोड़ डाले (पृष्ठ-10)

विशेष खबर राजनाथ-गडकरी करेंगे 4850 करोड़ की तीन राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजना ओं का लोकार्पण व शिलान्यास

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे का लोकार्पण आज

विशेष संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश सरकार के बहुप्रतीक्षित लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे (एनई-6) पर तेज रफ्तार सफर का इंतजार अब खत्म होने जा रहा है। सोमवार को रक्षा मंत्री एवं

- **लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर कल से फर्राटा भरेंगे वाहन**

लखनऊ के सांसद राजनाथ सिंह और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी एक्सप्रेसवे का लोकार्पण करेंगे।

इसके बाद मंगलवार सुबह 8 बजे से एक्सप्रेसवे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा। आधुनिक तकनीक से निर्मित इस एक्सप्रेसवे पर छोटे चार पहिया वाहनों के लिए अधिकतम गति सीमा 120 किमी प्रति घंटा तथा भारी वाहनों के लिए 80 किमी प्रति घंटा निर्धारित की गई है। एक्सप्रेसवे पर केवल चार पहिया और भारी वाहनों को ही प्रवेश मिलेगा, जबकि दोपहिया और तीनपहिया वाहनों के संचालन पर प्रतिबंध रहेगा। लखनऊ से कानपुर तक पुराने राष्ट्रीय राजमार्ग-25 पर जहां यात्रा में आमतौर पर ढाई से तीन घंटे लग जाते थे, वहीं नए एक्सप्रेसवे के चालू होने के बाद यह दूरी 35 से 45 मिनट में तय की जा सकेगी। एक्सप्रेसवे का प्रवेश लखनऊ के दरोगाखेड़ा से होगा और निकास कानपुर के आजाद चौक तक रहेगा। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे पर सफर हाईवे की तुलना में महंगा होगा। एक्सप्रेसवे खुलने के साथ ही टोल वसूली भी शुरू हो जाएगी। एक्सप्रेसवे पर नियमित यात्रियों के लिए मासिक और वार्षिक पास की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। कार के लिए 50 सिंगल ट्रिप तक 9,220 रुपये, वार्षिक फास्टैग पास 3,075 रुपये में एक वर्ष के दौरान 100 राउंड ट्रिप (200 टोल क्रॉसिंग) की ...शेष पृष्ठ 10 पर

इसरो के गगनयान क्रू मॉड्यूल सिस्टम के तीन बड़े परीक्षण पूरे

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने रविवार को कहा कि उसने गगनयान क्रू मॉड्यूल सिस्टम के तीन बड़े परीक्षण सफलतापूर्वक पूरे कर लिए हैं।

पहला परीक्षण समुद्र में उतरने के बाद अंतरिक्ष यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने से जुड़ा था, जिसे सबसे महत्वपूर्ण जरूरतों में से एक माना जाता है। दूसरे परीक्षण में उस प्रणाली को अलग करने की प्रक्रिया की जांच की गई, जो अंतरिक्ष यात्रियों के रहने वाले क्रू मॉड्यूल और ऊर्जा तथा प्रणोदन उपलब्ध कराने वाले सर्विस मॉड्यूल को आपस में जोड़ती है। तीसरे परीक्षण में एपेक्स कवर अलग होने के दौरान क्रू मॉड्यूल की संरचनात्मक मजबूती की पुष्टि की गई। इसरो ने इस जटिल परीक्षण को अंजाम देने के लिए एक विशेष रणनीति अपनाई। इसके लिए सीएमयूएस के सभी जरूरी हिस्सों को मिलाकर एक उन्नत सिस्टम-लेवल क्वालिफिकेशन टेस्ट सेटअप तैयार किया गया था।

यूपी में 35.27 करोड़ पौधों का रिकॉर्ड, सोनभद्र रहा नंबर-1

पौधरोपण महायज्ञ

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में आयोजित 'पौधरोपण महायज्ञ-2026' ने उत्तर प्रदेश में जन आंदोलन का रूप ले लिया। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत रविवार को पूरे प्रदेश में 35.27 करोड़ से अधिक पौधों का रोपण किया गया। प्रदेश के सभी जिलों, मंडलों, सरकारी विभागों, शैक्षणिक संस्थानों और सामाजिक संगठनों की भागीदारी से यह अभियान अब तक के सबसे बड़े हरित अभियानों में शामिल हो गया। इस महाअभियान में सोनभद्र ने 1,68,47,717 पौधों के रोपण के साथ प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया। इसके बाद ललितपुर, झांसी, लखीमपुर खीरी और जालौन शीर्ष पांच जिलों में शामिल रहे।

शीर्ष पांच विभागों का प्रदर्शन इस प्रकार रहा

विभाग	पौधरोपण
पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन	15,42,19,413
ग्राम्य विकास	10,56,85,704
कृषि	3,26,90,527
उद्यान	1,52,02,219
पंचायती राज	1,13,38,290

शीशम और सागौन के सबसे अधिक पौधे

■ महाअभियान के दौरान सबसे अधिक शीशम के 4,67,38,099 पौधे लगाए गए। इसके बाद सागौन (4,13,99,061), जामुन (2,28,46,329), अमरूद (1,80,74,031) और अर्जुन (1,51,75,482) के पौधों का रोपण किया गया।

वन विभाग सबसे आगे, ग्राम्य विकास विभाग दूसरे स्थान पर

■ पौधरोपण में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग ने सर्वाधिक 15,42,19,413 पौधे लगाकर पहला स्थान प्राप्त किया। इसके बाद ग्राम्य विकास विभाग ने 10,56,85,704 पौधों का रोपण कर गांवों में हरित क्रांति को नई गति दी।

सर्वाधिक पौधरोपण वाले पांच जिले

जनपद	पौधरोपण
सोनभद्र	1,68,47,717
ललितपुर	93,63,495
झांसी	93,06,615
लखीमपुर खीरी	92,51,800
जालौन	88,08,435

शिक्षा विभाग ने लगाए 43 लाख पौधे

महाअभियान में शिक्षा विभाग ने भी उल्लेखनीय योगदान दिया। बेसिक, माध्यमिक और उच्च शिक्षा विभाग के विद्यालयों, महाविद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों में कुल 43 लाख पौधे लगाए गए। बेसिक शिक्षा विभाग ने 12 लाख, माध्यमिक शिक्षा विभाग ने 11 लाख और उच्च शिक्षा विभाग ने 20 लाख पौधे लगाए। अभियान में विद्यार्थियों, शिक्षकों, कर्मचारियों, अभिभावकों और स्थानीय नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प भी दिलाया गया। राज्य मुख्यालय स्थित शिविर कार्यालय में माध्यमिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल, अपर राज्य परियोजना निदेशक वी.के. पांडेय तथा अन्य अधिकारियों ने हरसिंगार, नाग चंपा, एरिका पाम और सहजन के पौधे लगाए। वहीं एससीईआरटी परिसर सहित प्रदेशभर के विद्यालयों, महाविद्यालयों और विश्वविद्यालयों में भी व्यापक पौधरोपण हुआ। बेसिक शिक्षा विभाग की नोडल अधिकारी मोनिका रानी ने झांसी में पौधरोपण कार्यक्रमों का निरीक्षण कर पौधों के संरक्षण और जनभागीदारी बढ़ाने के निर्देश दिए।

जल संसाधन विभाग ने लक्ष्य से अधिक पौधे लगाये

सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग ने अपने 15 लाख पौधरोपण के लक्ष्य को पार करते हुए 15,19,865 पौधे लगाए। जालौन में पौधरोपण करते हुए सिंचाई एवं जल संसाधन मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए हरित, समृद्ध और सुरक्षित भविष्य का संकल्प है।

परिवहन विभाग और यूपीएसआरटीसी की भी सक्रिय भागीदारी

परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह ने बलिया में पौधरोपण किया। परिवहन आयुक्त आशुतोष निरंजन ने बताया कि अभियान के तहत परिवहन विभाग ने 1.2 लाख तथा उत्तर प्रदेश राज्य सड़क परिवहन निगम (यूपीएसआरटीसी) ने 1.8 लाख पौधे लगाए। उन्होंने कहा कि यह अभियान पर्यावरण संरक्षण के साथ भूजल संवर्धन, जैव विविधता और स्वच्छ वातावरण को बढ़ावा देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

आजमगढ़ में 65 लाख पौधरोपण का नया कीर्तिमान

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 'वृक्षारोपण महायज्ञ-2026' और 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत आजमगढ़ जनपद ने जनभागीदारी का नया रिकॉर्ड कायम करते हुए 65 लाख पौधों का रोपण किया। नगर विकास एवं ऊर्जा मंत्री ए.के. शर्मा की उपस्थिति में आयोजित इस अभियान में जिला प्रशासन, जनप्रतिनिधियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, विद्यार्थियों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। जनपद स्तरीय मुख्य कार्यक्रम गंभीर वन (एसकेपी मैदान) सहित विभिन्न स्थानों पर आयोजित किया गया, जहां मंत्री ए.के. शर्मा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा तैयार पर्यावरण संरक्षण विषयक चित्रकला प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया तथा उन्हें पौधे भेंट कर प्रकृति संरक्षण के लिए प्रेरित किया गया। मंत्री ए.के. शर्मा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से शुरू किया गया

'एक पेड़ मां के नाम' अभियान केवल पौधे लगाने का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति, मातृत्व और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी का प्रतीक है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश पर्यावरण संरक्षण का जन आंदोलन का स्वरूप दे रहा है और आजमगढ़ ने 65 लाख पौधरोपण कर इस संकल्प को नई मजबूती प्रदान की है। मंत्री ने कहा कि प्रत्येक नागरिक कम से कम एक पौधा अवश्य लगाए और उसके संरक्षण का संकल्प भी ले। उन्होंने कहा कि पेड़-पौधे धरती का आभूषण हैं तथा जलवायु परिवर्तन, बढ़ते प्रदूषण और ग्लोबल वार्मिंग जैसी चुनौतियों से निपटने का सबसे प्रभावी माध्यम व्यापक वृक्षारोपण है। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) पर 9 लाख तथा 12 जुलाई को 56 लाख पौधों का रोपण कर वर्ष 2026 के लिए निर्धारित 65 लाख पौधरोपण का लक्ष्य पूरा किया गया।

2,515 बूथों पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के तहत पौधरोपण

● **अम्बेडकर विवि में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत 5,500 पौधरोपण**

भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी एवं प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधारोपण किया। बाबासाहेब भीमराव अम्बेडकर विश्वविद्यालय, समरस वन में अभियान के तहत 5,500 पौधों के वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम में सहभागिता कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। प्रदेश महामंत्री (संगठन) श्री धर्मपाल सिंह ने लखनऊ के कुकरैल वन में आयोजित पौधारोपण महायज्ञ 2026 के अंतर्गत पीपल, पाकड़ एवं बरगद (शंकरी) के पौधों का रोपण किया। भाजपा के प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल, शक्तिकेन्द्र, बूथ के पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं जनप्रतिनिधि प्रदेश में एक पेड़ मां के नाम अभियान से जुड़कर पौधारोपण कार्यक्रमों में सम्मिलित हुए। श्री चौधरी ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी द्वारा उत्तर प्रदेश में वृहद् वृक्षारोपण अभियान चलाया जा रहा है, अभियान के

तहत प्रदेश में 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा प्रारम्भ किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान अब देश में एक बड़े जनआंदोलन का रूप ले चुका है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण की रक्षा ही नहीं करते, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ व सुरक्षित भविष्य की नींव भी रखते हैं। इसी क्रम में लखनऊ पूर्वी विधानसभा क्षेत्र के कुकरैल वन क्षेत्र में आयोजित वृहद् वृक्षारोपण कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। कार्यक्रम में उन्होंने वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 से संबंधित प्रदर्शनी का अवलोकन किया तथा प्रचार वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर अवध क्षेत्रीय अध्यक्ष अवधेश द्विवेदी, विधान परिषद सदस्य संतोष सिंह एवं मुकेश शर्मा, विधायक ओपी श्रीवास्तव, जिलाधिकारी विशाख जी, मुख्य चिकित्साधिकारी डा. एनबी सिंह, डीएफओ शितांशु पाण्डेय सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। भाजपा लखनऊ महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कैंट एक मंडल के बूथ संख्या 193 स्थित तुलसी पार्क, गीता पल्ली में दस वृक्षारोपण किया। भरतेन्दु वार्ड स्थित पल्टन छावनी में आयोजित वृक्षारोपण कार्यक्रम में विधायक डॉ. नीरज बोरा ने पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित भविष्य के निर्माण का संकल्प दिलाया। एलडीबी प्रांगण में भी पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। भाजपा प्रदेश महामंत्री राम प्रताप सिंह चौहान ने भूमि विकास बैंक के सभापति विवेक सिंह तोमर के साथ आंवले का पौधा रोपित कर पर्यावरण संरक्षण एवं हरित उत्तर प्रदेश के निर्माण का संकल्प लिया। श्री द्विवेदी ने बताया कि भाजपा लखनऊ महानगर के सभी 2,515 बूथों पर 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया।

लखनऊ हाईकोर्ट परिसर में हुआ पौधरोपण

लखनऊ। गोमतीनगर स्थित इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ परिसर में पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ न्यायमूर्ति राजन रॉय सहित अन्य न्यायमूर्तियों, वरिष्ठ निबंधक, न्यायालय के अधिकारियों, कर्मचारियों तथा अधिवक्ताओं ने सहभागिता करते हुए चांदनी, कनेर, गार्डेनिया, हरश्रृंगार और गुलाचीन सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए। न्याय विभाग के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य माताओं के सम्मान में पौधरोपण के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देना तथा हरित और समृद्ध भविष्य के निर्माण में जनभागीदारी सुनिश्चित करना है।

जदयू विधायक दल के नेता श्रवण कुमार के आगमन पर तैयारियों की समीक्षा

लखनऊ। जनता दल (यूनाइटेड) के विधायक दल के नेता एवं बिहार सरकार के कैबिनेट मंत्री श्रवण कुमार के 18 जुलाई को लखनऊ आगमन के अवसर पर आयोजित होने वाले स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर आज समीक्षा बैठक संपन्न हुई। यह बैठक प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल जी के निर्देश पर संपन्न हुई जबकि अध्यक्षता प्रदेश महासचिव भैया हरिशंकर ने की। बैठक में पदाधिकारियों ने विश्वास व्यक्त किया कि श्रवण कुमार एवं प्रदेश अध्यक्ष अनूप सिंह पटेल जी का लखनऊ आगमन संगठन के लिए अत्यंत प्रेरणादायक होगा।

गोरखपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म-9 कैब वे साइड का सुंदरीकरण पूरा

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल द्वारा यात्रियों को स्वच्छ एवं आकर्षक वातावरण देने के उद्देश्य से गोरखपुर जंक्शन के प्लेटफॉर्म संख्या 09 कैबवे साइड का सौंदर्यीकरण किया गया है। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर और अपर महाप्रबंधक विनोद कुमार शुक्ल के मार्गदर्शन में हुए इस कार्य का नेतृत्व स्टेशन निदेशक रतनदीप गुप्ता ने किया। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि सौंदर्यीकरण के तहत कैबवे साइड पर नई घासों के त्रिकोणीय पैच लगाए गए। नालियों की सफाई कर उन्हें सुव्यवस्थित किया गया। बाउंड्री वॉल पर रंगीन और आकर्षक चित्रकारी की गई तथा लगभग 700 मीटर तक खंभों पर तिरंगा लाइट्स लगाई गई हैं। वहीं मंडल रेल प्रबंधक, गौरव अग्रवाल ने बताया कि इस पहल से स्टेशन परिसर का स्वरूप और अधिक मनोहारी हो गया है। कहा गया कि लखनऊ मंडल यात्री सुविधाओं के साथ-साथ स्टेशनों के सौंदर्यीकरण पर भी विशेष ध्यान दे रहा है, ताकि रेल यात्रा यात्रियों के लिए सुखद और यादगार बन सके।

ट्रेन मैनेजरों को मिलेंगी आधुनिक सुविधाएं

लखनऊ। पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मंडल द्वारा गोंडा स्थित आरओएच डिपो में ट्रेन मैनेजरों की ड्यूटी को सुरक्षित और आरामदायक बनाने के उद्देश्य से ब्रेकवान के आधुनिकीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है। पूर्वोत्तर रेलवे के महाप्रबंधक उदय बोरवणकर के मार्गदर्शन और मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल के नेतृत्व में यह पहल आरडीएसओ के मानकों के अनुसार की जा रही है। इससे लंबी दूरी की यात्राओं में ट्रेन मैनेजरों को बिना थकान के बेहतर तरीके से काम करने में मदद मिलेगी। जनसंपर्क अधिकारी महेश गुप्ता द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि ब्रेकवान के आधुनिकीरण के किए जा रहे प्रमुख सुधार के क्रम में आर्म रेस्ट, हाइट एडजस्टमेंट और 360 डिग्री रोटेशन वाली विशेष कुर्सियां लागने, वॉकी-टॉकी होल्डर, कोट हुक, वॉटर बॉटल स्टैंड, कमोड और वॉशबेसिन आदि की सुविधाओं से लैस किया जा रहा है। वहीं सुरक्षा की दृष्टि से दोनों तरफ 520 मिमी के बड़े ग्रैब हैंडल और फुट रेस्ट आदि सुधार के कार्य किए जा रहे है। दी गई जानकारी में मंडल रेल प्रबंधक गौरव अग्रवाल ने कहा कि ट्रेन मैनेजर रेल परिचालन की महत्वपूर्ण कड़ी हैं। उनकी सुरक्षा और सुविधा हमारी प्राथमिकता है। ब्रेकवान के आधुनिकीकरण से उनका कार्य स्थल बेहतर बनेगा और कार्य दक्षता के साथ परिचालन सुरक्षा में भी वृद्धि होगी। वहीं रेलवे ने इसे यात्री और परिचालन सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है।

स्टेशन मास्टर्स मनायेंगे 'डिमांड डे', डिमांड बैज पहनकर जतायेंगे विरोध

लखनऊ। ऑल इंडिया स्टेशन मास्टर्स एसोसिएशन, लखनऊ मंडल, पूर्वोत्तर रेलवे ने अपनी लंबित मांगों के समर्थन में 14 जुलाई 2026 मंगलवार को ₹ डिमांड डे ₹ मनाने का निर्णय लिया है। एसोसिएशन के मंडल मंत्री देवा नन्द ने बताया कि संगठन ने कई बार ज्ञापन देकर और 11 जुलाई, 2025 को प्रदर्शन कर भी समस्याओं के निराकरण की मांग की थी, लेकिन प्रशासन द्वारा कोई समाधान नहीं किया गया। इससे स्टेशन मास्टर संवर्ग में निराशा है। उन्होंने बताया कि 'डिमांड डे' के तहत अधिक संख्या में स्टेशन मास्टर मंडल कार्यालय पहुंचकर डीआरएम को ज्ञापन सौंपेंगे। वहीं ड्यूटी पर तैनात स्टेशन मास्टर ₹ डिमांड बैज ₹ लगाकर ड्यूटी करेंगे। दी गई जानकारी में उन्होंने पिछले तीन वर्षों से आवधिक स्थानांतरण न होने, स्टेशन मास्टर पैनल रूम में एसी नहीं लगने, स्टेशन मास्टर और पॉइंट्समैन के पदों पर भारी रिक्तियां, डबल/ट्रिपल लाइन स्टेशनों पर हर शिफ्ट में 2 स्टेशन मास्टर की पोस्टिंग करने, मंडल के कई स्टेशनों पर लागू 12 घंटे की ड्यूटी रोस्टर समाप्त किये जाने सहित अपनी प्रमुख मांगें भी गिनाई।

भाजपा के लिए पौधरोपण दरअसल भ्रष्टारोपण : अखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा के लिए वृक्षारोपण दरअसल भ्रष्टारोपण का कार्यक्रम है। ये 35 करोड़ पेड़ लगाने का नहीं बल्कि प्रत्येक पेड़ से कम-से-कम 10 रुपए मतलब कुल मिलाकर 350 करोड़ कमाने की गुप्त भाजपाई योजना है। श्री यादव ने कहा कि सरकार ने 10 साल में कागजों पर ही पेड़ लगाए हैं। इनके पेड़ जमीन पर नहीं दिखाई देते हैं। जो कहीं लगे भी वह पानी के बगैर सूख गए। सरकार हर साल वृक्षारोपण के नाम पर भ्रष्टाचार की नई योजना के साथ आती है। बजट का बंदर बांट हो जाने के बाद अभियान समाप्त हो जाता है। फिर सरकार को साल भर तक ना पेड़ों की चिंता रहती है और ना पर्यावरण की। इस सरकार में पेड़ और वनों की अवैध कटाई हो रही है। समाजवादी पार्टी की सरकार में लखनऊ में गोमती नदी की सफाई की गयी। विश्वस्तरीय गोमती रिवरफ्रंट बनाकर नदियों की सफाई का उदाहरण प्रस्तुत किया, लेकिन भाजपा सरकार ने गोमती रिवरफ्रंट को बर्बाद कर दिया।

महुआ-श्रीअन्न से बदल रही आदिवासी महिलाओं की तकदीर

विशेष संवाददाता (vol)

● **सोनभद्र में आत्मनिर्भरता की नई मिसाल**

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के जनजातीय बहुल सोनभद्र और आसपास के क्षेत्रों में अब महिला सशक्तीकरण की नई कहानी लिखी जा रही है। कभी बुनियादी सुविधाओं और रोजगार के अवसरों के अभाव से जूझने वाला यह इलाका आज महुआ और श्रीअन्न (मिलेट्स) आधारित उत्पादों के जरिए ग्रामीण उद्यमिता का केंद्र बनता जा रहा है। स्वयं सहायता समूहों से जुड़ी आदिवासी महिलाएं महुआ, रागी, सांवा और अलसी जैसे पारंपरिक पौष्टिक उत्पादों को बाजार तक पहुंचाकर अपनी आर्थिक स्थिति मजबूत कर रही हैं।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (एनआरएलएम), बुनियादी सुविधाओं के विस्तार और श्रीअन्न को बढ़ावा देने वाली सरकारी पहलों का असर अब जनजातीय क्षेत्रों में स्पष्ट दिखाई दे रहा है। महिलाओं को प्रशिक्षण, वित्तीय सहायता, पैकेजिंग और विपणन की सुविधाएं मिलने से वे सफल उद्यमी बन रही हैं। सोनभद्र की मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी के अनुसार, पहले यह क्षेत्र सीमित रोजगार और बुनियादी सुविधाओं की कमी जैसी समस्याओं से जूझता था। पिछले कुछ वर्षों में सड़क, बिजली, पेयजल, शिक्षा और सरकारी योजनाओं की बेहतर पहुंच से हालात बदले हैं। अब गांवों की महिलाएं अपने उत्पाद तैयार कर बाजार तक पहुंचा रही हैं, जिससे परिवारों की आय में उल्लेखनीय वृद्धि हो रही है।

सोनभद्र के घोरावल विकास खंड स्थित दुर्गा स्वयं सहायता समूह की 15 से अधिक महिलाएं मिलेट आधारित उत्पाद तैयार कर रही हैं। समूह हर महीने लगभग 40 से 50 हजार रुपये के उत्पाद बेचता है, जिससे प्रत्येक सदस्य को सालाना करीब एक लाख रुपये तक की अतिरिक्त आय हो रही है। यह समूह अब अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरणा का स्रोत बन गया है। म्योरपुर विकास खंड के लिलासी गांव स्थित खुशबू आजीविका स्वयं सहायता समूह की 14 महिलाएं महुआ के लड्डू और सांवा जैसे पारंपरिक उत्पाद तैयार कर रही हैं।

समूह की सदस्य सुनीता देवी के अनुसार, अब उनके उत्पादों की मांग स्थानीय बाजार से आगे बढ़कर अन्य क्षेत्रों तक पहुंच चुकी है। इससे महिलाओं की आय में लगातार बढ़ोतरी हो रही है और वे अपने परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। समूह से जुड़ी प्रियंका, संगीता, जिरमन, सोनकुंवर, पुष्मतिया, मलावती, हीरामनी और रीना जैसी महिलाएं भी इस बदलाव की मिसाल बन चुकी हैं। मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से महिलाओं को केवल आर्थिक गतिविधियों तक सीमित नहीं रखा गया है, बल्कि उन्हें स्वरोजगार, कौशल विकास और समूह आधारित उद्यम के लिए भी तैयार किया जा रहा है। इसका परिणाम यह है कि कभी विकास की मुख्यधारा से दूर माने जाने वाले जनजातीय क्षेत्रों की महिलाएं आज अपने उत्पादों के जरिए स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई मजबूती दे रही हैं और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान निभा रही हैं।

गन्ना समितियों के विद्यालयों के शिक्षक छात्रों का करेंगे कौशल विकास

विशेष संवाददाता (vol)

● **13 से 15 जुलाई तक गन्ना उत्पादक जिलों के 40 शिक्षक लेंगे प्रशिक्षण**

लखनऊ। प्रदेश सरकार में विद्यार्थियों के रोजगारपरक शिक्षा व कौशल विकास पर प्राथमिकता से ध्यान दिया जा रहा है। इसी क्रम में उत्तर प्रदेश के गन्ना एवं चीनी विभाग ने सहकारी गन्ना समितियों के माध्यम से संचालित विद्यालयों और महाविद्यालयों में शिक्षा की गुणवत्ता व विद्यार्थियों के कौशल विकास को नई दिशा देने की पहल शुरू की है। इसके लिए वाधवानी फाउंडेशन की सहयोगी संस्था स्किल्स डेवलपमेंट नेटवर्क (एसडीएन) के सहयोग से प्रदेश के चयनित शिक्षकों के लिए तीन दिवसीय उच्च स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 13 जुलाई से 15 जुलाई, 2026 तक लाल बहादुर शास्त्री गन्ना किसान संस्थान, लखनऊ में आयोजित होगा। इसमें प्रदेश के 8 प्रमुख गन्ना उत्पादक जिलों बरेली, पीलीभीत, शाहजहांपुर, हरदोई, लखीमपुर खीरी, बाराबंकी, बलरामपुर और बस्ती से चयनित 40 शिक्षक प्रतिभाग करेंगे।

उत्तर प्रदेश गन्ना एवं चीनी आयुक्त मिनिस्ती एस. के मुताबिक प्रशिक्षण का उद्देश्य शिक्षकों को आधुनिक कौशल, रोजगारपरक शिक्षा और उद्योगों की आवश्यकताओं के अनुरूप प्रशिक्षित करना है, ताकि वे अपने-अपने शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों को नई तकनीकों और रोजगारपरक कौशल से जोड़ सकें। इससे छात्रों को राष्ट्रीय एवं वैश्विक रोजगार बाजार की मांग के अनुरूप तैयार करने में सहायता मिलेगी। प्रशिक्षण प्राप्त करने के बाद शिक्षक सहकारी गन्ना समितियों के सहयोग से संचालित विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के विद्यार्थियों को आत्मनिर्भरता, कौशल विकास और रोजगार के नए अवसरों से जोड़ने का कार्य करेंगे। कार्यक्रम का उद्देश्य केवल शैक्षणिक ज्ञान तक सीमित नहीं है, बल्कि विद्यार्थियों में व्यावहारिक दक्षता विकसित कर उन्हें भविष्य की प्रतिस्पर्धी चुनौतियों के लिए तैयार करना भी है।

बदलने को परिवेश, एकेटीयू में किया गया पौधों का निवेश

● **एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान के तहत विश्वविद्यालय परिसर में हुआ वृहद पौधरोपण**

लखनऊ। डा. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में रविवार को एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महाअभियान के तहत वृदह स्तर पर पौधरोपण किया गया। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में विश्वविद्यालय के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने परिसर में पौधे लगाये।

कुलसचिव रीना सिंह एवं वित्त अधिकारी केशव सिंह के नेतृत्व में प्रशासनिक भवन के पास, कमल वाटिका, आवास के आसपास, पम्प हाउस के पास, पं अटल बिहारी बहुउदेश्यीय सभागार के पीछे, कैस के चारो ओर आम, अमरूद, आंवला, जामुन, चकरांदा सहित विभिन्न प्रकार के फलदार एवं छायादार फूलदार पौधे लगाये गये। इस दौरान एसो. डीन इनोवेशन डा. अनुज कुमार शर्मा, उपकुलसचिव डा. आयुष श्रीवास्तव, सहा कुलसचिव सुनील पाण्डेय, सहा. कुलसचिव सौरभ सिंह, सहा. कुलसचिव रंजीत सिंह, सहा. कुलसचिव डा. शिवम गुप्ता, व्यवस्थाधिकारी प्रवीण कुमार, रिसर्च इंजीनियर गौरव राय, सहा. पुस्तकालयाध्यक्ष डा. रामकुमार पाठक सहित अन्य लोगों ने पौधे लगाये।

वे जातिवाद से तोड़ेंगे, हम राष्ट्रवाद से जोड़ेंगे : रोहित

भाजापा युवा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने कार्यभार संभाला

लखनऊ। भारतीय जनता युवा मोर्चा के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष रोहित मिश्रा ने रविवार को प्रदेश कार्यालय में विधिवत कार्यभार ग्रहण किया। इससे पूर्व 1090 चौराहे से पार्टी मुख्यालय तक हजारों युवा मोर्चा कार्यकताओं और युवाओं के साथ जुलूस के रूप में पहुंचे। मार्ग में विभिन्न स्थानों पर कार्यकताओं एवं सामाजिक संगठनों ने पुष्पवर्षा कर उनका भव्य स्वागत और अभिनंदन किया। कार्यभार ग्रहण करने के उपरांत आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में प्रदेश भर से आए युवा कार्यकताओं को संबोधित किया। उन्होंने सपा व कांग्रेस पर हमला करते हुए कहा कि वे जातिवाद से तोड़ेंगे-हम राष्ट्रवाद से जोड़ेगे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में युवा मोर्चा का प्रत्येक कार्यकर्ता पूरी ऊर्जा और समर्पण के साथ मैदान में उतरेगा तथा भाजपा की प्रचंड विजय सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रांशुदत्त द्विवेदी ने कहा कि भारतीय जनता युवा मोर्चा केवल एक संगठन नहीं बल्कि राष्ट्र निर्माण का सशक्त माध्यम है। उन्होंने कहा कि

कार्यकताओं के अथक परिश्रम से युवा मोर्चा ने प्रदेश के प्रत्येक मंडल और बूथ तक अपनी मजबूत पहचान बनाई है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष श्री रोहित मिश्रा के नेतृत्व में युवा मोर्चा नई ऊंचाइयों को प्राप्त करेगा और संगठन को और अधिक सशक्त बनाएगा। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक युवा कार्यकर्ता राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करता है और प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी तथा मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश के विकास और सुशासन की उपलब्धियों को जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेगा। उन्होंने सभी युवाओं से संगठन की रीति-नीति के अनुरूप अनुशासन, समर्पण और सेवा भाव के साथ कार्य करने का आह्वान किया।

युवा मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री श्री सुभाष यदुवंश ने कहा कि विश्वास व्यक्त किया कि रोहित मिश्रा के नेतृत्व में युवा मोर्चा संगठनात्मक विस्तार, वैचारिक मजबूती और जनसंपर्क अभियान को नई गति देगा। उन्होंने कहा कि आज देश और प्रदेश में युवाओं के लिए जो अवसर उपलब्ध हैं, वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व का परिणाम हैं। उन्होंने कार्यकताओं से आह्वान किया कि वे सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं और विकास कार्यों को घर-घर तक पहुंचाएं तथा 2027 के विधानसभा चुनाव में भाजपा की ऐतिहासिक विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरी शक्ति और समर्पण के साथ कार्य करें।

खुन खुन जी गर्ल्स महाविद्यालय में लगाये फलदार पौधे

लखनऊ। खुन खुन जी गर्ल्स महाविद्यालय में प्राचार्या डॉ अंशु केडिया के मार्गदर्शन मे नोडल ऑफिसर डॉ स्नेह लता शिवहरे के द्वारा परिसर में नीम्बू, अमलतास, गुलमोहर एवं एवं अन्य छायादार तथा फलदार पौधों का रोपण किया गया। प्राचार्या महोदया ने अपने संबोधन में वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि वृक्ष पृथ्वी के प्राकृतिक संतुलन, स्वच्छ वायु, जल संरक्षण तथा जैव विविधता के संरक्षण के लिए अत्यंत आवश्यक हैं।

पीजीआई के दीक्षांत समारोह में मिलेंगी 279 डिग्रियां

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा होंगे मुख्य अतिथि

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। संजय गांधी पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज (एसजीपीजीआई) अपने 30वें दीक्षांत समारोह का आयोजन 14 जुलाई को पूरे उत्साह और गरिमा के साथ करने जा रहा है। इस प्रतिष्ठित समारोह में सुपर-स्पेशियलिटी चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान और स्वास्थ्य सेवाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों, शोधकर्ताओं और फैकल्टी सदस्यों को 279 डिग्रियां तथा 13 प्रतिष्ठित संस्थागत पुरस्कार प्रदान किए जाएंगे।

संस्थान के निदेशक पद्मश्री प्रो. राधा के. धीमन ने बताया कि इस वर्ष कुल 279 डिग्रियां प्रदान की जाएंगी, जिनमें 8 पीएचडी, 49 डीएम, 24 एमसीएच, 48 पीडीसीसी, 6 पीडीएएफ, 41 एमडी, 2 एमएस, 15 एमएससी (टेक्निकल), 50 बीएससी नर्सिंग, 30 बीएससी (टेक्निकल) तथा 6 मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन (एमएचए) शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह बैच संस्थान की शैक्षणिक उत्कृष्टता और सुपर-स्पेशियलिटी मेडिकल एजुकेशन, रिसर्च, नर्सिंग तथा एलाइड हेल्थ साइंसेज में उसकी मजबूत पहचान का प्रतीक है। संस्थान के निदेशक ने बताया कि दीक्षांत समारोह में पहली बार सर्वश्रेष्ठ फैकल्टी सदस्य को ह्यगवर्नर गोल्ड मेडल फॉर बेस्ट फैकल्टीह्व से सम्मानित किया जाएगा। वर्ष 2025-26 के लिए यह प्रतिष्ठित सम्मान नेफ्रोलॉजी विभाग के प्रो. एवं विभागाध्यक्ष प्रो. नारायण प्रसाद को चिकित्सा शिक्षा, अनुसंधान, मरीजों की उत्कृष्ट देखभाल तथा संस्थान के विकास में उल्लेखनीय योगदान के लिए प्रदान किया जाएगा।

समारोह की अध्यक्षता उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं संस्थान की कुलाध्यक्ष आनंदीबेन पटेल करेंगी, जबकि भारत सरकार के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा मुख्य अतिथि होंगे। समारोह में उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह तथा चिकित्सा शिक्षा विभाग के अपर मुख्य सचिव अमित कुमार घोष (आईएएस) भी विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। राज्यपाल आनंदीबेन पटेल स्नातक छात्रों की डिग्रियों को डिजीलॉकर से जोड़ने की प्रक्रिया का औपचारिक शुभारंभ करेंगी, जिससे विद्यार्थियों को सुरक्षित एवं प्रमाणिक डिजिटल डिग्रियों की सुविधा मिल सकेगी। इस अवसर पर संस्थान के फैकल्टी सदस्यों द्वारा लिखित दो महत्वपूर्ण चिकित्सा प्रकाशनों का विमोचन भी किया जाएगा।

सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत राज्यपाल बहराइच जिले के एचपीवी टीकाकरण प्रमाण-पत्र, आंगनवाड़ी कार्यकताओं को उपयोगी किट तथा प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षकों को पाठ्यपुस्तकें वितरित करेंगी। समारोह में एसजीपीजीआई की उपलब्धियों पर आधारित एक विशेष लघु डॉक्यूमेंट्री फिल्म का प्रथम प्रदर्शन भी किया जाएगा।

केजीएमयू का 22वां दीक्षांत समारोह आज, 20 मेधावी मिलेगा स्वर्ण पदक, कुल 1701 विद्यार्थियों को उपाधियां की जायेंगी प्रदान

लखनऊ। किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय (केजीएमयू) का 22वां दीक्षांत समारोह 13 जुलाई को अटल बिहारी वाजपेयी साइंटिफिक कन्वेंशन सेंटर में आयोजित किया जाएगा। समारोह की अध्यक्षता प्रदेश की राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय की कुलाधिपति आनंदीबेन पटेल करेंगी, जबकि रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह मुख्य अतिथि के रूप में दीक्षांत भाषण देंगे। उपमुख्यमंत्री एवं चिकित्सा शिक्षा मंत्री ब्रजेश पाठक, राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह सहित कई विशिष्ट अतिथि भी समारोह में शामिल होंगे। यह जानकारी शनिवार को आयोजित प्रेस वार्ता में केजीएमयू की कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने दी। कुलपति ने बताया कि दीक्षांत समारोह में कुल 1701 उपाधियां प्रदान की जायेंगी। जिनमें 515 डिग्री केजीएमयू कैंपस की व 1186 डिग्री केजीएमयू से संबद्ध कालेजों की हैं। दीक्षांत समारोह के दौरान पीएचडी के 11, डीएम के 38, एमसीएच 31, एमडी 18, एमएस 05, एमएचपीइ 09, एमफिल 01, एमएससी नर्सिंग 1 व बीएससी नर्सिंग की 99 डिग्री प्रदान की जायेगी। प्रो. सोनिया नित्यानंद ने बताया कि इस बार हीवेट गोल्ड मेडल और चांसलर गोल्ड मेडल समेत कुल 16 मेडल एमबीबीएस की छात्रा दीप्ति शर्मा को दिये जायेंगे। इस अवसर पर 20 कुल मेधावी छात्र-छात्राओं को विभिन्न स्वर्ण पदक और पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। दीक्षांत समारोह में नीति आयोग के सदस्य डॉ. एम. श्रीनिवास को चिकित्सा एवं स्वास्थ्य नीति के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए मानद डी.एससी. की उपाधि से सम्मानित किया जाएगा। इस बार एमबीबीएस की छात्रा दीप्ति शर्मा समारोह का सबसे बड़ा आकर्षण रहेंगी। उन्हें विश्वविद्यालय के दो सर्वोच्च सम्मान हीवेट गोल्ड मेडल और चांसलर गोल्ड मेडल सहित कुल 16 पदक एवं प्रमाणपत्र प्रदान किए जाएंगे। इसके अलावा एमबीबीएस, बीडीएस, डीएम, एमसीएच, नर्सिंग और अन्य पाठ्यक्रमों के मेधावी विद्यार्थियों को भी स्वर्ण पदकों से सम्मानित किया जाएगा। कुलपति ने बताया कि समारोह के दौरान कई नई स्वास्थ्य सेवाओं और जनहितकारी पहलों का भी शुभारंभ होगा। ट्रामा सेंटर में 24 घंटे निःशुल्क इलाज मरीजों का किया जाता है। एचआरएफ का 250 करोड़ का वार्षिक टर्नओवर है। 150 करोड़ के करीब आयुष्मान योजना के तहत मरीजों का इलाज होता है। इसके अलावा नई आथोर्पेडिक सुपरस्पेशिलिटी बिल्डिंग का निर्माण कार्य पूर्ण हुआ। इसके अलावा नया कार्डियोलोजी ब्लॉक 96 आईसीयू बेड का जिसमें दो कैथ लैब, बर्न यूनिट व टेलीमेडिसिन सेंटर का कार्य पूर्ण हुआ। कुलपति ने यह भी बताया कि केजीएमयू में 500 बेड का नया ट्रामा सेंटर निमार्णाधीन है।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे में एआई तकनीक का हुआ इस्तेमाल

- कल से 120 किमी/घंटा की रफ्तार के साथ मिलेगा विश्वस्तरीय सफर

लखनऊ। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे केवल तेज रफ्तार का मार्ग नहीं, बल्कि अत्याधुनिक तकनीक से निर्मित देश के सबसे आधुनिक एक्सप्रेसवे में से एक होगा। इसके निर्माण में पहली बार ऑटोमेटेड इंटेलिजेंस मशीन गाइडेड कंस्ट्रक्शन तकनीक का उपयोग किया गया है। अमेरिका और जर्मनी के बाद भारत में पहली बार सड़क निर्माण में इस तकनीक को अपनाया गया है। सोमवार को लोकार्पण के बाद मंगलवार सुबह 8 बजे से एक्सप्रेसवे आम जनता के लिए खोल दिया जाएगा।

राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के अनुसार, एआई तकनीक के माध्यम से निर्माण सामग्री का उपयोग तय मानकों के अनुसार स्वतः नियंत्रित होता है। यदि निर्माण के दौरान गुणवत्ता या मात्रा में कोई कमी आती है, तो मशीन तुरंत संकेत देने लगती है।

मशीन में पहले से निर्धारित मानकों का सॉफ्टवेयर फीड रहता है, जिससे निर्माण प्रक्रिया में मानवीय त्रुटि और छेड़छाड़ की संभावना लगभग समाप्त हो जाती है। एक्सप्रेसवे के 45 किलोमीटर लंबे ग्रीन फील्ड सेक्शन में एआई के साथ जीपीएस (ग्लोबल पोजिशनिंग सिस्टम) और थ्री-डी तकनीक का भी उपयोग किया गया है। इससे सड़क पूरी तरह समतल बनी है, जिससे वाहन संचालन अधिक सुरक्षित होगा और सड़क की आयु भी बढ़ेगी।

एनएचएआई के अधिकारियों ने निर्माण से पहले अमेरिका के लॉस एंजिलिस का दौरा कर वहां की आधुनिक सड़कों का अध्ययन किया था। इसके बाद अमेरिका की ट्रिंबल कंपनी के तकनीकी सहयोग से इस परियोजना में एआई तकनीक लागू की गई। दावा किया जा रहा है कि इस तकनीक से बनी सड़क पर करीब एक दशक तक छोटे-बड़े गड्ढे नहीं बनेंगे।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेसवे की कुल लंबाई 63 किलोमीटर है और इसका निर्माण दो चरणों में किया गया। पैकेज-1: कैप्टन मनोज पांडे सैनिक स्कूल से बनी तक 18 किलोमीटर एलिवेटेड रोड। पैकेज-2: बनी से कानपुर के आजाद चौक तक 45 किलोमीटर ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे। ग्रीन फील्ड सेक्शन का निर्माण अक्टूबर 2025 में पूरा हो गया था और उसे पूर्णता प्रमाणपत्र भी मिल गया था। हालांकि एलिवेटेड हिस्से के कार्य में देरी के कारण परियोजना का उद्घाटन टलता रहा। अब दोनों चरणों का निर्माण पूरा हो चुका है। जरगांव (किमी 51.600) और शिवपुर ग्रांट (किमी 60.300) पर विकसित किए गए सुविधा केंद्र पर भविष्य में ईंधन स्टेशन, फूड कोर्ट, शौचालय, पार्किंग, विश्राम स्थल और अन्य आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध होंगी।

एक्सप्रेसवे के निर्माण की जिम्मेदारी संभालने वाली कंपनी पीएनसी इंफ्राटेक अगले 15 वर्षों तक इसके रखरखाव की भी जिम्मेदार होगी। सड़क में कहीं भी तकनीकी खराबी या क्षति होने पर कंपनी को तत्काल मरम्मत करनी होगी। इसके लिए कंपनी का संचालन कार्यालय लखनऊ में ट्रॉमा सेंटर के आसपास स्थापित किया जाएगा।

हाईटेक निगरानी और आधुनिक सुविधाएं

यात्रियों की सुरक्षा और ट्रैफिक प्रबंधन के लिए एक्सप्रेसवे पर अत्याधुनिक तकनीकी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। **कंट्रोल रूम से सीधा संपर्क करने की सुविधा :** आधुनिक सीसीटीवी कैमरे, बनी और उन्नाव में अत्याधुनिक कंट्रोल सेंटर, 63 पैन-टिल्ट-जूम कैमरे, 21 इंटरचेंजेबल लेंस कैमरे, 16 वीडियो इमेज डिटेक्शन सिस्टम

यात्रियों को मिलेगा तेज, सुरक्षित और आरामदायक सफर

एक्सप्रेसवे के शुरू होने के बाद लखनऊ और कानपुर के बीच यात्रा का समय घटकर 35 से 45 मिनट रह जाएगा। इस मार्ग पर चार पहिया वाहनों की अधिकतम गति 120 किलोमीटर प्रति घंटा तथा भारी वाहनों के लिए 80 किलोमीटर प्रति घंटा निर्धारित की गई है। अत्याधुनिक निर्माण तकनीक, हाईटेक निगरानी प्रणाली और दीर्घकालिक रखरखाव व्यवस्था के कारण यह एक्सप्रेसवे देश के आधुनिक सड़क नेटवर्क का एक महत्वपूर्ण उदाहरण माना जा रहा है।

कुकरैल नदी के किनारे विकसित हो रहे रामानुज वन में पौधरोपण

लखनऊ। नगर निगम ने रविवार को कुकरैल नदी के किनारे सौमित्र वन के पीछे विकसित किए जा रहे रामानुज वन में वृहद पौधारोपण अभियान चलाया। इस दौरान 03 हेक्टेयर क्षेत्र में विभिन्न प्रजातियों के पौधों का रोपण किया गया। कार्यक्रम में महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त गौरव कुमार ने पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण, हरित विकास और स्वच्छ लखनऊ का संदेश दिया। उन्होंने नागरिकों से ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अभियान से जुड़कर अधिक से अधिक पौधे लगाने तथा उनके संरक्षण का संकल्प लेने की अपील की।

पौधारोपण कार्यक्रम के दौरान महापौर सुषमा खर्कवाल ने जामुन, नगर आयुक्त गौरव कुमार ने अर्जुन, कार्यकारिणी उपाध्यक्ष एवं पार्षद दल के उपनेता सुशील तिवारी 'पम्मी' ने चक्रेसिया, पार्षद हरीश चंद्र लोधी ने कचनार, जबकि अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद कुमार राव ने जामुन का पौधा रोपित किया।

इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने पौधारोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण और नियमित देखभाल का भी संकल्प लिया। महापौर सुषमा खर्कवाल ने कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का कार्यक्रम नहीं, बल्कि प्रकृति और आने वाली पीढ़ियों के प्रति हमारी जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि लगाए गए पौधों का संरक्षण सुनिश्चित किए बिना पर्यावरण संरक्षण का उद्देश्य पूरा नहीं हो सकता। नगर आयुक्त गौरव कुमार ने कहा कि नगर निगम हरित लखनऊ के निर्माण के लिए लगातार कार्य कर रहा है और नागरिकों की सक्रिय भागीदारी से इस अभियान को और मजबूत बनाया जाएगा।

जलभराव से परेशान लोगों ने मनाया 'कीचड़ महोत्सव'

नाराज अपार्टमेंट के लोगों का प्रशासन के खिलाफ अनोखा प्रदर्शन

लखनऊ। सड़क निर्माण में देरी और जलभराव की समस्या से परेशान जानकीपुरम सेक्टर-जे एक्सटेंशन (कुर्सी रोड) स्थित सरगम, स्मृति, सृष्टि, जनेश्वर और सुलभ अपार्टमेंट के निवासियों ने रविवार को अनोखे अंदाज में विरोध-प्रदर्शन किया। स्थानीय लोगों ने सर्विस रोड पर बने गहरे गड्ढों और कीचड़ के बीच बैठकर 'कीचड़ महोत्सव' मनाया और संबंधित विभागों की उदासीनता के खिलाफ आवाज बुलंद की।

प्रदर्शन में करीब दो दर्जन लोगों ने हिस्सा लिया। विरोध को प्रतीकात्मक और प्रभावी बनाने के लिए तीन प्रदर्शनकारी सीधे कीचड़ में बैठ गए और वहीं से नारेबाजी करते हुए नगर निगम, जल निगम और लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) के खिलाफ अपना रोष व्यक्त किया। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि लंबे समय से शिकायतें करने के बावजूद सड़क निर्माण और जलनिकासी की समस्या का स्थायी समाधान नहीं किया गया। स्थानीय निवासियों का कहना है कि बरसात के दिनों में सर्विस रोड पूरी तरह जलमग्न हो जाती है। सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों में पानी भर जाने से राहगीरों और वाहन चालकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। आए दिन दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती है और लोगों का आवागमन प्रभावित होता है। सरगम अपार्टमेंट आरडब्ल्यूए के पदाधिकारियों ने बताया कि कई बार संबंधित विभागों को लिखित शिकायतें और ज्ञापन दिए गए, लेकिन समस्या जस की तस बनी रही। ऐसे में प्रशासन का ध्यान आकर्षित करने के लिए व्यंग्यात्मक तरीके से 'कीचड़ महोत्सव' आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि नागरिकों को सुरक्षित सड़क और बेहतर जलनिकासी जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना संबंधित विभागों की जिम्मेदारी है, लेकिन लगातार लापरवाही बरती जा रही है। प्रदर्शनकारियों का दावा है कि विरोध-प्रदर्शन के दौरान ही प्रशासन हरकत में आया और सर्विस रोड पर मिट्टी एवं गिट्टी डालने का कार्य शुरू कर दिया गया। स्थानीय लोगों ने कहा कि यदि नागरिक संगठित होकर अपनी समस्याएं उठाते हैं तो प्रशासन को कार्रवाई के लिए मजबूर होना पड़ता है।

लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान में शुरू हुआ 'वृहद पौधरोपण महायज्ञ'

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के नेतृत्व में चल रहे 'वृहद वृक्षारोपण महायज्ञ' अभियान के अंतर्गत डॉ. राम मनोहर लोहिया आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ में 15,000 पौधों के रोपण का अभियान रविवार को शुरू किया गया। अभियान का शुभारंभ जुगौर ग्राम, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पीएचसी और आसपास के गांवों में लगभग 2,000 पौधे लगाकर किया गया। साथ ही संस्थान के अधिकारियों व कर्मचारियों ने अपने आवासों पर भी लगभग 2,000 पौधे रोपित किए। संस्थान के निदेशक प्रो. डा. सीएम सिंह के मार्गदर्शन में हुए इस कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. वंदना तिवारी, बायोकेमिस्ट्री विभाग और प्रो. विनीता शुक्ला, सामुदायिक चिकित्सा विभाग ने समन्वय किया। कार्यक्रम में नीलम, अपर निदेशक चिकित्सा शिक्षा मुख्य रूप से उपस्थित रहीं। संकाय सदस्यों, अधिकारियों, कर्मचारियों और स्थानीय ग्रामीणों ने बड़ी संख्या में भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया। वहीं संस्थान ने कहा कि यह अभियान हरित व स्वच्छ वातावरण बनाने के साथ ही समाज में पर्यावरण के प्रति जागरूकता बढ़ाने का प्रयास है।

बलरामपुर अस्पताल में 345 पौधरोपण शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा

लखनऊ। बलरामपुर चिकित्सालय में 345 पौधों का वृक्षारोपण किया गया। चिकित्सालय को आवंटित लक्ष्य को अधिकारियों व कर्मचारियों ने पूर्ण उत्साह के साथ शत-प्रतिशत पूरा किया। बताया गया कि प्रदेश में इस अभियान के तहत 35 करोड़ पौधे लगाने का लक्ष्य रखा गया है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव केके सिंह और विशिष्ट अतिथि डा. रेनू चौधरी, निदेशक पैरामेडिकल ने पौधारोपण कर अभियान का शुभारंभ किया। मुख्य अतिथि केके सिंह ने कहा कि 35 करोड़ पौधारोपण अभियान हरित उत्तर प्रदेश की दिशा में ऐतिहासिक पहल है। पौधे लगाना जितना जरूरी है, उनका संरक्षण उससे भी अधिक जरूरी है। डा. रेनू चौधरी ने कहा कि वृक्ष जीवन और स्वास्थ्य का आधार हैं। पौधारोपण के साथ नियमित देखभाल का संकल्प लेना चाहिए।

हरियाली से संवरेंगे परिसर और सेहत दोनों

लखनऊ। अटल बिहारी वाजपेई मेडिकल यूनिवर्सिटी में रविवार को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यूनिवर्सिटी परिसर में करीब एक हजार पौधे लगाए गए। अभियान का शुभारंभ प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने पौधे लगाकर किया। श्री पाठक ने लोगों से पौधे लगाने के साथ उनकी नियमित देखभाल करने का भी आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन के दौर में हरियाली का विस्तार बेहद जरूरी है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने कहा कि पेड़ वातावरण में ऑक्सीजन की मात्रा बढ़ाते हैं। कार्बन डाइऑक्साइड और अन्य हानिकारक गैसों को अवशोषित कर वायु को शुद्ध बनाते हैं। इससे गर्मी का प्रभाव कम होता है। जैव विविधता को भी संरक्षण मिलता है।

यूपी में 18 पीसीएस अधिकारियों के तबादले

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। उत्तर प्रदेश सरकार ने रविवार देर रात प्रशासनिक फेरबदल करते हुए 18 पीसीएस अधिकारियों का तबादला कर दिया। कार्मिक एवं नियुक्ति विभाग की ओर से जारी आदेश के अनुसार कई जिलों के उपजिलाधिकारियों (एसडीएम) का स्थानांतरण किया गया है। तबादला सूची में सात महिला पीसीएस अधिकारी भी शामिल हैं। जारी आदेश के मुताबिक सुरभि शर्मा को कानपुर देहात से बागपत, पुष्पेंद्र पटेल को गाजीपुर से अंबेडकरनगर, शुभम यादव को उन्नाव से बुलंदशहर, प्रतिभा मिश्रा को वाराणसी से कानपुर देहात, गोपाल शर्मा को मैनपुरी से बरेली तथा मिथलेश कुमार तिवारी को रायबरेली से मैनपुरी भेजा गया है। इसी तरह लवलीत कौर को हाथरस से ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण में ओएसडी, पुष्पनाथ चौधरी को अमरोहा से उन्नाव, देवेंद्र प्रताप सिंह को यूपीडा से झांसी, प्रज्ञा पाण्डेय को उन्नाव (हसनगंज) से बाराबंकी तथा अजेंद्र सिंह को कौशाम्बी से उन्नाव में एसडीएम बनाया गया है। इसके अलावा अभिनव यादव को सीतापुर की मिश्रिख तहसील से जालौन, आकांक्षा गौतम को सीतापुर से सोनभद्र तथा शिखा शुक्ला को सीतापुर से कानपुर नगर में उपजिलाधिकारी के पद पर तैनाती दी गई है। कार्मिक एवं नियुक्ति विभाग के प्रमुख सचिव एम. देवराज की ओर से जारी आदेश के अनुसार सभी अधिकारियों को तत्काल प्रभाव से नवीन तैनाती स्थल पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दिए गए हैं। सरकार ने स्पष्ट किया है कि यह तबादले प्रशासनिक आवश्यकताओं और कार्य व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से किए गए हैं।

कृषि विभाग ने चार करोड़ पौधे लगाकर पूरा किया अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। कृषि विभाग ने निर्धारित चार करोड़ पौधरोपण लक्ष्य की दिशा में चरणबद्ध अभियान सफलतापूर्वक संपन्न किया। विभाग ने प्रदेशभर में 73,759 चयनित स्थलों पर व्यापक पौधरोपण कराया और पर्यावरण संरक्षण के जन अभियान को नई गति दी।

अभियान के प्रथम चरण में 5 जून (विश्व पर्यावरण दिवस) पर लक्ष्य का लगभग 21 प्रतिशत यानी 84,13,175 पौधों का रोपण किया गया। इसके बाद 12 जुलाई को प्रदेश के सभी जनपदों में आयोजित बृहद वृक्षारोपण अभियान के दौरान शेष लक्ष्य की पूर्ति के लिए बड़े पैमाने पर पौधरोपण किया गया। कृषि विभाग ने प्रत्येक जनपद में नोडल अधिकारियों की नियुक्ति की, जिन्होंने स्थानीय प्रशासन और संबंधित विभागों के साथ समन्वय स्थापित कर अभियान को सफल बनाया। कृषि मंत्री ने नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, कुमारगंज (अयोध्या) में पौधरोपण कर अभियान में भागीदारी की। वहीं कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख ने हरदोई में विशेष सचिव ओ.पी. वर्मा के साथ पौधरोपण किया। प्रमुख सचिव कृषि रविंद्र ने सहारनपुर, कृषि निदेशक पंकज त्रिपाठी ने लखीमपुर खीरी तथा निदेशक सीमा, रहमानखेड़ा और रमेश कुमार मौर्य ने अपने-अपने संस्थानों में सहयोगियों के साथ पौधरोपण किया। मुख्यालय से नामित वरिष्ठ अधिकारियों ने भी अपने-अपने जनपदों में नोडल अधिकारी के रूप में अभियान की निगरानी की।

अभियान के दौरान कृषि विभाग के माध्यम से 30,22,471 से अधिक लाभार्थियों ने पौधरोपण किया। इनमें पीएम किसान के लाभार्थी, एफपीओ (किसान उत्पादक संगठन) और कृषि सखियां भी शामिल रहीं।

अभियान के अंतर्गत आम, अमरूद और जामुन जैसे फलदार पौधों के साथ-साथ सागौन, शीशम, नीम, महुआ, कंजी और गुलमोहर सहित विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए गए। इन पौधों की उपलब्धता वन विभाग की ओर से सुनिश्चित की गई।

भाषा विश्वविद्यालय में रोपे गये 1000 पौधे

लखनऊ। पर्यावरण संरक्षण और हरित धरा के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए ख्वाजा मोइनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'वृक्षारोपण महायज्ञ 2026' के तहत कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा के नेतृत्व में आयोजित इस महा-अभियान में विश्वविद्यालय परिसर और आसपास के क्षेत्रों को हरा-भरा बनाने के लिए व्यापक स्तर पर कार्य किया गया। सभी के सामूहिक श्रमदान से विश्वविद्यालय परिसर तथा आसपास के क्षेत्रों में लगभग 1000 पौधे रोपे गए। कुलपति प्रोफेसर अजय तनेजा ने सभी को संबोधित करते हुए कहा कि वृक्षारोपण केवल एक दिन का उत्सव नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के सुरक्षित भविष्य के लिए हमारा सामूहिक दायित्व है। आज ग्लोबल वार्मिंग और जलवायु परिवर्तन के दौर में पृथ्वी को बचाना सबसे बड़ी चुनौती है।

पुनर्वास विवि में लगाये गये 350 पौधे, पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

लखनऊ। डा. शकुन्तला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में रविवार को मेगा प्लांटेशन ड्राइव के तहत 350 पौधे रोपित किए गए। यह अभियान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री के आह्वान और विश्वविद्यालय के कुलपति आचार्य संजय सिंह के निर्देश पर आयोजित हुआ। विश्वविद्यालय की उद्यान विकास एवं सौंदर्यीकरण समिति और राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के सहयोग से विवि और आवासीय परिसर में पौधे लगाए गए। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के तहत विश्वविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी, आवासीय परिसर के बच्चे, एनएसएस स्वयंसेवक और एनसीसी कैडेट्स ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी ने पर्यावरण संरक्षण का संदेश देते हुए लगाए गए पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प भी लिया।

आयुर्वेदिक महाविद्यालय में रोपे गये पौधे

लखनऊ। राजकीय आयुर्वेदिक महाविद्यालय एवं चिकित्सालय टुडियागंज में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारंभ निदेशक आयुर्वेद नारायण दास ने किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्या प्रो. सुधा सिंह के निर्देशन और अस्पताल प्रभारी डॉक्टर धर्मेन्द्र के संचालन में लगभग 300 से अधिक विविध औषधीय मूल्य वाले पौधों का महाविद्यालय के चरक उद्यान एवं छात्रावास परिसर मे रोपण किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी शिक्षक, चिकित्साधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा अशवगंधा, अमलतास, अर्जुन, अनार शतावरी, तुलसी, भूम्यामलकी, सागौन, जामुन, निगुर्णी, गिलोय हल्दी, अमरूद, शीशम अशोक आदि के पौधों का विविध औषधीय प्रयोग होने के कारण आयुर्वेदिक महाविद्यालय परिसर में विशेष रूप से रोपण किया गया।

पुलिस की विश्वनीयता हमेशा रहेगी : राजेन्द्र कुमार

अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन द्वारा पुलिस की विश्वसनीयता पर सेमिनार आयोजित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में पुलिस को जनसुलभ और लोकप्रिय कैसे बनाया जाए विषय पर एक महत्वपूर्ण सेमिनार का आयोजन होटल मेजबान लाटूश रोड कैसरबाग में किया गया। अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन और राष्ट्रीय अपराध रोकथाम परिषद के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित इस कार्यक्रम में पुलिस और जनता के बीच के संबंधों को सुधारने के तरीकों पर चर्चा हुई। सेमिनार में कई गणमान्य अतिथि, पत्रकार , वकील, वरिष्ठ नागरिक आदि शामिल हुए।

सेमिनार में रिटायर्ड हाई कोर्ट जज राजेन्द्र कुमार ने कहा कि पुलिस विश्वनीयता हमेशा बनी रही है और हमेशा बनी रहेगी। कुछ ऐसे कारणों से जनता को लगने लगा है कि पुलिस में विश्वनीयता नहीं रही है। कुछ जनता की अपेक्षाएं बढ़ गयी जिससे लगता है कि पुलिस हमारी अपेक्षाओं पर खरी नही उतरती है।

- सेमिनार में मुख्य अतिथियों, पत्रकारों, वकीलों व विशेषज्ञों ने किया मंथन

पुलिस पर आरोप लगाने से पहले हमें अपने चरित्र पर झंकना चाहिए। पुलिस के अपने कार्य है। आज पुलिस पर राजनैतिक हस्तक्षेप इतना बढ़ गया है। पुलिस का इन्वेस्टिगेशन है पुलिस का मेन काम सिपाही व दरोगा पड़ता है एसपी , डीआईजी सिर्फ सुपरवाइजरी अथॉरिटी है। वह सिर्फ आप की एप्लीकेशन पर मार्क कर देते हैं। अगर दरोगा थोड़ा सा सेंसेटिव हो जाए तो जनता को ज्यादा लाभ मिलता है।

इस सेमिनार पर प्रकाश डालते हुए पूर्व डीजीपी सूर्य कुमार शुक्ला व पूर्व आईजी राजीव मेहरोत्रा ने कहा कि एकमात्र उद्देश्य पुलिस को जनसुलभ और लोकप्रिय बनाना है ताकि आम जनता पुलिस पर भरोसा कर सके और अपराधियों में कानून का डर कायम रहे। इस आयोजन को सफल बनाने में अखिल भारतीय पत्रकार एसोशिएशन व अपराध रोकथाम परिषद ,भारतीय खेल एवं शिक्षा परिषद और ऑल इण्डिया ड्रिपबॉल एसोसिएशन का विशेष सहयोग रहा। इससे पूर्व कार्यक्रम प्रारम्भ होने से पूर्व सेमिनार में आये हुए अतिथियों ने भारत माता के चित्र पर फूल माला चढ़ाये। उसके उपरान्त अतिथियों व अखिल भारतीय पत्रकार एसोशिएशन के पदाधिकारियों को अंग वस्त्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। सेमिनार में वक्ताओं ने एक स्वर में कहा कि पुलिस का काम केवल कानून लागू करना नहीं, बल्कि जनता का विश्वास जीतना भी है।

इस दौरान अखिल भारतीय पत्रकार एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीरेन्द्र मिश्र ने पत्रकारिता पर भी जोर देते हुए कहा कि पत्रकारिता दर्पण की भांति निष्पक्ष तथा सिंह समान निर्भीक होनी चाहिए। पूर्व डीजी श्री सूर्य प्रकाश शुक्ला और पूर्व आईजी श्री राजीव मल्होत्रा। रिटायर्ड हाई कोर्ट जज राजेन्द्र प्रसाद, वरिष्ठ पत्रकार संजय तिपाठी समेत तमाम पत्रकार, वकील व राष्ट्रीय अपराध रोकथाम परिषद राष्ट्रीय अध्यक्ष से डा. अरविन्द चित्तौड़िया (राष्ट्रीय चेयरमैन), नीलेश अवस्थी (सचिव), और शशिकांत शाही (एडवोकेट, भारत सरकार, इसके अलावा अंतरराष्ट्रीय हिंदू परिषद के अनिल सिंह और महामंडलेश्वर गुरु प्रकाश जोशी भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाते दिखे।

सेमिनार कार्यक्रम में वरिष्ठ पत्रकार संजय त्रिपाठी, मो० सईद ताजू, जुनैद पठान , मो० सैफ समेत शहर व गैर जनपद के तमाम पत्रकारो के साथ एडवोकेट अजय श्रीवास्तव अज्जू, आलोक भटनागर तमाम वकील व नागरिक रहे।

अखिल भारतीय पत्रकार एसोशिएशन के प्रदेश महासचिव संजय सक्सेना , प्रवक्ता व प्रदेश उपाध्यक्ष एल एम गौतम,जिला अध्यक्ष जितेश श्रीवास्तव, प्रशासनिक महासचिव जितेन्द्र शर्मा, कार्यवाहक अध्यक्ष विजेन्द्र शर्मा, दीपक मिश्रा, उपाध्यक्ष अम्बिका मिश्रा, हरि शंकर मिश्रा, नामामी शंकर, सचिव अजय मिश्रा समेत तमाम पदाधिकारी उपस्थित रहे।

महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

नौ साइबर जालसाज चढ़े पुलिस के हत्थे

हजारों रुपये, 50 एटीएम, दो पासबुक, तीन चेकबुक, टैबलेट, आईपैड, कार व बाइक बरामद

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। क्राइम ब्रांच और मड़ियांव पुलिस ने साइबर ठगों को म्यूल अकाउंट देने वाले गिरोह के 9 लोगों को रविवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके कब्जे से 53,100 रुपए, 50 एटीएम/क्रेडिट कार्ड, दो पासबुक, तीन चेकबुक, एक टैबलेट, एक आईपैड, एक कार और एक बाइक बरामद किया है। आरोपी यूएसडीटी के जरिए रुपए को चीनी ठगों को पहुंचाते थे। से लोग डार्क नेट के संपर्क में थे। डीसीपी नॉर्थ गोपाल कृष्ण चौधरी ने बताया कि क्राइम ब्रांच टीम को जेएमआईएस समन्वय पोर्टल से संदिग्ध म्यूल अकाउंट की जानकारी मिली थी। सत्यापन के दौरान केशव नगर मोड़ के पास मोहम्मद शाहरूख को पकड़ा गया।

पूछताछ में उसने अपना बैंक खाता साइबर ठगी के लिए उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की और आईआईएम रोड पर मौजूद अपने साथियों की जानकारी दी। इसके बाद क्राइम ब्रांच, डीसीपी उत्तरी और मड़ियांव पुलिस की संयुक्त टीम ने आईआईएम रोड सर्विस लेन पर दबिश देकर 9 आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

आरोपियों में जानकीपुरम निवासी मोहम्मद शाहरूख (20), महफूज खान (19), भंईन देवी मंदिर गुडंबा निवासी सैय्यद अब्दुल्ला (22), मोहिबुल्लापुर मड़ियांव निवासी मोहम्मद बसर (21), आईआईएम रोड मड़ियांव निवासी मोहम्मद रूबान (21), लालबाग हजरतगंज निवासी शाबिर (27), सिकंदर (21), नजरबाग हुसैनगंज निवासी फरहान (26), तुफैल (24) के रूप में हुई। पकड़े गए आरोपियों में सैय्यद अबदुल्ला एलएलबी की पढ़ाई कर रहा है, शाबिर नीट की तैयारी वहीं सिकंदर, फरहान और तुफैल छात्र शामिल हैं। इसमें शाहरूख फर्नीचर का काम, महफूज और मोहम्मद बसर डिलीवरी ब्वाय और रूबान पेंटर है।

जांच में सामने आया कि आरोपी आर्थिक रूप से कमजोर और भोले-भाले लोगों को पैसों का लालच देकर उनके नाम से बैंक खाते खुलवाते थे। बाद में उनसे एटीएम कार्ड, पासबुक, चेकबुक, मोबाइल नंबर, इंटरनेट बैंकिंग आईडी, पासवर्ड और ओटीपी अपने कब्जे में ले लेते थे। उन खातों का इस्तेमाल म्यूल अकाउंट के रूप में किया जाता था। साइबर ठगी से आने वाली रकम इन्हीं खातों में जमा होती थी, जिसे आरोपी एटीएम से निकाल लेते थे या आगे दूसरे खातों में ट्रांसफर कर देते थे।

यूएसडीटी में बदलकर विदेश भेजते थे रकम : आरोपितों ने पूछताछ में बताया और डिजिटल साक्ष्यों से खुलासा हुआ कि ठगी की रकम को वे लोग यूएसडीटी (क्रिप्टोकरेंसी) में बदलकर विदेशी साइबर अपराधियों के डिजिटल वॉलेट में भेजा जाता था। इसके बदले गिरोह के सदस्यों को हर ट्रांजैक्शन पर कमीशन मिलता था। आरोपी टेलीग्राम समेत अन्य डिजिटल प्लेटफॉर्म के जरिए विदेशी साइबर अपराधियों के संपर्क में रहते थे और बैंक खातों व ट्रांजैक्शन की जानकारी साझा करते थे। आजम और अब्दुल के जरिए जुड़े थे नेटवर्क से : पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि वे आजम और अब्दुल नामक व्यक्तियों के जरिए इस नेटवर्क से जुड़े थे। इनके निर्देश पर अलग-अलग जिलों में बैंक खाते खुलवाए जाते थे और ठगी की रकम निकालने या उसे यूएसडीटी में बदलकर विदेश व विशेषकर चीनी साइबर अपराधियों तक पहुंचाता था। इसके लिए उन्हें कमीशन मिलता था।

वाराणसी से लखनऊ लायी गयीं 20 लड़कियां बरामद

- नौकरी का झांसा देकर 30-30 हजार रुपए जमा कराये ट्रेनिंग के लिए

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। नौकरी दिलाने का झांसा देकर युवाओं से 30 से 35 हजार रुपए वसूलने और उन्हें मल्टी लेवल मार्केटिंग के जरिए नए लोगों को जोड़ने के लिए मजबूर करने वाले गिरोह का वाराणसी पुलिस ने भंडाफोड़ किया है। गिरोह ने 20 लड़कियों को छिपाकर शनिवार रात लखनऊ के गुडम्बा थाना क्षेत्र स्थित हास्टल में रखा था, जहां से उन्हें पुलिस ने सुरक्षित बरामद किया।

इस दौरान लखनऊ पुलिस को सूचना मिल गई। सूचना पर पुलिस ने लड़कियों को छुड़ाकर उनके घरवालों को रविवार को सौंप दिया। वाराणसी की साइबर क्राइम पुलिस और रोहनिया थाना पुलिस की संयुक्त कार्रवाई में 19 लोगों को गिरफ्तार किया गया। मौके पर 200 युवक-युवतियां ट्रेनिंग लेते मिले, जिनमें उत्तर प्रदेश के साथ बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश रहने वाले हैं।

जॉइनिंग किट के लिए लेते थे 30 हजार : छापे के दौरान पहली मंजिल पर करीब 200 लोग ट्रेनिंग ले रहे थे, जबकि 19 लोग पूरे कार्यक्रम का संचालन कर रहे थे। पुलिस को देखकर संचालक भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर सभी को पकड़ लिया गया। पूछताछ में चार युवकों ने पुलिस को बताया कि उनसे ऑफिस, कृषि कार्य और टाटा कंपनी समेत विभिन्न कंपनियों में 25 हजार रुपए मासिक वेतन वाली नौकरी दिलाने का वादा किया गया था। इसके लिए पहले 30 से 32 हजार रुपए जमा कराए गए।

ब्रेनवॉश कर बनाते थे पिरामिड चेन : मुख्य आरोपी दीपक कुमार शाह ने पूछताछ में बताया कि उसने महादेव इंटरप्राइजेज के माध्यम से एक डायरेक्ट मार्केटिंग कंपनी की फ्रेंचाइजी ली थी।

कई राज्यों के युवक बने शिकार : पुलिस के अनुसार ट्रेनिंग सेंटर में मौजूद अधिकांश युवक बिहार, झारखंड, मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश के अलग-अलग जिलों से बुलाए गए थे। सभी को अच्छी नौकरी और अच्छी सैलरी का लालच देकर वाराणसी लाया गया था।

छापे के बाद लड़कियां को पहुंचाया था लखनऊ : वाराणसी में ऑफिस में छापा पड़ने के बाद 20 लड़कियों को चुपचाप निकालकर शनिवार देर रात लखनऊ पहुंचा दिया गया। यहां उनको गुडंबा थाना क्षेत्र के बेहटा इलाके में एक हॉस्टल में लाकर रखा गया। सुबह के समय एक लड़की ने अपने परिजनों को सुरक्षित महसूस करते हुए मैसेज कर दिया। उनके लखनऊ में रहने वाले लोकल गार्जियन मौके पर पुलिस लेकर पहुंच गए। इसके बाद पूरे मामले का खुलासा हुआ। मामले में पुलिस का कहना है बनारस से जुड़ा होने का मामला है जिसके चलते लड़कियों को उनके परिजनों को सुपुर्द कर दिया जाएगा।

एसीपी अतुल पांडेय ने बताया कि लड़कियां नेटवर्क मार्केटिंग वालों ने लड़कियों का माइंडवाश कर रखा था। जांच में उनकी कोई भी गलती नहीं पाई गई। सभी लड़कियां बालिग हैं, परिजनों को सूचना दी गई है।

टाइल्स से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार को टाइल्स से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 289.800 पर मेहंदी नगर अंडरपास के पास हुआ। दुर्घटना में ट्रक चालक सुरक्षित बच गया और उसे मामूली चोटें आईं। पुलिस को सूचना मिलते ही उप निरीक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि ट्रक राजस्थान से टाइल्स लादकर बिहार जा रहा था। मेहंदी नगर अंडरपास के पास अचानक असंतुलित होकर ट्रक सड़क पर पलट गया। हादसे में जोधपुर (राजस्थान) निवासी चालक राजाराम को केवल हल्की खरोंचें आईं। चालक ने मौके पर ही प्राथमिक उपचार कराया और उसकी हालत सामान्य बताई गई है।

पति के साथ जा रही महिला से छेड़छाड़

लखनऊ। गोमती नगर में पति के साथ चारबाग जा रही महिला से तीन युवकों ने छींटाकशी करते हुए छेड़छाड़ की। विरोध करने पर आरोपियों ने मारपीट की और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। इस मामले में महिला ने गोमती नगर थाने में तीन युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। बदायूं निवासी महिला के मुताबिक वह परिजनों के साथ गोमती नगर के विराम खंड में रहती हैं। उन्होंने बताया कि शनिवार सुबह 11 बजे वह पति के साथ गोमती नगर ग्वारी से चारबाग की ओर जा रही थीं। आरोप है कि उसी ओर से निकले तीन युवकों ने उनसे अश्लील इशारे किए। साथ ही छेड़छाड़ करने पर उतारू हो गए। पीड़िता ने गोमती नगर थाने में छेड़छाड़ समेत अन्य धाराओं में एक आरोपी नामजद श्रीराम और दो अन्य अज्ञात पर मुकदमा दर्ज कराया है।

फर्जी व्हाट्सएप आईडी बनाकर ठगी

लखनऊ। साइबर ठगों ने पुलिस के वरिष्ठ अधिकारी का नाम इस्तेमाल कर राजधानी में 1.58 लाख रुपये की ठगी की। ठगों ने आईजी के नाम से फर्जी व्हाट्सएप प्रोफाइल बनाई और खुद को उनका करीबी बताकर हाउस अप्लायंसेज बेचने के नाम पर पीड़ित से कई बार में रकम ट्रांसफर करा ली। उनकी शिकायत पर महानगर पुलिस ने मुकदमा दर्ज करके जांच शुरू कर दी है।

जमीन विवाद में 7 घायल

लखनऊ। इटौंजा क्षेत्र के नौरंगपुर गांव में रविवार को दो पक्षों के बीच जमीन विवाद को लेकर खूनी संघर्ष हो गया। विवादित जमीन पर मवेशी बांधने को लेकर हुए झगड़े में दोनों पक्षों की ओर से कुल्हाड़ी, बांका और लाठी-डंडे चले, जिसमें दो महिलाओं समेत सात लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार गांव की विवादित जमीन का मामला न्यायालय में विचाराधीन है। बावजूद इसके दूसरा पक्ष वहां मवेशी बांध रहा था। इसका विरोध करने पर दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए और देखते ही देखते मारपीट शुरू हो गई। पहले पक्ष से घायल सुरेश ने बताया कि हमले में उनके बेटे अंकित और आकाश को भी चोटें आई हैं। दूसरे पक्ष से गंभीर रूप से घायल सुदामा की बड़ी बहू के अनुसार इस हमले में संतोष और ममता भी घायल हुई हैं। घटना के बाद गंभीर रूप से घायल सुरेश और सुदामा को राम सागर मिश्र अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया।

मां की डांट से आहत किशोरी ने दी जान

लखनऊ। गोसाईंगंज के अमेठी कस्बे के कटरा मोहल्ले में एक किशोरी ने मां की डांट से दुखी होकर कीट नाशक दवा पी ली। हालत बिगड़ी तो परिजन इलाज के लिए सिविल अस्पताल ले गए जहाँ इलाज के3 दौरान मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज स्थित अमेठी कटरा की रहने वाली नैना (16) के पिता पुतान सिंह सब्जी बेचने का काम करते है। उन्होंने बताया कि शनिवार देर शाम उनकी बेटी नैना की अपनी बड़ी बहन अनु से किसी बात को लेकर लड़ाई झगड़ा हो गया। उसके बाद मां सीमा ने नैना को डांट दिया। जिससे आहत होकर उसने घर में रखा कीटनाशक पी लिया।

टाइल्स से लदा ट्रक अनियंत्रित होकर पलटा

लखनऊ। काकोरी थाना क्षेत्र में आगरा-लखनऊ एक्सप्रेसवे पर रविवार को टाइल्स से लदा एक ट्रक अनियंत्रित होकर पलट गया। यह हादसा एक्सप्रेसवे के किलोमीटर 289.800 पर मेहंदी नगर अंडरपास के पास हुआ। दुर्घटना में ट्रक चालक सुरक्षित बच गया और उसे मामूली चोटें आईं। पुलिस को सूचना मिलते ही उप निरीक्षक अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे। जांच में सामने आया कि ट्रक राजस्थान से टाइल्स लादकर बिहार जा रहा था। मेहंदी नगर अंडरपास के पास अचानक असंतुलित होकर ट्रक सड़क पर पलट गया। हादसे में जोधपुर (राजस्थान) निवासी चालक राजाराम को केवल हल्की खरोंचें आईं। चालक ने मौके पर ही प्राथमिक उपचार कराया और उसकी हालत सामान्य बताई गई है।

सूचना

सूचित हो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम जोरेय दर्ज है जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम जोया (JOYA) दर्ज है। मेरी पुत्री के आधार कार्ड में भी जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **गुड्डू पुत्र शमसुद्दीन नि.-2/92, प्रयाग नारायण मार्ग, हजरतगंज, जी.पी.ओ. लखनऊ।**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पुत्र के आधार कार्ड में त्रुटिवश उसका नाम सादाफ दर्ज है जबकि उसके जन्म प्रमाण पत्र में उसका सही नाम शादाब (SHADAB) दर्ज है। मेरे पुत्र के आधार कार्ड में भी जन्म प्रमाण पत्र के अनुसार उसका सही नाम ही दर्ज किया जाये। **गुड्डू पुत्र शमसुद्दीन नि.- 2/92, प्रयाग नारायण मार्ग, हजरतगंज, जी.पी.ओ. लखनऊ।**

कार की टक्कर से आरपीएफ सिपाही घायल

लखनऊ। आलमबाग कोतवाली इलाके मे सप्ताह भर पूर्व एक अज्ञात कार की टक्कर से आरपीएफ कॉन्स्टेबल चोटिल हो गया। पीडित ने उपचार उपरांत आलमबाग कोतवाली मे पुलिस से लिखित शिकायत की है। आलमबाग कोतवाली प्रभारी बृजेश सिंह ने बताया मूल रूप से भिवानी हरियाणा के भिताथल निवासी अमित पुत्र नफे सिंह के अनुसार वह आरपीएफ में कॉन्स्टेबल के पद पर लोकोशाप लखनऊ में तैनात हैं। बीते 29 जून की रात करीब 11:30 बजे वह शिफ्ट ड्यूटी के बाद स्टाफ की बीट चेक कराकर घर लौट रहे थे। इसी दौरान लोकोशाप वर्कशाप रोड पर किसी अज्ञात चार पहिया वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मारकर घायल कर दिया और फरार हो गया।

जज की कार को थार ने मारी टक्कर, ट्रैफिक सिपाही को कुचलने का प्रयास

लखनऊ। गोमतीनगर क्षेत्र में अपर प्रधान न्यायाधीश की कार में तेज रफ्तार थार ने टक्कर मारी। इस दौरान ट्रैफिक सिपाही ने रोकने की कोशिश की तो थार सवार ने उस पर भी गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और मौके से फरार हो गया। आरोपी के खिलाफ पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

बाराबंकी देवा रोड स्थित अभय नगर निवासी चालक संतोष गुप्ता ने बताया कि वह अपर प्रधान न्यायाधीश श्रीकृष्ण कुमार की मारुति अर्टिगा चलाते हैं। बीती 10 जुलाई की शाम करीब 6:45 बजे वह अपर प्रधान न्यायाधीश श्रीकृष्ण कुमार, उनकी पत्नी और बच्चों को मारुति अर्टिगा से कैसरबाग से बाराबंकी लेकर जा रहे थे।

फन मॉल से आगे लोहिया चौराहे पर पहुंचते ही रेड लाइट हो गई, जिस पर चालक ने कार रोक दी। उसी दौरान पीछे से आई तेज रफ्तार थार ने अर्टिगा में टक्कर मार दी, जिससे कार क्षतिग्रस्त हो गई। टक्कर लगते ही चालक कार से नीचे उतरा और गाड़ी को देखने लगा। इस दौरान न्यायाधीश और उनकी पत्नी ने चौराहे पर खड़े ट्रैफिक सिपाही को बुलाया। जब ट्रैफिक सिपाही ने थार सवार को रोकने का प्रयास किया तो आरोपी ने थार से सिपाही को कुचलने का प्रयास किया और मौके से फरार हो गया।

ढाबा में घुसे चोर निकाल ले गये 5.75 लाख रुपये

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में शुक्रवार रात श्री बालाजी ढाबा में चोरी हो गयी। चोर दीवार फांदकर घुसे और 5.75 लाख रुपये चोरी कर ले गए। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गयी है। पुलिस ने फुटेज को अपने कब्जे में लेकर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। ढाबा संचालक ने तहरीर देने के बाद कार्रवाई की बात कही है। तालकटोरा थानान्तर्गत राजाजीपुरम निवासी शैलेश यादव कानपुर रोड स्थित पुरानी चुंगी के पास श्री बालाजी ढाबा चलाते हैं।

उन्होंने बताया कि शुक्रवार रात वह ढाबा बंद कर घर चले गए थे। शनिवार सुबह कर्मचारी ढाबा खोलने पहुंचे तो गल्ले से 5 लाख 75 हजार रुपये गायब मिले। इसके बाद सीसीटीवी फुटेज खंगाली गई, युवक दीवार फांदकर ढाबे के अंदर घुसता दिखाई दिया। फुटेज में वह गल्ले से नकदी निकालकर रास्ते से फरार होता नजर आया। घटना की जानकारी मिलते ही सरोजनीनगर पुलिस सीसीटीवी फुटेज अपने कब्जे में ले लिया।

दहेज उत्पीड़न, मारपीट व निजता भंग मामले में कार्रवाई की मांग

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में दहेज उत्पीड़न, मारपीट और निजता भंग के एक गंभीर मामले में पीड़िता ने अपने पति समेत चार ससुराल वालों के खिलाफ पुलिस से कार्रवाई की मांग की है। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद से ही कम दहेज को लेकर उसे प्रताड़ित किया गया। गर्भावस्था के दौरान मारपीट की गई स्त्रीधन छीन लिया गया और मोबाइल फोन हैक कर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट भी बनाए गए। पीड़िता अर्पणा त्रिवेदी के अनुसार उनका विवाह 28 नवंबर 2021 को भारतीय वायुसेना में कार्यरत गौरव शुक्ला से हुआ था। आरोप है कि शादी के कुछ दिन बाद ही पति, सास, ससुर और ननद ने कम दहेज लाने का ताना देना शुरू कर दिया।

अर्पणा ने तहरीर में बताया कि पति की जम्मू में तैनाती के दौरान बेडरूम और बाथरूम में कथित रूप से गुप्त कैमरे लगवाए गए। इसके बाद नासिक में उनके मोबाइल को हैक कर फर्जी सोशल मीडिया अकाउंट बनाए गए और उनकी निजी जिंदगी पर अवैध निगरानी की गई। पीड़िता ने बताया कि 29 अगस्त 2025 को गर्भावस्था के दौरान ससुराल पक्ष ने उनका स्त्रीधन जेवर और अन्य सामान रख लिया और उन्हें मायके भेज दिया। इसके बाद 21 जनवरी 2026 को पति लखनऊ स्थित मायके पहुंचा और वहां मारपीट की। आरोप है कि इस दौरान मोबाइल छीनने की कोशिश की गई और उन्हें तथा गर्भस्थ शिशु को जान से मारने की धमकी भी दी गई। शोर सुनकर भाई मौके पर पहुंचा तब मामला शांत हुआ। पीड़िता ने इसकी शिकायत सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस से की है। जिसपर पुलिस मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई कर रही है।

राजेश्वर सिंह ने मेधावियों को किया सम्मानित

लखनऊ। एसकेडी एकेडमी ने वृन्दावन परिसर में सभी शाखाओं के वर्ष 2026 की बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित एवं पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ सरोजिनी नगर के विधायक डा. राजेश्वर सिंह ने किया। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन एसकेडी सिंह, निदेशक मनीष सिंह तथा निर्देशिका निशा सिंह ने अतिथियों का स्वागत किया। आईसीएसई बोर्ड परीक्षा में सूर्यांश अवस्थी ने 99.20% अंक प्राप्त कर अभा स्तर पर चौथा स्थान प्राप्त किया। आईएससी बोर्ड परीक्षा में सुहानी शाक्य ने 98.25% तथा निष्कर्ष त्रिपाठी ने 98.00% अंक अर्जित कर आठवाँ एवं नौवाँ स्थान प्राप्त किया। यूपी बोर्ड इंटर परीक्षा में सुभान अली ने 95.0% अंक प्राप्त कर लखनऊ टॉपर बने, जबकि हाईस्कूल में गौरव सिंह ने 91.33% अंक प्राप्त कर अपनी शाखा में प्रथम स्थान प्राप्त किया। सीबीएसई कक्षा 12वीं में अनामिका यादव एवं मुदित सिंह ने 96.8%, उन्नति तिवारी ने 95.80% तथा एम.डी. मुबतादिर राना ने 93.20% अंक प्राप्त कर अपनी शाखाओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त किया। वहीं सीबीएसई कक्षा 10वीं में यथार्थ ने 98.60%, विनायक मिश्रा ने 97.80% तथा रोहन ने 97.00% अंक प्राप्त कर अपनी शाखाओं के टॉपर बनने का गौरव प्राप्त किया।

दुष्कर्म का आरोपी गिरफ्तार

लखनऊ। सरोजनीनगर क्षेत्र में पुलिस ने किशोरी को बहला-फुसला कर भगा ले जाने और दुष्कर्म करने के आरोपी विनीत को गिरफ्तार कर लिया है। किशोरी जून में गायब हुई थी, जिसका रिश्ता आरोपी से था। जांच में पता चला है कि आरोपी ने उसे एक कालोनी में रखकर कई दिनों तक दुष्कर्म किया। इंस्पेक्टर राजदेव राम प्रजापति ने बताया कि बीती 27 जून को महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी बेटी को अभिषेक नामक युवक भाग ले गया है। जांच में भीखा पुरवा निवासी विनीत का नाम सामने आया। पता चला कि विनीत पीड़िता का रिश्तेदार है और वही उसे बहला-फुसलाकर भगा ले गया।

सिलिंडरों से लदा डीसीएम बाइक को टक्कर मारने के बाद दो किमी तक घसीटता रहा

लखनऊ। सरोजनीनगर थाना क्षेत्र में शनिवार रात बड़ा हादसा होते होते बच गया। हुआ यह कि सीएनजी गैस सिलेंडरों से लदा एक तेज रफ्तार डीसीएम बाइक को टक्कर मारने के बाद दो किमी तक घसीटता रहा। इस दौरान बाइक सड़क पर घिसटती रही और उससे चिंगारियां निकलती रहीं।

खतरे की संभावना को देखते हुए ट्रैफिक पुलिस ने डीसीएम का पीछा कर दरोगा खेड़ा के आगे रुकवाकर डीसीएम चालक को डीसीएम सहित सरोजनी नगर पुलिस के हवाले कर दिया। बंथरा थाना क्षेत्र के सैदपुर पुरही निवासी शिवांश मिश्रा के मुताबिक वह हजरतगंज स्थित एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं। शनिवार रात वह ड्यूटी से लौट रहे थे तभी सरोजनीनगर में कानपुर रोड स्थित स्कूटर इंडिया चौराहे के पास पानी पीने के लिए रुके। इसी दौरान पीछे से आ रहे डीसीएम (यूपी-32 टीएन 9240) ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

संविदाकर्मी कम होने से कार्य का बोझ ज्यादा, हो रही हैं दुर्घटनाएं

- विद्युत मजदूर संगठन ने लखनऊ में किया बैठक

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। विद्युत मजदूर संगठन उत्तर प्रदेश केंद्रीय कार्यकारिणी की बैठक लखनऊ में संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता संगठन के अध्यक्ष विमलचंद पांडे ने की। संगठन के महामंत्री श्रीचन्द्र ने कहा की लंबे वर्षों से कार्यकारी सहायक- टीजी 2 एवं समकक्ष की वेतन विसंगति अभी तक दूर नहीं की गई, और न ही समय से पदोन्नतियां की जा रही है, बल्कि स्थानांतरण नीति के विपरीत कर्मचारियों के स्थानांतरण जिलों से बाहर किए गए हैं तथा वर्टिकल व्यवस्था के नाम पर कार्मिकों के बड़े पैमाने पर पदों की कटौती की गई तथा हजारों संविदा कर्मियों को नौकरी से निकाल दिया गया जिसकी वजह से बिजली व्यवस्था सुचारू रूप से चलाने में काफी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है, जिसके कारण आए दिन उपभोक्ताओं के द्वारा कर्मचारियों के साथ मारपीट जैसी वारदातें हो रही है।

पावर कॉरपोरेशन द्वारा मृतक आश्रित के अंतर्गत चतुर्थ श्रेणी के पद पर सेवायोजन समाप्त कर दिया गया है जबकि आज भी ऐसे कर्मचारी हैं जिनके बच्चे अथवा पत्नी स्नातक नहीं है जिसकी वजह उनका परिवार भुखमरी के कगार पर आ गया है। संगठन द्वारा दिए गए के पत्र बावजूद भी अभी तक चयनित अवर अभियंताओं अभियंताओं की वरिष्ठता सूची घोषित नहीं की गई है और 10 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर भी अभी तक उनका प्रथम एसीपी का लाभ नहीं दिया गया है।

सभा के अंत में विमलचंद पांडे अध्यक्ष ने कहा कि संविदा कर्मियों के हितों के लिए सरकार द्वारा गठित सेवा निगम बनाया गया है लेकिन अभी तक ऊर्जा विभाग को निगम में शामिल नहीं किया गया है इसलिए मुख्यमंत्री जी से अनुरोध है कि ऊर्जा निगम को भी सेवा निगम में शामिल किया जाए तथा हड़ताल के दौरान 2023 में निकल गए संविदा कर्मियों को नौकरी पर रखा जाए तथा वर्टिकल व्यवस्था के नाम पर छटनी किए गए संविदा कर्मियों को नौकरी में रखा जाए तथा यह भी कहा कि आंदोलन के दौरान किया गया उत्पीड़न अभी तक समाप्त नहीं किया गया है। जिससे कर्मचारियों के अंदर काफी रोष व्याप्त है।

सभा का संचालन आरसी पाल प्रदेश प्रभारी ने किया तथा बैठक को कार्यवाहक अध्यक्ष आलोक सिन्हा, शोएब हसन, प्रताप सिंह, एस के सिंह, आर वाई शुक्ला, मोहन बाबू आर्य, जलीलुर्हमान, अशोक गुप्ता, राहुल कुमार, विनोद श्रीवास्तव, संदीप कुमार, दीपक कश्यप, ज्ञानेन्द्र शर्मा, कपिल सारस्वत, अवनीश श्रीवास्तव आदि ने संबोधित किया।

महिला से बैग छीनने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। मानकनगर पुलिस ने बाइक सवार महिला का बैग छीनकर फरार हुए लुटेरे को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसके कब्जे से मोबाइल फोन व बाइक बरामद किया है। मानकनगर पुलिस का कहना है कि बाइक सवार महिला से दो मोटरसाइकिल सवार लुटेरों ने झपट्टामार कर बैग छीनने वाले अभियुक्त विशाल यादव उर्फ कल्लू (22) पुत्र सतीश यादव पता-56 न्यू इन्द्रलोक कालोनी केशरी खेड़ा फाटक के पास थाना कृष्णानगर को लंगड़ा फाटक स्लीपर ग्राउण्ड के अन्दर जाने वाली सड़क पर थाना मानकनगर क्षेत्र से गिरफ्तार किया है।\

किशोर पर ईंट से हमला

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में एक महिला को बुलाकर विवाद करने और उसके 9 वर्षीय बेटे पर ईंट से हमला करने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला ने पति पर मारपीट, जानलेवा हमला और जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। सठवारा निवासी श्रद्धा दीक्षित ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनका विवाह 10 साल पहले समीर दीक्षित निवासी सुशांत गोल्फ सिटी से हुआ था। आरोप के मुताबिक 5 जुलाई 2026 को समीर ने श्रद्धा को फोन पर संदेश भेजकर खुर्दही बुलाया। आरोप है कि इस दौरान समीर नशे की हालत में था। बातचीत के दौरान दोनों के बीच कहासुनी हो गई। श्रद्धा का आरोप है कि विवाद बढ़ने पर समीर ने पास पड़ी पक्की ईंट का टुकड़ा उठाकर बेटे संस्कार के सिर पर दे मारा।

गाड़ी पर नम्बर प्लेट व फास्टैग नहीं तो एसएमएस पर पहुंचेगा जुर्माना

- फास्टैग, नंबर प्लेट नहीं फिर भी टोल पर नहीं रुकेंगे वाहन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे प्रदेश का पहला और देश का तीसरा टोल बैरियर फ्री एक्सप्रेस होगा। यहां पर टोल टैक्स कटाने के लिए वाहनों को रुकना नहीं होगा। खास बात यह है कि फास्टैग और नंबर प्लेट न होने की दशा में वाहन स्वामी उस समय तो बिना रुके निकल जाएंगे लेकिन बाद में उन्हें जुमार्ने के साथ टोल देना ही होगा।

गाड़ी टोल से निकलने के बाद दोगुना टोल और पेनाल्टी लगेगी जिसको कंट्रोल रूम में मैनुअल टीम वाहन डेटा से आरसी धारक का पता निकालेगी। फिर रजिस्टर्ड मोबाइल पर एसएमएस और पते पर नोटिस भेजा जाएगा। जिसमें दोगुना टोल और 500 से 1000 रुपये तक पेनाल्टी जमा करने के लिए वाहन स्वामी से कहा जाएगा। वाहन स्वामी को भेजे गए नोटिस में टोल और पेनाल्टी जमा करने के लिए 15 दिन का समय दिया जाएगा। तब भी न जमा करने पर वाहन ऐप पर ई चालान जनरेट हो जाएगा। फिर भी वाहन स्वामी जमा नहीं करता है तो वाहन की आरसी निलंबित करने की प्रक्रिया आरटीओ की तरफ से शुरू कर दी जाएगी। ऐसे में बीमा और प्रदूषण नियंत्रण प्रमाणपत्र का नवीनीकरण नहीं होगा।

लखनऊ-कानपुर एक्सप्रेस वे पर प्रवेश करते समय ही ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकोगनिशन कैमरे वाहन की फोटो खीचेंगे और एआई की मदद से नंबर पढ़ेगा। साथ में लगा रेडियो फ्रीक्वेंसी आइडेंटिफिकेशन रीडर फास्टैग को रीड कर सिस्टम को भेजेगा। दोनों के न होने या दोनों को किन्हीं कारणों से एएनपीआर और आरएफआईडी के न पढ़ पाने की दशा में भी वाहन रोके नहीं जाएंगे। गाड़ी अपनी स्पीड से निकल जाएगी।

महिला से 1.38 करोड़ रुपये की धोखाधड़ी

लखनऊ। सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में महिपाल खेड़ा अर्जुनगंज निवासी एक विधवा महिला ने क्राइम ब्रांच लखनऊ से शिकायत कर गोसाईगंज के एक दंपति पर 1 करोड़ 38 लाख 63 हजार 300 रुपये की धोखाधड़ी का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता का कहना है कि मकान और जमीन दिलाने के नाम पर उनके पति से रकम ली गई, लेकिन न मकान मिला न जमीन। पैसे मांगने पर जान से मारने और फर्जी मुकदमे में फंसाने की धमकियां भी दी जा रही हैं।

पीड़िता सीमा यादव पत्नी स्व. राजेश यादव के अनुसार उनके पति राजेश यादव का देहांत 25 जुलाई 2025 को हार्ट अटैक से हो गया था। आरोप है कि उम्मेद खेड़ा परेहटा थाना गोसाईगंज निवासी मदन शुक्ला और उनकी पत्नी कुसुम शुक्ला ने राजेश को अर्जुनगंज और ग्राम परेहटा में मकान व जमीन दिलाने का झांसा दिया।

सीमा के अनुसार, उनके पति ने विभिन्न तिथियों में आरटीजीएस, चेक और नकद के माध्यम से कुल 1 करोड़ 38 लाख 63 हजार 300 रुपये दिए। इसमें 65 लाख 76 हजार 300 रुपये बैंक के जरिए और 72 लाख 87 हजार रुपये नकद शामिल हैं। शिकायत में कहा गया है कि मदन शुक्ला ने अर्जुनगंज सरसवां में माधवी मिश्रा के नाम एक डबल स्टोरी मकान दिखाकर 1100 वर्गफुट का सौदा तय किया। 100 रुपये के स्टाम्प पर नोटरी से विक्रय पत्र भी बनवाया गया। लेकिन काफी समय बीतने के बाद भी न रजिस्ट्री हुई न कब्जा मिला।

सीमा ने बताया कि पति के निधन के बाद आरोपी दंपति उनके घर आए और पूरा पैसा वापस करने का लिखित आश्वासन दिया। पीड़िता का आरोप है कि 9 अक्टूबर 2025 को मदन शुक्ला ने उनके बेटे प्रिंस को पैसा देने के बहाने उमेदखेड़ा बुलाया। वहां पैसा न देकर उल्टा मुकदमे में फंसाने और जान से मारने की धमकी दी गई।

डीएम ने लगाया अशोक का पौधा

लखनऊ। वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत कुकरैल पिकनिक स्पॉट (फेज-2) में अशोक का पौधा डीएम विशाख जी ने रोपित करते हुए कहा कि पर्यावरण संरक्षण के साथ साथ स्वच्छ वातावरण व वायु के लिए सभी को एक पेड़ अपने जीवन में जरुर लगाना चाहिए इससे मनुष्य स्वस्थ रहता है। पेड़ होने से आक्सीजन की कमी दूर होती है और बच्चे भी स्वस्थ रहते है।

रिटायर एआरटीओ के विरुद्ध ईडी भी शुरू कर सकती है जांच

लखनऊ। विजिलेंस ने भ्रष्टाचार के मामले में रिटायर एआरटीओ ललित कुमार के विरुद्ध बड़ी कार्रवाई की है। आरोपी के घर छापेमारी में 35 करोड़ की संपत्ति सामने आने के बाद और गहनता से जांच शुरू की गई है। छापेमारी में बरामद दस्तावेजों के आधार पर और संपत्तियां तलाशी जा रही है। कई बेनामी संपत्तियां भी होने का संदेह है, जिनसे जुड़े दस्तावेज जुटाने का प्रयास किया जा रहा है। कई बैंक खातों की भी पड़ताल शुरू की गई है। विजिलेंस ने आरोपी ललित कुमार की लखनऊ के मोहनलालगंज में तीन और कृषि भूमि चिह्नित की हैं। बाराबंकी व नोएडा में भी कुछ और संपत्तियां को लेकर छानबीन जारी है। विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति के दोषी पाए गए रिटायर एआरटीओ के घर मंगलवार व बुधवार को छापा मारा था। छापेमारी में 13 किलो सोना व नौ किलो चांदी के अलावा 1.62 करोड़ रुपये भी बरामद हुए थे।

भगवान जगन्नाथ की रथयात्रा पर होगी फूलों की वर्षा, तैयारी शुरू

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। राजधानी में भगवान जगन्नाथ रथयात्रा की तैयारियां शुरू हो गई है। शहर में अमीनाबाद, मोतीनगर, अलीगंज व डालीगंज से भगवान की रथ यात्राएं निकाली जाती है। चौपटिया, रानी कटरा स्थित चारों धाम मंदिर की रथ यात्रा लगभग 123 वर्ष पुरानी है। रथयात्रा उत्सव 16 जुलाई को मनाया जाएगा। हिन्दी कैलेण्डर के अनुसार आषाढ़ मास की शुक्ल पक्ष की द्वितीया तिथि को यह यात्रा निकाली जाती है।

माधव मंदिर के अनुराग साहू ने बताया कि भगवान जगन्नाथ को नगर भ्रमण पर भक्तो से मिलने के लिए 16 को निकलेंगे और भक्त सुनहरी झाड़ूकर फूलों की वर्षा के साथ इत्र के छिड़काव कर जगन्नाथ रथ का स्वागत करेगे।

भगवान जगन्नाथ महाआरती के समय उज्जैन की तर्ज पर डमरू बजाकर उद्घोष किया जाएगा फिर भगवान जगन्नाथ, माई सुभद्रा, भाई बलदेव को 56प्रकार के भोग लगाकर रथ पर विराजमान करके रथ की रस्सी खींचकर श्रीयात्रा शुभारंभ किया जाएगा। गायक पवन मिश्र के मधुर गीतों पर भक्त नाचते गाते रथ यात्रा में दिखाई देगे। रथ पर विराजे राधा कृष्ण, हनुमान सबको आकर्षित करेगे, नासिक ढोल रथ यात्रा में सबके आगे बजाते हुए उसके पीछे वानर सेवा के जय श्री राम के जयकारे लगा हुए दिखाई देगे । वही प्रसाद में जामुन, मीठे चावल, बूंदी प्रसाद भोग सभी भक्तों को वितरित किया जाएगा।

यात्रा उत्सव के संयोजक मंडल के सदस्य आशीष अग्रवाल ने बताया कि इस बार भगवान का सिंहासन चांदी से नए तरीके से बनाया जाएगा। सदस्य रिद्धि किशोर गौड़ ने बताया चारों धाम पालकी यात्रा मंदिर से दोपहर को 12 बजे से प्रारंभ होकर देवी मंदिर चौराहा पहुंचेगी। उसके बाद भगवान जगन्नाथ बलभद्र भैया, माता सुभद्रा लोगों को दर्शन देने के लिए दिलाराम बारादरी, चौपटिया, खेत गली का भ्रमण करेंगे। भक्त जोर-शोर से भगवान के आगमन की तैयारी में जुट गए हैं। अनुराग साहू ने बताया कि डालीगंज में इस बार रथ को चार कुंटल फूलों सजाया जाएगा, बनारसी वस्त्र और चांदी का मुकुट धारण कर नगर भ्रमण को निकाला जाएगा वहीं पूरे रास्ते रथ के आगे भक्तों द्वारा झाड़ू लगाते, इत्र की वर्षा करते हुए दिखगें। रथ 40 फीट लंबी रस्ता से बांधकर भक्तो द्वारा खींचकर भगवान जगन्नाथ को नगर भ्रमण कराया जाएगा।

भजनों की वर्षा: रथ यात्रा में आये हर भक्त को जामुन, मीठे चावल, बूंदी प्रसाद स्वरूप वितरित की जाएगी तथा यात्रा सबसे आगे 15 फीट हनुमान रथ यात्रा की अगुवायी करते चलेगी। भजन गायक पवन मिश्र भी यात्रा के दौरान भजनो की वर्षा करेगा। इस्कॉन ब्रह्मचारी प्रभु द्वारा संकीतन हरे कृष्ण हरे कृष्ण...महामंत्र एवं जय जगन्नाथ जय जगन्नाथ... एवं हरि नाम संकीर्तन की वर्षा करेगे।

कपूरथला: कपूरथला के जगन्नाथ मंदिर से भगवान जगन्नाथ 24 फिट ऊंचे रथ पर यात्रा करेंगे। यात्रा दोपहर 12:30 बजे जगन्नाथ मंदिर कपूरथला से निकलेगी। 98 हजार रुपये मूल्य की चांदी की झाड़ू से जगन्नाथ भगवान की यात्रा का मार्ग साफ किया जाएगा। मंदिर के बाद अलीगंज नॉवेल्टी सिनेमा, इंडियन ऑयल चौक, नगर निगम चौराहा 3 कार्यालय, चन्द्रलोक हाइडिल कॉलोनी, नीरा नर्सिंग होम, मिडलैंड क्रॉस होते हुए अलीगंज के नए हनुमान मंदिर पर संपन्न होगी।

चौक: श्री जगन्नाथ रथ यात्रा एवं नवरात्रि मेला प्रबंधन समिति की ओर से दोपहर एक बजे तीन रथ रवाना किए जाएंगे। जो बड़ी कालीजी मंदिर चौक, नाई बाड़ा, माली खां सराय, कक्कड़ पार्क, चौपटिया, भोलानाथ कुआं, अकबरी गेट, सराफा बाजार, चौक चौराहा, कोणेश्वर मंदिर, लाजपत नगर होते हुए कुड़ियाघाट पहुंचेंगे। शाम 5:30 बजे वहां भगवान को गोमती नदी में नौका विहार करवाया जाएगा। वहां से हरदोई रोड, कालीजी बाजार होते हुए यात्रा को वापस बड़ी कालीजी मंदिर लाया जाएगा।

मोतीनगर: मोतीनगर स्थित श्रीगौड़ीया मठ से जगन्नाथ यात्रा शाम 4 बजे निकाली जाएगी। स्वचालित रथ जगन्नाथ यात्रा में कोलकाता, ओडिशा, मुंबई, दिल्ली, कुरुक्षेत्र, मथुरा, वृंदावन, पटना, मुगलसराय, बनारस, इलाहाबाद से भी मठ के अनुयायी शामिल होंगे। यह यात्रा गौड़ीया मठ से शुरू होकर ऐशबाग, नाका हिण्डोला, बांसमंडी चौराहा, लाटूश रोड, श्रीराम रोड, अमीनाबाद रोड, फतेहगंज, नाका हिंडोला, आर्य नगर, मोतीनगर चौराहा होते हुए वापस श्रीगौड़ीया मठ पहुंचेगी।

ऐशबाग: श्रीभगवान जगन्नाथ सेवा समिति की ओर से ऐशबाग से शाम छह बजे यात्रा निकाली जाएगी। यह यात्रा कन्हैया लाल रोड, कन्डहा, टिकैतगंज, नेहरू क्रॉस, सिद्धनाथ मंदिर, यहियागंज गुरुद्वारा, मूलचंद रस्तोगी अस्पताल होते हुए फतेश्वर महादेव, नवाबगंज ऐशबाग फाटक, वाटरवर्क्स रोड, पीलीकॉलोनी आईटी कॉलोनी ऐशबाग में सम्पन होगी। इसमें देवी-देवताओं की झांकियां भी शामिल होंगी।

फूलों से सजी चांदी की पालकी पर होंगे सवार: चारों धाम रथ यात्रा समिति की ओर से चांदी की पालकी में भगवान जगन्नाथ दोपहर 12 बजे यात्रा पर निकलेंगे। ये यात्रा रानीकटरा स्थित चारों धाम मंदिर से चौपटिया, दिलाराम बारादरी होते हुए खेत गली ठाकुर द्वारा में विश्राम कर चारों धाम मंदिर वापस आएगी। आयोजक समिति के सदस्य ऋद्धि गौड़ ने बताया कि भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की चंदन की प्राचीन मूर्तियां चांदी की पालकी में शहर भ्रमण पर निकलेगी।

फूलो की वर्षा के बीच नगर भ्रमण: जगन्नाथ स्वामी नयन पथगामी भवतुमय, जय जगन्नाथ जय बलदेव जय मायी सुभद्रा की प्राथना के साथ फूलो की वर्षा के बीच नगर भ्रमण पर देश विदेशी फूलो से सजा रथ विराजमान होकर तथा बनारसी वस्त्र, चांदी का मुकुट धारण किये हुए भगवान जगन्नाथ भक्तो के कष्ट हरने को 16 जुलाई 4:30 बजे शहर में सबसे पहले पूरी के तर्ज पर डालीगंज स्थित माधव मन्दिर निकलेगी। महामंत्री अनुराग साहू ने बताया कि इस बार भगवान जगन्नाथ रथ महोत्सव में बाहर से कलाकार अपनी सेवा में वृन्दावन का मयूर नृत्य, उज्जैन की प्रभात फेरी में डमरू व शंख ध्वनि से स्वागत, मुम्बई गणपति उत्सव का बैंड तथा दस पंजाबी ढोल बजाकर यात्रा में अपनी सेवाए तथा वानर सेवा के जय श्री राम के जयकारे लगते चलेगे।

प्रभू को 56प्रकार का लगेगा भोग: रथ यात्रा के मार्ग के पांच मुख्य स्थानों पर सेब, केला, अंगूर, आम, काजू, पिस्ता, बादाम, तीस से अधिक प्रकार की मिठाईयो का भोग लगाया जाएगा। जगन्नाथ जी रथ यात्रा माधव से प्रारम्भ होकर नजीरगंज, शंकरनगर, निरालानगर, श्रीकृष्ण मठ, आई टी चौराहा, बाबूगंज, फैजाबाद रोड, इक्का अड्डा, डालीगंज पुल होते हुआ डालीगंज बाजार, हसनगंज कोतवाली, माधव मंदिर चौराह पर सम्पन्न होगी। रथ के यात्रा भक्तो द्वारा झाड़ू लगा कर अपनी सेवा देगे।

भगवान चांदी के मुकुट एवं आकर्षक बनारसी वस्त्र करेंगे धारण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। भगवान जगन्नाथ को नगर भ्रमण पर भक्तो से मिलने के लिए निकलेंगे और भक्तो ने भी दिल खोलकर सुनेरी झड़ूकर फूलो की वर्षा के साथ इत्र के छिड़काव कर जगन्नाथ रथ का स्वागत करेगे। भगवान श्री जगन्नाथ, माता सुभद्रा एवं भगवान बलभद्र चांदी के भव्य मुकुट एवं आकर्षक बनारसी वस्त्र धारण कर दिव्य सजे हुए रथों पर विराजमान होंगे। रथ यात्रा के दौरान तीनों विग्रहों का अलौकिक श्रृंगार श्रद्धालुओं के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र रहेगा। भगवान जगन्नाथ महाआरती के समय उज्जैन की तर्ज पर डमरू बजाकर उद्घोष किया जाएगा फिर भगवान जगन्नाथ, माई सुभद्रा, भाई बलदेव को 56प्रकार के भोग लगाकर रथ पर विराजमान करके रथ की रस्सी खींचकर श्रीयात्रा शुभारंभ किया जाएगा ।

घनश्याम दास अग्रवाल ने बताया कि विंटेज कार पर विराजे राधा कृष्ण, हनुमान, शंकर भगवान सबको आकर्षित करेंगे, नासिक ढोल रथ यात्रा में सबके आगे बजाते हुए उसके पीछे वानर सेवा के जय श्री राम के जयकारे लगा हुए दिखाई देगे । वही प्रसाद में जामुन, मीठे चावल, बूंदी प्रसाद भोग सभी भक्तों को वितरित किया जाएगा। उपाध्यक्ष गोविंद साहू ने बताया कि रथ यात्रा में सम्मिलित समाजसेवी एवं पार्षद रंजीत सिंह की पर्यावरण सेवा द्वारा स्वच्छ गोमती निर्मल गोमती द्वारा जागरूकता करते हुए दिखाई देगे। यात्रा में सबसे आगे 15 फीट हनुमान ध्वजा रथ यात्रा में लहराएगा। उपाध्यक्ष ओमकार जयसवाल बताया कि इस बार लाइव प्रसारण फेजबुक पेज पर किया जाएगा। वही राकेश साहू ने बताया कि मोबाइल के शौकीन फोटोग्राफर ने जगन्नाथ रथ यात्रा महोत्सव की यादगार झलकियां अपने मोबाइल में कैद करेंगे।

पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए...

● रुक्मिणी विवाह के साथ संपन्न हुई श्रीमद् भागवत कथा

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन 4 से 12 जुलाई तक गोमती नगर वास्तु खंड तीन के श्री सिद्धेश्वर महादेव मंदिर पार्क परिसर में किया गया। इस श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ में कथा व्यास, नैमिष चक्र तीर्थ धाम वाले विनोदानंद शास्त्री जी महाराज रहे जबकि मुख्य यजमान स्वयं हनुमान जी महाराज और स्वागतकांक्षी शान्ति देवी जी थीं।

शास्त्री जी बीते पन्द्रह वर्षों से कथा ज्ञान यज्ञ के माध्यम से संस्कार प्रदान कर रहे हैं। विशेष रूप से बच्चों के लिए बाल संस्कारशाला का आयोजन कर माता-पिता एवं समाज के प्रति उनके कर्तव्यों के लिए उन्हें जागरुक कर रहे हैं। साथ ही पर्यावरण संरक्षण और स्वच्छता का अभियान भी संचालित कर रहे हैं। विनोदानंद शास्त्री जी महाराज ने श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ के नवें दिन रविवार 12 जुलाई को सुदामा और रुक्मिणी प्रसंग की व्याख्या की। उन्होंने बताया कि रुक्मिणी विवाह का प्रसंग श्रीमद्भागवत महापुराण का सबसे दिव्य, आनंदमयी और उमंग से भरा प्रसंग है। यह दृश्य केवल दो राजाओं के परिवारों का मिलन नहीं, बल्कि साक्षात महालक्ष्मी और नारायण का अलौकिक मिलन है, जो पूरी प्रकृति और भक्तों के मन में परम आनंद का संचार कर देता है। इस क्रम में उन्होंने यह भी बताया कि सुदामा प्रसंग हमें सिखाता है कि सच्ची मित्रता अमीरी-गरीबी या ओहदे की मोहताज नहीं होती। यह प्रसंग हमें निस्वार्थ प्रेम, अहंकार से दूर रहने और बिना कहे मित्र की परेशानी समझकर उसकी मदद करने का शाश्वत संदेश देता है वहीं रुक्मिणी-कृष्ण प्रसंग केवल एक प्रेम प्रसंग नहीं है, बल्कि यह जीवात्मा का परमात्मा के प्रति पूर्ण समर्पण, अटूट विश्वास और भक्ति का संदेश है। रुक्मिणी विवाह प्रसंग ने जहां उत्साह का संचार किया वहीं सुदामा प्रसंग ने भक्तों के नैनों को अश्रुओं से सराबोर कर दिया। इस अवसर पर आरती-पूजन में भी बड़ी संख्या में भक्तगण एकत्रित हुए।

कथा व्यास गद्दी मंच की भव्य सज्जा सभी भक्तों को दिव्यता से सराबोर कर गई। भजनों के क्रम में आगंतुकों ने न जी भर के देखा ना कुछ बात की, बड़ी आरजू थी मुलाकात की का सरस रसपान किया। इस मनभावन भजन के उपरांत उन्होंने पानी परात को हाथ छुयो नहिं, नैनन के जल सों पग धोए सुनाया तो भक्तगण आनंद से झूम उठे। अंतिम दिन रविवार 12 जुलाई को कथा समापन के उपरांत भव्य भंडारा भी हुआ।

विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव-4 की घोषणा, पोस्टर लांच

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। तनावमुक्त शिक्षा, सफल जीवन के लिये विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शन के प्रति प्रोत्साहित करने के लिये सामाजिक संस्था सोसायटी आफ कैरियर टेक्नोलॉजी (सोक्ट) एवं जनविकास महासभा द्वारा आयोजित विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव-4 का पोस्टर विमोचन कर उत्सव के प्रारम्भ होने की घोषणा की गई।

संस्था के कार्यालय में विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव-4 के शुरू होने की घोषणा करते हुये सोक्ट के अध्यक्ष डा. अगम दयाल ने बताया कि सामाजिक संस्था सोसायटी आफ कॅरियर टेक्नोलॉजी विगत 22 वर्षों से विद्यार्थियों की शिक्षा एवं रोजगार जागरूकता के क्षेत्र में कार्य करती आ रही है उसी क्रम में संस्था द्वारा विद्यार्थियों में शिक्षा एवं उसके पश्चात कॅरियर को लेकर होने वाले तनाव को कम करने के उद्देश्य से विद्यार्थियों को उनकी प्रतिभा प्रदर्शन के प्रति प्रोत्साहित कर एवं प्रतिभा को कॅरियर बनाने के लिये प्रोत्साहित करने का कार्य विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव के माध्यम से किया जायेगा। डा. अगम दयाल ने बताया कि विद्यार्थी प्रतिभा उत्सव-4 इस उत्सव के अंतर्गत सम्पूर्ण शैक्षिक सत्र के दौरान विद्यार्थियों के लिये जगह जगह कार्यक्रम किये जायेंगे और विद्यार्थियों को प्रतिभा प्रदर्शन के लिये प्रोत्साहित करने हेतु सकारात्मक रूप से समाज को जोड़ा जायेगा उसके लिये सामाजिक संस्थाओं एवं व्यक्तियों की भी सहभागिता सुनिश्चित की जायेगी। पोस्टर विमोचन कार्यक्रम में सोक्ट के उपाध्यक्ष अनूप गौड़, जूही सोनाली, जनविकास महासभा के अध्यक्ष पंकज तिवारी, महामंत्री एवं परी पुस्तक केन्द्र के प्रमुख अजय यादव, सृजन फाउण्डेशन के अध्यक्ष डा. अमित सक्सेना, जनविकास महासभा की संगठन मंत्री दिव्या शुक्ला सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद थे।

बिखर रहे पारिवारिक और सामाजिक संबंध : धीरेन्द्र वशिष्ठ

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। संयुक्त परिवार की व्यवस्था से अलग आज एकल परिवार में सदस्यों को संबल देने वालों का अकाल सा है, ऐसे में रिश्ते टूट और बिखर ज्यादा रहे हैं। व्यक्ति तनाव और अवसाद का शिकार हो रहे हैं। ये कहना था मुख्य अतिथि राम कथा वाचक धीरेन्द्र वशिष्ठ का। उन्होंने कहा कि समाज मनुष्य को भ्रष्ट करता है मनुष्य अबोध बालक के रूप में जनम लेता है। जो स्वभाव से सरल और सीधा होता है। समाज में आने के बाद संपत्ति, लालच और ऊंच-नीच की भावना उसका स्वभाव परिवर्तित करके भ्रष्ट बना देती है। मनुष्य स्वतंत्र पैदा होता है, लेकिन हर जगह वह जंजीरों में जकड़ा हुआ है। 'परिवारिक और सामाजिक संबंधों का वर्तमान स्वरूप' विषय पर संगोष्ठी का आयोजन अवध फाउण्डेशन की ओर से जानकीपुरम कार्यालय सभागार सभागार में किया गया था। अतिथियों का स्वागत करते हुए संस्था के अध्यक्ष सूरजदेव शुक्ल ने कहा कि वर्तमान परिवेश में सतयुग से कलियुग तक पारिवारिक संबंधों का निरंतर पतन होता गया। इसे सुधारने की आवश्यकता है। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन करने के पश्चात बीना मिश्रा के शिष्यों अराध्या मिश्रा, अद्वैत मिश्रा, साक्षी मिश्रा, रचित मिश्रा द्वारा के श्रीराम स्तुति व हनुमान चालीसा के पाठ से हुआ।

रामप्रकाश त्रिपाठी के संचालन में डॉ काशीनाथ पांडेय ने कहा परिवार के बिना शिक्षा, ज्ञान, विकास किसी बच्चे का नहीं हो सकता। प्राचीन भारतीय संस्कृति सभी अपने कर्तव्य बताती थी, लेकिन प्रदूषित पाश्चात्य संस्कृति अधिकार सिखा रही है, जो पतन का कारण है। बीना मिश्रा ने रामायण के चरित्रों को काव्य में ढालकर परिवार का महत्व बताया। बीरेन्द्र श्रीवास्तव ने समाज और देश की ईकाई परिवार को बताया। कार्यक्रम में शिक्षाविद्, समाजसेवी, बुद्धिजीवी और युवाओं के संग काशीनाथ पाण्डेय, आरडी शुक्ला, शिवकुमार पांडेय, छठ कुमार शुक्ला, आर सी त्रिपाठी, जानकी शरण शुक्ला, प्रणव दत्ता, प्रकाश चन्द्र शर्मा जी, राकेश तिवारी, केसर सिंह, बीना मिश्रा, राम दयाल शुक्ला, शिवकुमार पांडेय, जानकी शरण शुक्ला, टीएन शुक्ला, लक्ष्मी नारायण दीक्षित ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

हुसैनाबाद के छोटे इमामबाड़े में याद-ए-जनाब-ए-सकीना का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अंजुमन गुलजारे पंजतन ने हुसैनाबाद के इमामबाड़ा मोहम्मद अली शाह छोटा इमामबाड़ा में याद-ए-जनाब-ए-सकीना का आयोजन किया। हर साल की तरह इस साल भी मोर्हरम के अंतिम रविवार को याद-ए-जनाब-ए-सकीना में मौलाना की तकरीर के बाद अकीदतमंदों को कैदखाना-ए-शाम की शबीह की जियारत करायी गयी। दोपहर दो बजे से तिलावते कलामे पाक से शुरू हुए आयोजन में पहले शायरों ने बारगाहे इमाम हुसैन में अपने कलामों से नजराना-ए-अकीदत पेश की। इसके बाद मजलिस को दिल्ली से आये मौलाना नामदार अब्बास ने खिताब किया। मजलिस के दौरान मौलाना ने इमाम हुसैन और उनकी चार साल की बेटी हजरत जनाबे सकीना पर हुए जुल्मों को बयान किया। जिसको सुनकर अकीदतमंद अश्कबार हो उठे। मौलाना ने अपने बयान में बताया कि इमाम हुसैन की चार साल की बेटी को तीन दिन भूखा और प्यासा रखे जाने के बाद उन्हें मैदाने कर्बला से शाम ले जाया गया, जहां उन्हें कैद कर दिया गया। उसी कैदखाने में बीबी सकीना शहीद हो गईं। यादे सकीना में जनाबे सकीना के चाहनें वालों को उसी कैदखाना-ए-शाम की शबीह की जियारत करायी गयी। कैदखाना-ए-शाम की शबीह की जियारत करते ही अकीदतमंद फूट-फूटकर रोने लगे। मजलिस के बाद जीशान आजमी ने तकरीर में बीबी जनाबे सकीना पर हुए जुल्म और अपने वालिद इमाम हुसैन से उनकी मोहब्बत और फूफी जनाबे जैनब और भाई इमाम जैनुलआब्दीन के साथ गुजरी मुसीबतों का जिक्र किया। इस दौरान अजादारों को हजरत अब्बास के अलम, इमाम जैनुलआब्दीन (अस) के ताबूत, हजरत अली असगर के झूले और दुलदुल की भी जियारत करवायी गयी। कार्यक्रम में शहर की विभिन्न अंजुमनों ने नौहाख्वानी करके इमाम हुसैन को उनकी चहेती बेटी जनाबे सकीना का पुर्सा दिया। यादे जनाबे सकीना की अलविदाई मजलिस को मौलाना हैदर अब्बास दानिश ने खिताब किया। जिसमें उन्होंने जनाबे सकीना के मसाएब बयान किये। इसके बाद आयोजक अंजुमन गुलजारे पंजतन ने नौहाख्वानी व सीनाजनी की। अंजुमन के साहबे बयाज दिलावर हसन ने कैद खाने में यह कहती थी सकीना भाई, जुल्म आदां ने किया हम पे यह कैसा भाई नौहा पढ़ा। जिस पर सीनाजनी करके जनाबे सकीना को याद किया गया। इस दौरान भरी संख्या में अकीदतमंदों ने खासतौर से महिलाओं और छोटी बच्चियों ने शिरकत की।

कोर्टरूम ड्रामा पर आधारित है सनी देओल व अक्षय खन्ना की 'इक्का'

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

● कास्ट : सनी देओल, अक्षय खन्ना, तिलोत्तमा शोम, दीया मिर्जा
● डायरेक्टर : सिद्धार्थ पी मल्होत्रा
रेटिंग-2.5/5

लखनऊ। सनी देओल और अक्षय खन्ना की फिल्म इक्का रिलीज हो गई है। फिल्म एक कोर्टरूम ड्रामा पर आधारित है। इस फिल्म में 2 टैलेंटेड स्टार्स होने की वजह से फैंस इसके लिए काफी एक्साइटेड थे। अब फिल्म रिलीज हो गई है स्टोरी को अल्थिया कौशल ने लिखा है और इसकी स्टोरी सोमा मित्तल (अकांक्षा रंजन कपूर) पर निर्धारित है जो शौर्यामन गौर (अक्षय खन्ना) के साथ पार्टी करती है एक रात और फिर अगला सीन होता है कि वह सड़क पर नजर आती हैं आधी मरी हुई। जो आईविटनेस है वो है शौर्यामन जिसे गिरफ्तार कर दिया जाता है।

एक पावरफुल नेता होने के नाते, शौर्यमन स्पेशयली अर्जुन मेहरा (सनी देओल) को अपने वकील के लिए चुनने को बोलता है। अर्जुन हालांकि मना कर देता है और कहता है कि सिर्फ कोई चमतकार ही होगा जिस वजह से वह इस केस को लेंगे। लेकिन तभी उसी दिन उसकी बेटी को कैंसर होता है और फिर उसे शौर्यमन के पास आना पड़ता है। बस इसी से होती है फिर इक्का की शुरूआत। सिद्धार्थ पी मल्होत्रा द्वारा डायरेक्टेड इस फिल्म में 2 लीड रोल में हैं और इसमें कोर्टरूम बैटल दिखाई गई है, लेकिन कई बार ऐसा हुआ कि कोर्टरूम बैटल कम दिखाई जाती है शौर्यमन और अर्जुन की पर्सनल स्टोरीज के बीच में। दिक्कत यह है कि वो स्टोरीज भी पूरी नहीं बनके निकलकर आई हैं।

समझ नहीं आया कि ये मेकर्स का फैसला है या फिर अक्षय खन्ना की खुद की वजह रही है, लेकिन ऐसा लग रहा था कि धुरंधर का हैंगओवर नजरअंदाज करना मुश्किल है। विग को छोड़ दें क्योंकि वो अजीब लग रही है बाकी ऐसा लग रहा है फिल्म उसके प्रभाव को बनाने में पूरी तरह से लगी हुई है। इसमें दिखाया गया है कि कैसे एक आदमी को कोर्ट में बुलाया जाता है मर्डर केस में और वह स्लो मोशन एंट्री लेता है और पीछे बैकग्राउंड में म्यूजिक चलता है। ऐसा लगता है जैसे कोई सुपरहीरो एंट्री ले रहा है। यहां पर परफॉर्मेंस भी ज्यादा मदद नहीं करती दिखी हैथ। पूरी फिल्म के दौरान किरदार बस यही बोलते रहे कि अर्जुन मेहरा कितना बेहतरीन वकील है। लेकिन दर्शकों को दिखाया ही नहीं गया कि क्यों है। सनी एक इमोशनल कनेक्शन बनाने में नाकामयाब रहे। अक्षय का भी रोल कुछ धुरंधर के रहमान डकैत से मिलता हुआ सा लगा। दीया मिर्जा को देखकर लग रहा है कि वह वही पुराने रोल करती दिख रही हैं। अल्फा में एक परेशान मां के बाद वह इक्का में एक हेल्पलेस मां के किरदार में नजर आईं। तिलोत्तमा शोम का जो सरकारी वकील का रोल दिया गया, उसे ठीक से नहीं लिखा गया है, जो निराशाजनक है। ओवरऑल इक्का में आपको इसके ट्विस्ट और कानूनी लड़ाई कम देखने को मिलेंगे जैसे कोर्टरूम ड्रामा में होता है। आप ये सोचने पर जरूर मजबूर हो जाएंगे कि सनी देओल और अक्षय खन्ना जैसे स्टार्स की फिल्म ऐसे आम तरीके से खत्म हो रही है।

भगवान की शरणागति ही मनुष्य की रक्षा का एकमात्र साधन है : रामशरण दास

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। श्री दुगार्जी मंदिर शास्त्री नगर में चल रही भागवत कथा में रविवार को वृंदावन से पधारे प्रज्ञाचक्षु संत रामशरण दास जी महाराज ने गजेंद्र मोक्ष की सुंदर कथा सुनाई। उन्होंने कहा कि भगवान की शरणागति ही मनुष्य की रक्षा का एकमात्र साधन है। कथा में महाराज जी ने कहा कि एक हाथी अपने कुटुंब को सरोवर में जल पिलाने गया। हथिनी ने बच्चे के लिए गहरे पानी से कमल का फूल लाने को कहा। गहरे पानी में उतरते ही मगरमच्छ ने हाथी का पैर पकड़ लिया। हथिनी ने उसे बचाने की कोशिश की लेकिन जब लगा कि हाथी का बचना मुश्किल है तो सब उसे अकेला छोड़कर चले गये। हाथी तब समझा कि संसार में सब स्वार्थी हैं। महाराज जी तब भजन सुनाते हैं ....नारायण अब तो सुध लीजे, ग्राह गरासे गजराज खड़ो है, शरण आपकी लीजे ...। हाथी की प्रार्थना सुन श्री हरि प्रकट होते हैं और हाथी को मगरमच्छ से मुक्ति दिलाते हैं। महाराज जी कहते हैं कि ये हाथी हम ही हैं। यह कथा हमें सीख देती है कि सांसारिक बंधनों से मुक्ति का एकमात्र मार्ग ईश्वर की सच्ची भक्ति है।

बाल संस्कारशालाओं को गली मोहल्ले तक दिया जायेगा विस्तार

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। अखिल विश्व गायत्री परिवार द्वारा संचालित बाल संस्कारशालाओं का विस्तार गली - मोहल्ले तक किया जाएगा। बाल संस्कारशालाओं के प्रभावी संचालन व विस्तार के उद्देश्य से रविवार को बाल संस्कारशाला संचालकों का एक समागम आयोजित किया गया। इसमें शहर से लगभग 40 बाल संस्कारशाला संचालकों ने हिस्सा लिया। संचालक, वशिष्ठ बाल संस्कारशाला इंद्रेश मिश्र ने बताया कि समागम में संस्कारशालाओं के नियमित संचालन, बच्चों में भारतीय संस्कृति और संस्कारों के विकास, गुणवत्ता वृद्धि व प्रत्येक गली-मोहल्ले तक संस्कारशालाओं के विस्तार किए जाने चर्चा हुई और सहमति बनी। इस दौरान सभी ने बाल संस्कारशाला अभियान को जन-जन तक पहुंचाने का सामूहिक संकल्प लिया।

संक्षेप

ट्रेन से कटकर युवक की हुई मौत

आजमगढ़। निजामाबाद थाना क्षेत्र के परसहां अंडरपास के समीप शनिवार की रात को ट्रेन से कटकर एक युवक की मौत हो गई। शव की शिनाख्त के बाद परिजनों ने बताया कि उक्त युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। परसहां गांव निवासी 24 वर्षीय सुरेन्द्र कुमार पुत्र बंशीलाल शनिवार की देर शाम को घर से निकल गया था। रात में गांव के अंडर पास के समीप ट्रेन की चपेट में आने से उसकी मौत हो गई। स्टेशन मास्टर ने इस घटना की सूचना फरिहा चौकी प्रभारी चित्रांशु मिश्र को दी। सूचना मिलते ही चौकी प्रभारी तत्काल घटनास्थल पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी। ग्रामीणों की सूचना पर मौके पर आए परिजनों ने शव की पहचान किये। परिजन का कहना है कि युवक की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी। शव को पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। चौकी प्रभारी ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों की जानकारी हो सकेगी।

अवैध कब्जे को कब्जा मुक्त करने की मांग

आजमगढ़। नगर पंचायत माहुल में सरकारी भूमि पर किये गए अवैध कब्जे को लेकर जिला पंचायत सदस्य नसीम अहमद ने डीएम को शिकायती पत्र देकर कब्जा मुक्त करने की मांग की है। उन्होंने शिकायती पत्र में उल्लेख किया है कि नगर पंचायत में 25 छोटे बड़े नाले, चार पोखरे और छह खाली में उच्च प्राथमिक विद्यालय की भूमि है। इस सभी सरकारी भूमि पर भूमाफियाओं ने अवैध कब्जा कर रखा है। कुछ भूमि को भूमाफियाओं ने बिक्री कर दिया, जिस पर मकान आदि का निर्माण हो गया है।

सुब्रतो मुखर्जी प्रदेशीय फुटबॉल प्रतियोगिता शुरू

आजमगढ़। शिब्ली नेशनल इंटर कालेज में 65वीं सुब्रतो मुखर्जी प्रदेशीय फुटबॉल प्रतियोगिता का रविवार को शुभारंभ हुआ। मुख्य अतिथि संयुक्त शिक्षा निदेशक आजमगढ़ मंडल डा. राजेश कुमार आर्य और विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक अजय कुमार रहे। आयोजन सचिव दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि इस प्रतियोगिता में कुल 24 टीमें (बालक व बालिका) प्रतिभाग कर रही है। प्रतियोगिता का समापन 13 जुलाई को संपन्न होगा। पहले दिन मुबारकपुर एवं मुहम्मदाबाद के खेला जा रहा है। उद्घाटन प्रतियोगिता में इमरान खान, प्रवीण सिंह, एसपी मिश्रा, सर्वेश्वर पांडेय, शैलेश राय, बृजेश सिंह, रामजन्म, एहसान खां, विनोद सिंह, भूपेश सिंह, रामजनम, अरविंद सिंह, सन्नी, अमित, अभिषेक आदि मौजूद रहे।

पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन

आजमगढ़। पर्यावरण संरक्षण और हरित विकास को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सठियांव ब्लाक के ओझौली गांव में रविवार को वृहद पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि अरबिंद सिंह ने पौधरोपण कर किया। इस दौरान उन्होंने लोगों से एक पेड़ माँ के नामस अभियान के तहत अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी देखभाल करने का संकल्प लिया। क्षेत्रीय वन अधिकारी केके तिवारी ने वृक्षों के महत्व पर प्रकाश डालते हुए लोगों से अधिक पौधे लगाने और उन्हें जीवित रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल पर्यावरण को संतुलित रखने का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए स्वच्छ हवा, जल और स्वस्थ जीवन का आधार भी हैं। इसी क्रम में सीही, इब्राहिमपुर, मोहब्बतपुर, जमुडी, लोहरा, कुकुरसंडा, नूरपुर, सराय हाजी, पियरोपुर सहित अन्य ग्राम पंचायतों में भी वृहद स्तर पर पौधरोपण किया गया। इस अवसर पर बीडीओ हरि मोहन सिंह, एपीओ निर्भय राय, अनुराग श्रीवास्तव, प्रकाश यादव आदि मौजूद रहे।

जीवन के लिए पेड़ लगाना जरूरी

जौनपुर। विकास खण्ड धर्मापुर ग्राम सभा कादीपुर में नन्द गोपाल फाउंडेशन के तत्वावधान में व्यापक वृक्षारोपण अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहां दो सौ फलदार और छायादार पौधे लगाये गये। अध्यक्ष उमेश मौर्य के नेतृत्व में चलाये गये। इस दौरान उमेश मौर्य ने कहा कि मानव जीवन के लिए पेड़-पौधे अवश्य लगायें ताकि जीव जंतु के साथ-साथ मनुष्य भी स्वस्थ बना रहे। वृक्षारोपण कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के लेखपाल मानस उपाध्याय, नवनीत सोनकर, सुधीर मौर्य सहित तमाम शिक्षक-शिक्षिकाओं के अलावा अजय सोनकर, सहित दर्जनों लोग मौजूद रहे।

पर्यावरण बचाना हम सभी की जिम्मेदारी: भूपेश चौबे

जिला संवाददाता(vol)

सोनभद्र। विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर सदर विधायक भूपेश चौबे ने एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत चुर्क-घुर्मा नगर पंचायत के वार्ड संख्या-5 स्थित शिव मंदिर परिसर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस दौरान उन्होंने कार्यकताओं और स्थानीय नागरिकों के साथ पौधे लगाकर उन्हें संरक्षित रखने का संकल्प भी दिलाया।

विधायक भूपेश चौबे ने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों के बीच पर्यावरण संरक्षण प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व बन गया है। यदि आज हम प्रकृति के प्रति अपनी जिम्मेदारी निभाएंगे, तभी आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ और सुरक्षित वातावरण मिल सकेगा। उन्होंने कहा कि ह्यएक पेड़ मां के नामह्य अभियान केवल पौधारोपण तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मातृत्व, प्रकृति और संस्कृति के प्रति सम्मान का सशक्त संदेश भी देता है।

उन्होंने लोगों से अपने जीवन में कम से कम एक पौधा अवश्य लगाने और उसकी देखभाल करने का आह्वान करते हुए कहा कि जनभागीदारी से ही हरित और समृद्ध भारत का संकल्प साकार होगा। कार्यक्रम में नगर पंचायत चुर्क-घुर्मा की चेयरमैन मीरा यादव, भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश यादव, नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी अमित कुमार सरोज, मंडल अध्यक्ष दिलीप चैबे, जयराम वर्मा, पूर्व मीडिया प्रभारी अनूप तिवारी नगर महामंत्री अनूपम तिवारी, दीपचंद महतो, अरुण सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी, क्षेत्रीय वन अधिकारी अभिषेक यादव सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी, भाजपा पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

वृक्ष धरा के भूषण, दूर करें प्रदूषण: श्रवण सिंह

सोनभद्र। आज उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आवाह्न पर 35 करोड़ पौधरोपण महाअभियान एक पेड़ माँ के नामह्य के अंतर्गत दुद्धी विधानसभा के पूर्व प्रत्याशी श्रवण सिंह गोंड़ ने भाजपा कार्यकर्ताओं संग दुद्धी नगर पंचायत स्थित नंदन वन तथा ग्राम पंचायत रजखड़ वन रेंज व गौशाला परिषर में वृक्षारोपण किया।

इस अवसर पर श्रवण गोंड़ ने वृक्षारोपण के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक पेड़ मां के नामह्य अभियान केवल पौधारोपण नहीं, बल्कि धरती माता के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का एक महायज्ञ है। उन्होंने कहा कि धरती हमें अन्न, जल, फल और जीवन जीने के लिए अनुकूल वातावरण देती है। पूर्व में प्रधानमंत्री मोदी के आह्वान पर शुरू हुए इस अभियान का उद्देश्य धरती माता के स्वास्थ्य की रक्षा करना है, जिस पर पूरी मानव जाति आश्रित है।वही नगर पंचायत चेयरमैन कमलेश मोहन ने कहा यदि समाज का प्रत्येक व्यक्ति इस अभियान से जुड़े, तो आने वाले वर्षों में देश अधिक हरित और पर्यावरण की दृष्टि से समृद्ध बनेगा जिससे आने वाले दिनों में हम सब के परिजनों को स्वच्छ एवं स्वस्थ वातावरण प्राप्त होगा। स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए स्वच्छ पर्यावरण को आवश्यक बताते हुए उन्होंने जनभागीदारी बढ़ाने का आह्वान किया।इस दौरान पूर्व जिला महामंत्री सुरेंद्र अग्रहरि पूर्व जिला मंत्री दिलीप पांडे मण्डल अध्यक्ष दीपक शाह प्रबुद्ध प्रकोष्ठ संयोजक जितेंद्र चन्द्रवँशी पूर्व मण्डल महामंत्री मनीष जायसवाल मण्डल महामंत्री प्रेमनारायण मोनू सिंह अंशुमान रॉय युवामोर्चा अध्यक्ष अजय चन्द्रवँशी सोशल मीडिया संयोजक पीयूष कसेरा बूथ अध्यक्ष धीरज जायसवाल सहित भाजपा कार्यकर्ता उपस्थित रहें।

देश के योगदान में युवाओं की भूमिका अहम

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर । नगर के एक होटल में फ्रेंड्स ग्रुप ट्रस्ट जारा इवेंट के द्वारा आयोजित क्रिएटर एंड टैलेंट अवार्ड सेरेमनी का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभावान मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान एवं समाज में अच्छे कंटेंट बनाकर समाज को जागरूक करने में अपनी भूमिका निभाने वाले सोशल मीडिया प्रतिभाशाली युवाओं एवं विभिन्न क्षेत्रों में अच्छे कार्य करने वाले लोगों का सम्मान हुआ।

मुख्य अतिथि पूर्व सांसद धनंजय सिंह विशिष्ट अतिथि एम.एल.सी. बृजेश सिंह विशिष्ट अतिथि डॉ0 विवेक श्रीवास्तव ने संयुक्त रूप से दीप जला कर कार्यक्रम का शुभारंभ कियागया। सम्मानित होने वाले मेधावी छात्र छात्राएं एवं प्रतिभावान बच्चे मानवी जायसवाल, शिवानी पांडे, अश्विन पांडे, ताइक्वांडो कुंग फू खिलाड़ी, अभिषेक अग्रहरी स्टेट चैंपियन शूटिंग, जूरियत जेहरा 93ः डीआर रिजवी लर्नर्स अकैडमी जौनपुर जिज्ञासा यादव 95ः जनक कुमारी इंटर कॉलेज के अलावा पांच दर्जन से अधिक बच्चों का सम्मान हुआ। मुख्य अतिथि ने कहा कि आज समाज में फैली बुराइयों को दूर करने के साथ-साथ देश को आगे बढ़ाने के लिए आप सभी का योगदान बेहद जरूरी है जो विद्यार्थी आज टॉपर हैं ।वह आगे चलकर देश की विभिन्न क्षेत्र में अपनी सेवाओं के जरिए देश को आगे बढ़ाएंगे तो वही सोशल मीडिया के जरिए हमारे क्रिएटर व इनफ्लुएंसर लोगों को जागरूक करने का भी काम करेंगे, हमें जरूरत है उनको सही मार्गदर्शन देने की उन्होंने अभिभावकों से अनुरोध किया कि वह मोबाइल फोन यदि अपने बच्चो को देते हैं तो उन पर कड़ी निगरानी रखे जिससे कि वह किसी गलत संगत में न पड़ सके । विशिष्ट अतिथि बृजेश सिंह ने कहा माता-पिता अपने बच्चों का मॉनिटरिंग करते रहें और मोबाइल का इस्तेमाल बच्चे उतना ही करें जितना की जरूरत हो मेधावी बच्चों पढ़ लिखकर अपने सपनों को साकार करें विशिष्ट अतिथि डॉ विवेक श्रीवास्तव ने कहा यहां मेधावी छात्र हो कंटेंट क्रिएटर मेरा आप सभी से यही कहना है कि को ही दिखाएं बुराई से दुर रहे काम के साथ-साथ स्वास्थ्य का ख्याल रखें। संचालन सलमान शेख ने किया आभार आयोजक मिनाज शेख ने किया। निखिलेश सिंह, डॉ जंग बहादुर सिंह प्रिंसिपल जनक कुमारी, राहुल शेख, सद्दाम प्रधान, राणा सिंह, साजन शमा आदि मौजूद रहे।

थाना में एक दिन में रोपे गये 900 पौधे

जिला संवाददाता(vol)

जौनपुर। रविवार को सुरेरी थाना परिसर में वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रदेश सरकार के 5 करोड़ पौधे लगाने के महाअभियान के अंतर्गत सुरेरी डम्पिंग यार्ड व थाना परिसर, एवं चैकी कस्बा में करीब 900 पौधे रोपे गए।

उपजिलाधिकारी मड़ियाहूं नवीन कुमार, क्षेत्राधिकारी मड़ियाहूं विजय चैधरी, थानाध्यक्ष सुरेरी दिव्य प्रकाश सिंह तथा समस्त पुलिस स्टाफ ने विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया ।उपजिलाधिकारी नवीन कुमार ने कहा कि वृक्षारोपण पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है तथा अधिक से अधिक पौधे लगाकर ही आने वाली पीढ़ियों को स्वच्छ एवं सुरक्षित वातावरण दिया जा सकता है। उन्होंने लोगों से पौधरोपण के साथ-साथ पौधों के संरक्षण का भी संकल्प लेने की अपील की। पुलिसकर्मियों एवं स्थानीय लोगों ने पौधों की नियमित देखभाल और संरक्षण का संकल्प लिया। एक साथ 900 पौधों के रोपण से पूरे क्षेत्र में हरियाली और पर्यावरण संरक्षण का सकारात्मक संदेश गया। पत्रकार बृजेश मिश्रा, राजनारायण गिरी, अजय मिश्रा, पंकज राय, मुकेश सिंह एवं शिवानी भी उपस्थित रहे ।

सपा प्रमुख ने भेजी एक लाख की मदद

जौनपुर। जफराबाद क्षेत्र के गोसाईपुर गाँव निवासी सीएससी संचालक प्रेमचंद यादव को बदमाशों ने 11 मार्च की रात को गोली मारकर 90 हजार रुपये तथा मोबाइल आदि की लूट लिया था। घटना के कुछ दिन बाद उपचार के दौरान प्रेमचंद की मौत हो गयी थी। घटना के बाद पदार्फाश हुआ ।जिसमें तीन बदमाशों को पुलिस ने गिरफ्तार किया। केराकत क्षेत्र का रहने वाला मुख्य आरोपी अभी पुलिस की पकड़ से दूर है ।घटना के बाद से उक्तबदमाश को पुलिस अभी खोज रही है ।रविवार को सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश सपा का एक प्रतिनिधि मंडल जिलाध्यक्ष राकेश मौर्य के नेतृत्व में गोसाईपुर गांव में पहुंचकर मृतक प्रेमचंद यादव के पत्नी निशा यादव को एक लाख रुपये का चेक सौंपा। बार एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष सुबास चन्द्र यादव, अवध नाथ पाल, नंदलाल यादव, रत्नाकर चैबे, डॉ0 सरफराज खान, रत्नाकर चैबे, लकी त्रिपाठी, राकेश यादव, राजेन्द्र यादव टाइगर, दिनेश यादव, राहुल त्रिपाठी आदि रहे।

भाजपा धार्मिक मुद्दों के सहारे कर रही राजनीति : पूर्व मंत्री

मीरजापुर। जिला मुख्यालय स्थित समाजवादी पार्टी के जिला कार्यालय लोहियाट्रस्ट में रविवार को अनुसूचित जनजाति के राष्ट्रीय अध्यक्ष व पूर्व मंत्री ब्यास जी गोंड ने पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर संगठन की मजबूती पर जोर दिया। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को सशक्त बनाने और आगामी चुनावों की तैयारियों में जुटने का आह्वान किया।

बैठक के दौरान ब्यास जी गोंड ने प्रदेश सरकार और भाजपा की नीतियों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार के एक मंत्री द्वारा सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव पर की गई टिप्पणी निंदनीय है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा धार्मिक मुद्दों के सहारे राजनीति कर रही है और जनता अब उसके वास्तविक चरित्र को समझ चुकी है। पूर्व मंत्री ने प्रदेश की कानून-व्यवस्था पर भी सवाल उठाते हुए कहा कि किसान, मजदूर, युवा, पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग सरकार की नीतियों से परेशान हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार की अधिकांश योजनाएं धरातल पर प्रभावी साबित नहीं हुई हैं, जबकि पेपर लीक जैसी घटनाओं ने युवाओं का भविष्य प्रभावित किया है। ब्यास जी गोंड ने दावा किया कि प्रदेश का हर वर्ग बदलाव चाहता है और आगामी विधानसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी मजबूत स्थिति में होगी। उन्होंने विश्वास जताया कि चुनाव के बाद अखिलेश यादव के नेतृत्व में प्रदेश में सपा की सरकार बनेगी। बैठक की अध्यक्षता कर रहे सपा जिलाध्यक्ष देवी प्रसाद चौधरी ने कहा कि समाजवादी पार्टी 14 जुलाई 2026 को खाद, पानी, बिजली, सड़क को लेकर तहसील मुख्यालय पर विधानसभा अध्यक्ष के नेतृत्व में मॉग पत्र सौंपेगी। 15 जुलाई से 25 जुलाई तक बूथ लेबल एजेंट का सत्यापन किया जायेगा। कहा कि स्नातक एमएलसी चुनाव को देखते हुए अधिक से अधिक लोगो का नाम मतदाता सूची में आये उनका फार्म भरवाने का काम करें। श्री चौधरी ने कहा कि भाजपा सरकार से गरीब, पिछड़ा, अल्पसंख्यक व दलित समाज परेशान है, आने वाले 2027 के विधानसभा चुनाव में जनता इन्हे सबक सिखाने का काम करेंगी। उन्होने लगे हाथ कहा सरकार पर आरोप लगाया कि हत्या, लूटपाट की घटनाएं बढ़ी है ऐसी सरकार को उखाड़ फेकने के लिए हमें जनता के बीच जाना होगा। बैठक में पूर्व सांसद रमेश चन्द बिन्दक्क पूर्व विधायक जगतम्बा सिंह पटेल, शिवशंकर सिंह यादव, रविन्द्र बहादुर सिंह, मुन्नी यादव, परवेज खान, आशीष यादव, अशोक यादव, दामोदर प्रसाद मौर्या, जैन कुशवाहा, बच्चा गौड़, केसरी नन्दन आदि मौजूद रहे।

मंडलायुक्त ने की पौधरोपण महाअभियान की शुरुआत

जिला संवाददाता

म्योरपुर (सोनभद्र) म्योरपुर वन रेंज के कठौड़ी बीट के पुराने गोविंदपुर वन डिपो तथा बनवासी सेवा आश्रम के क्रिकेट अकादमी परिसर में मंडलायुक्त राजेश प्रकाश, डीएफओ कमल कुमार पटेल और जिलाध्यक्ष नंदलाल ब्लॉक प्रमुख मान सिंह ने पौध रोपण कर महाअभियान की शुरूआत की ।मौके पर आयोजित पौध वितरण कार्यक्रम में मंडलायुक्त ने कहा कि सामाजिक और प्रकृति का ऋण उतारने के लिए पौध रोपण करें ।उन्होंने कहा कि मनुष्य देवऋण , पितृ ऋण सामाजिक ऋण लेकर पैदा होता है उन्होंने कहा कि क्षेत्र में प्रेम भाई रागिनी बहन जैसे लोग सामाजिक ऋण चुका कर गए है उसी तरह हम सबको समाज और प्रकृति के लिए करना है जिससे आने वाली पीढ़ियों सुरक्षित रहे ।जिलाध्यक्ष और ब्लॉक प्रमुख ने लोगो का आह्वान किया कि हर व्यक्ति पांच पौधे लगाए और उसे जीवित रखने का पूरा प्रयास करे। ।डीएफओ ने बताया कि पूरे प्रदेश में35 करोड़ पौध रोपण हो रहा है जबकि जिले में एक करोड़ सतासी लाख तथा वन प्रभाग में 36 लाख पौधे लगाए जा रहे है। मौके पर शुभा प्रेम वरिष्ठ भाजपा नेता चांद प्रकाश जैन, दीपक सिंह सोना बच्चा अग्रहरि, गणेश जायसवाल दिनेश जायसवाल ,उप प्रभागीय वनाधिकारी अखिलेश पटेल, जगतनारायण विश्वकर्मा, तहदिलदार अश्वनी गुप्ता, बीडीओ दिनेश मिश्रा, एडीओ पंचायत अजय सिंह ,रेंजर जबर सिंह ,सरिता गौतम, डिप्टी रेंजर विजेंद्र सिंह, सर्वेश यादव, सुरेश कुमार, प्रमोद शर्मा, विजय , अमन विश्वकर्मा, आदि शामिल रहे। संचालन पिपरी रेंजर राघवेंद्र ने किया।

सड़क निर्माण का दिया आदेश

म्योरपुर (सोनभद्र)। मंडलायुक्त राजेश प्रकाश ने आश्रम भ्रमण के दौरान मुख्य मार्ग से आश्रम अतिथि गृह तक सड़क निर्माण कराए जाने का आदेश खंड विकास अधिकारी दिनेश मिश्रा को दिया और ब्लॉक प्रमुख से आग्रह किया कि सड़क निर्माण में सहयोग करे। उन्होंने खादी ग्राम उद्योग में रेशम, तेल घानी तथा अन्य कुटीर उद्योग कार्यक्रम देख कर प्रसन्नता व्यक्त की। उन्होंने क्रिकेट एकादमी के सुंदरीकरण और विचित्र महाकक्ष के सुंदरी करण का आश्वासन दिया। मौके पर सहायक निर्देश रेशम नागेंद्र, डा विभा ,विमल कुमार सिंह, लालबहादुर सिंह, मुलायम, बिहारी आदि शामिल रहे।

आज की युवा पीढ़ी आने वाली पीढ़ियों के लिए लगाये पौधे : शैलेन्द्र अग्रहरि

मीरजापुर। वृहद वृक्षारोपण अभियान के तहत नगर के तरकापुर स्थित श्री माता प्रसाद माता भीख इंटर कॉलेज के स्पोर्ट्स ग्राउंड में विद्यालय की एनसीसी इकाई के कैडेट्स संग मुख्य रूप से उपस्थित हो वरिष्ठ भाजपा नेता शैलेन्द्र अग्रहरि ने ₹एक पेड़ मां के नाम₹ अंतर्गत पेड़ लगाए। कैडेट्स को सम्बोधित करते हुए अग्रहरि ने कहा कि एक पेड़ मां के नाम' अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विश्व पर्यावरण दिवस पर शुरू की गई एक अनूठी पहल है, जिसका उद्देश्य मां के प्रति सम्मान और प्रकृति संरक्षण को बढ़ावा देना है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा भी इस अभियान के तहत व्यापक स्तर पर वृक्षारोपण महा अभियान चलाया जा रहा है। इसमें हम सब को भी जनभागीदारी के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण में योगदान देना चाहिए। युवा पीढ़ी को अपने आने वाली पीढ़ियों के लिए वृक्ष लगाने के लिए प्रेरित किया। विद्यालय के प्रधानाचार्य प्रेम चंद यादव ने भी अभियान में भाग लेकर वृक्षारोपण किया और पर्यावरण को हरित व प्रदूषण रहित रखने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि सभी कैडेट्स ने भारत को हरित बनाने व आस पास हरियाली लाने को अपनी ज़िम्मेदारी समझते हुए पौधारोपण व वृक्षारोपण किया। इस अवसर पर खेल मैदान में वृहद पौधारोपण व वृक्षारोपण किया गया। इस दौरान उप प्रधानाचार्य नरसिंह राम, प्रवक्ता व एनसीसी प्रभारी संजय सिंह भी उपस्थित रहे।

अभियान के तहत हिस्ट्रीशीटर की संपत्ति कुर्क

आजमगढ़। संगठित अपराध और अपराध से अर्जित अवैध संपत्तियों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत नगर कोतवाली पुलिस प्रशासनिक अधिकारियों की उपस्थिति में शहर के अजमतपुर कोडर में रविवार को सुबह कुख्यात गैंगस्टर, भूमाफिया और हिस्ट्रीशीटर कृष्णचन्द्र राय उर्फ केसी राय की करीब 10 करोड़ रुपये मूल्य की अचल संपत्ति कुर्क कर अपने कब्जे में ले लिया। पुलिस ने यह कार्रवाई न्यायालय के आदेश के अनुपालन में डुगडुगी पिटवाकर किया। नगर कोतवाली में दर्ज मुकदमा संख्या 92/2026 की विवेचना के दौरान सामने आया कि केसी राय ने फर्जी खतौनी, जमीन के नाम पर ठगी, गैंगस्टर गतिविधियों एवं अन्य संगठित अपराधों से अर्जित अवैध धन से वर्ष 2012 से ग्राम कोडर अजमतपुर में जमीन खरीदकर आलीशान भवन का निर्माण कराया है। समय-समय पर भवन का पुनर्निर्माण और रिनोवेशन भी अपराध से अर्जित धन से कराया गया। विवेचना में यह भी सामने आया कि उक्त भवन गैंग के सदस्यों के जमावड़े और आपराधिक गतिविधियों की योजना बनाने का प्रमुख केंद्र बना हुआ था। राजस्व विभाग द्वारा भूमि एवं लोक निर्माण विभाग द्वारा भवन के मूल्यांकन के बाद इसकी अनुमानित बाजार कीमत लगभग 10 करोड़ रुपये आंकी गई।

77 रक्तदाताओं ने शिविर में किया रक्तदान

जौनपुर ।राष्ट्रवादी नौजवान सभा के सान्निध्य में देवदूत हेल्पिंग हैंड्स द्वारा आयोजित स्वैच्छिक रक्तदान जिला अस्पताल ब्लड बैंक में हुआ, जिसमें कुल 77 रक्तदाताओं ने हिस्सा लिया । मुख्य अतिथि संस्थापक राष्ट्रवादी नौजवान सभा एवं पूर्व सांसद धनंजय सिंह ने कैंप का फीता काटकर उद्घाटन कर रक्तदान भी किया वहीं सभी रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र देते हुए उनका उत्साहवर्धन किया। सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नवीन सिंह , सचिव राणा सिंह, जिलाध्यक्ष रतनदीप शर्मा, पुष्पेंद्र सिंह, देवेन्द्र तिवारी ने भी रक्तदान किया। गौरव सिंह, राम सिंह, बलवंत सिंह, नेहा सिंह, ऋचा सिंह, किरण सिंह, सोनम झा आदि ने रक्तदान किया।

दो भाइयों पर सोते समय जानलेवा हमला

जौनपुर। बरसठी थाना थाना क्षेत्र के बारिगांव हनुमाननगर में रविवार तड़के पारिवारिक विवाद ने खूनी रूप ले लिया। छत पर सो रहे दो सगे भाइयों पर कुल्हाड़ी से हमला कर उन्हें गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। दोनों को पहले स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां से हालत नाजुक होने पर ट्रॉमा सेंटर, वाराणसी रेफर कर दिया गया। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल है और एहतियातन मौके पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घायल युवकों में 25 वर्षीय राज सिंह 22 वर्षीय उदय सिंह पुत्रगण आनंद सिंह, निवासी बारिगांव हनुमाननगर है। परिजनों के अनुसार दोनों भाई शनिवार देर रात अपने मकान की छत पर सो रहे थे। रात करीब तीन बजे उन पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया गया। हमले में राज सिंह के चेहरे पर गंभीर चोट आई है, जबकि उदय सिंह के पैर पर कुल्हाड़ी से वार किया गया। दोनों की हालत चिंताजनक बताई जा रही है ।परिजनों ने आरोप लगाया है कि वारदात को उनके चाचा सुभाष सिंह ने अंजाम दिया। बताया गया कि सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक लाल बहादुर सिंह के दो पुत्र हैंकृसुभाष सिंह और आनंद सिंह। परिवार मूल रूप से शाहापुर पुरसवा का रहने वाला है, लेकिन पिछले लगभग 40 वर्षों से बारिगांव हनुमाननगर में रह रहा है। सड़क किनारे बने दो मंजिला मकान के नीचे दोनों भाई अलग-अलग कपड़े की दुकान संचालित करते हैं। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों से मकान के तीन फीट चैड़े गलियारे में करीब डेढ़ फीट दीवार बनाने को लेकर दोनों पक्षों में विवाद चल रहा था। पिता लाल बहादुर सिंह ने गलियारे की स्थिति यथावत रखने की बात कही थी, जिसके बाद विवाद और बढ़ गया। इसी रंजिश में हमले की घटना होने का आरोप लगाया गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल भिजवाया। गांव में किसी भी अप्रिय स्थिति से बचने के लिए मकान पर पुलिस बल तैनात कर दिया गया है।

भंडारण की समुचित व्यवस्था न होने से बारिश से भीग सड़ रहा गेहूं, लापरवाही हुई उजागर

मीरजापुर। एक तरफ जहां गरीबों को गेहूं के दाने के लाले पड़े हुए हैं, वहीं भारतीय खाद्य निगम एवं राज्य भंडारागार निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी के उदासीनता से सैकड़ों बोरी गेहूं क्रय होने के बाद बारिश के पानी से भींग कर खराब हो रहा है। लापरवाही सामने आने के बाद जहां हड़कंप मचा हुआ है वहीं कोई भी जिम्मेदार मुंह खोलने को तैयार नहीं है। बताया जा रहा है कि गेहूं की टीडी 28 जून 2026 को कटी थी। उतार न होने के कारण और परिवहन ठेकेदार की लापरवाही के कारण गेहूं बारिश के पानी में भींगने की वजह से सड़ रहा है। गेहूं की ये दुर्दशा देख जहां लोगों में तरह-तरह की चर्चा हो रही है वहीं अब इसकी भरपाई कैसे की जाए? इसको लेकर सवाल खड़े हो रहें हैं। बताया जा रहा है कि यह गेहूं खरीद केंद्र थरपरसिया, लालगंज की केन्द्र प्रभारी आकांक्षा शुक्ला का है। 295 कुंतल की टीडी कटी थी 75 बोरी वापस कर दी गई हैं, उस गेहूं की ये दुर्दशा देख हर कोई माथा पकड़ ले रहा है कि अन्न की यह दुर्दशा क्या उचित है और इसके लिए जवाबदेह कौन होगा। चर्चा है कि यह अव्यवस्था भारतीय खाद्य निगम एवं राज्य भंडारागार निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी के उदासीनता से हो रहा है। मजे कि बात है कि क्रय केंद्रों से गेहूं क्रय करने के बाद उसे सुरक्षित रखें जाने के सख्त निर्देश दिए गए थे ताकि गेहूं खुले में न हो और बारिश होने पर उसके भींगने का अंदेशा न हो लेकिन इसी लापरवाही नहीं तो और क्या कहा जाएगा कि बरसात शुरू होने से पहले इसे सुरक्षित रखने का कोई भी जतन नहीं किया गया। और तो और जिलाधिकारी एवं अन्य उच्च स्तरीय अधिकारियों को नजर अंदाज किया जा रहा है, जिससे केन्द्र प्रभारियों में आक्रोश बढ़ रहा है। केन्द्र प्रभारियों का कहना है कि इस अव्यवस्था के लिए पूर्णतया भारतीय खाद्य निगम एवं राज्य भंडारागार निगम के अधिकारी एवं कर्मचारी जिम्मेवार हैं जिनकी उदासीनता के परिणाम स्वरूप गेहूं खराब हुए हैं।

मारकुंडी घाटी में मिले नवविवाहित दंपती के सड़े-गले शव, क्षेत्र में सनसनी

सलखन (सोनभद्र)। चोपन थाना क्षेत्र के मारकुंडी घाटी में रविवार सुबह एक दर्दनाक घटना सामने आई। घाटी की गहरी खाई में एक नवविवाहित दंपती के सड़े-गले शव मिलने से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई। शवों की स्थिति देखकर अनुमान लगाया जा रहा है कि दोनों की मौत करीब चार से पांच दिन पहले हुई होगी। मृतकों की पहचान राहुल यादव (30 वर्ष) पुत्र बबलू यादव, निवासी बिच्छी, रॉबर्ट्सगंज, तथा उनकी पत्नी इंद्रावती उर्फ चंदा (24 वर्ष) पुत्री बबुंदर यादव, निवासी सलखन, के रूप में हुई है। परिजनों के अनुसार दोनों की शादी इसी वर्ष मई माह में हुई थी। बताया जा रहा है कि राहुल अपनी पत्नी इंद्रावती को लेकर बिच्छी से सलखन स्थित उसके मायके जा रहा था। इसके बाद से दोनों का कोई पता नहीं चल सका। रविवार सुबह स्थानीय लोगों ने मारकुंडी घाटी की गहरी खाई में दो शव पड़े देखे, जिसके बाद तत्काल गुरमा पुलिस चौकी को सूचना दी गई। सूचना मिलते ही गुरमा चौकी प्रभारी श्रीप्रकाश पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस ने खाई से दोनों शवों को बाहर निकलवाया। शव पूरी तरह सड़ चुके थे और उनमें कीड़े पड़ चुके थे, जिससे प्रथम दृष्टया पहचान करना कठिन हो रहा था। घटनास्थल के समीप एक मोटरसाइकिल भी मिली, जिसके आधार पर मृतकों की पहचान की पुष्टि की गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रारंभिक जांच में मौत के कारण स्पष्ट नहीं हो सके हैं। पुलिस सड़क दुर्घटना, आत्महत्या अथवा अन्य किसी संभावित कारण सहित सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना की सूचना मिलते ही परिजन और बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। नवविवाहित दंपती की मौत से दोनों परिवारों में मातम पसरा हुआ है और पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की गहन जांच की जा रही है तथा सभी संभावित तथ्यों के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और अन्य साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

ऑयल कंपनी में लगी आग , लाखों की क्षति

जौनपुर। मड़ियाहूं क्षेत्र के परसत स्थित परी ब्रांड ऑयल कंपनी में रविवार को भीषण आग लगने से अफरा-तफरी मच गई। आग की लपटें और धुएं का गुबार दूर-दूर तक दिखाई देने लगा, जिससे आसपास के लोगों में दहशत फैल गई ।सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। स्थानीय पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी भी घटनास्थल पर पहुंचकर राहत एवं बचाव कार्य में जुट गए। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार, इस अग्निकांड में कंपनी की लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। हालांकि, किसी जनहानि की सूचना नहीं है। आग लगने के कारणों का अभी स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रशासन ने मामले की जांच शुरू कर दी है और नुकसान का आकलन किया जा रहा है।

मथुरा के विधायकों ने किया प्रशासनिक अधिकारियों संग लाडलीवन में पौधरोपण

मथुरा। प्रमुख सचिव, उच्च शिक्षा विभाग/ जनपद मथुरा नोडल अधिकारी वृक्षारोपण एम0पी0 अग्रवाल ने कामर में स्थापित लाडली वन में वृक्षारोपण किया। नोडल अधिकारी के साथ सीडीओ डॉ. पूजा गुप्ता, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज कुमार वर्मा एवं जिला पंचायत राज अधिकारी धनंजय जायसवाल ने भी पौधारोपण किया। विधायक मथुरा-वृन्दावन श्रीकांत शर्मा ने वनभूमि वृंदावन में वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 कार्यक्रम के अंतर्गत वृहद वृक्षारोपण किया। विधायक के साथ एसडीएम सदर आदेश कुमार ने भी पौधारोपण किया। विधायक बल्देव पूरन प्रकाश ने ग्राम पंचायत भरतिया में विकसित लाडली वन में वृक्षारोपण किया। विधायक के साथ डीडीओ गरिमा खरे, उप जिलाधिकारी महावन ऊषा सिंह एवं बीडीओ नेहा रावत ने भी पौधारोपण किया। विधायक मांट राजेश चौधरी ने ब्लॉक मांट के भद्रवन में विकसित लाडली वन में वृक्षारोपण किया। विधायक के साथ एसडीएम मांट दीपिका मेहर तथा खण्ड विकास अधिकारी अभिमन्यु सेठ ने भी पौधारोपण किया। विधायक गोवर्धन मेघश्याम सिंह ने ग्राम पैठा (चतुर्भुज मंदिर के पास) वृक्षारोपण किया। विधायकजी के साथ उपायुक्त मनरेगा विजय कुमार पाण्डेय ने भी पौधारोपण किया। एमएलसी ठाकुर ओमप्रकाश सिंह ने ग्राम पंचायत जैत में विकसित लाडली वन में वृक्षारोपण किया।

पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटकों को भी लुभायेगा लाडली वन

मथुरा। बृज के प्रमुख तीर्थ स्थल जयकुंड की तलहटी में अहिल्याबाई होलकर मार्ग पर विधान परिषद सदस्य और जैंत की बेटियों ने लाडली वन की स्थापना कर पर्यावरण संरक्षण का अलख जगाया। आओ लौटाएं ब्रज की हरियाली थीम पर जैंत में लाडली वन की स्थापना के अवसर पर विधान परिषद सदस्य ठाकुर ओमप्रकाश सिंह ने कहा कि हमारी लाडली बेटियों के द्वारा स्थापित लाडली वन पर्यावरण संरक्षण के साथ-साथ पर्यटकों को भी लुभाएगा, जिससे जैंत का पर्यटन उद्योग विकसित होगा। धार्मिक और कृषि आधारित पर्यटन को ध्यान में रखते हुए द्रोण कदंब, तमाल, पीलू, पलास आदि विभिन्न बृज के पौराणिक विशिष्ट वृक्षों का यहां होना अति आवश्यक है। बीडीओ ज्योति शर्मा ने उपस्थित जनसमुदाय से वृक्षों की देखभाल करने का आवाह्न किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि उमेश प्रताप सिंह, प्रधान प्रतिनिधि संजय सिंह, विलेज कोऑर्डिनेटर (ग्रामीण पर्यटन) एवं वरिष्ठ पत्रकार चंद्र प्रकाश बृजवासी, एडीओ (पंचायत), लतेश शर्मा, एडीओ (आईएसबी) मुकेश कुमार पाल, एडीओ (समाज कल्याण) शिवनेश पचौरी, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी विशन सिंह, लवी बंसल, हरेन्द्र सिंह, चंद्रपाल यादव आदि मौजूद थे।

खुला सुभाष बाजार, नाले की सफाई के बाद भी वृद्धा का नहीं लगा पता

आगरा। मंटोला के सुभाष बाजार में बुधवार नाले के ऊपर बनी दुकान ढहने के बाद चौथे दिन सुभाष बाजार की दुकानें खुल गईं। बाजार में एक बार फिर ग्राहक आने शुरू हो गए। एहतियातन पुलिस फोर्स तैनात किया गया है। पुलिस ने कारोबारियों के सहयोग पर आभार जताया है। वहीं हादसे के चौथे दिन भी रेस्क्यू ऑपरेशन जारी रहा पर अभी तक नाले में गिरी वृद्धा का पता नहीं चला है। रविवार को पुलिस नए सिरे से तलाश शुरू करेगी। सुभाष बाजार में दिलीप कुंजवानी की राधा स्वामी क्लॉथ स्टोर नाम से दुकान थी। बुधवार दोपहर 2:25 बजे बारिश के दौरान दो मंजिला दुकान ढह कर नाले में समा गई थी। हादसे में दुकान पर बैठे दिलीप के पिता तुलाराम, कर्मचारी लाला भाई, बेटा कृष्णा और ग्राहक तेहरा निवासी अनीता, उनकी डेढ़ वर्षीय बेटी अनन्या और उनकी मां गंगा देवी नाले में गिर गई थीं। सभी को लोगों ने बाहर निकाल लिया था पर वृद्ध गंगा देवी का पता नहीं चला था। पुलिस, नगर निगम की टीम, एसडीआरएफ और जल पुलिस तलाश में जुटी थी। बुलडोजर से तोड़ कर नाले की सफाई शुरू की गई थी। शनिवार को पुलिस और नगर निगम की टीम ने नाले की सफाई करते हुए आंबेडकर पार्क तक वृद्धा की तलाश की पर उनका पता नहीं चल पाया। अंधेरा होने पर तलाश रोक दी गई। डीसीपी सिटी सय्यद अली अब्बास ने बताया कि संयुक्त रूप से रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है। रविवार को नगर निगम के कर्मचारी पुलिस टीम के साथ नाले के छोर पर यमुना की ओर तलाश करेंगे। एसडीआरएफ की टीम यमुना में तलाश करेगी। जल पुलिस भी सहयोग करेगी। वृद्धा बहकर दूसरे जिले तक न पहुंच गई हो, इस आशंका को देखते हुए अन्य जिलों को भी अलर्ट किया गया है। परिवार के लोगों से बात की गई और वह सहयोग कर रहे हैं। कारोबारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन में सहयोग करते हुए दुकान बंद रखी थीं। शनिवार को बातचीत के बाद दुकानें खोली गई हैं। शांति व्यवस्था के लिए फोर्स तैनात है। सुभाष बाजार कमेटी के अध्यक्ष इंदर कुमार मंगनानी ने बताया कि पुलिस और कारोबारियों ने हादसे के दौरान एक-दूसरे का पूरा सहयोग किया। पुलिस और प्रशासन का आभार है। प्रशासन से एक सवाल का जवाब नहीं मिला है कि जो कारोबारी डेढ़ माह पूर्व दुकान की मरम्मत के लिए नगर निगम के चक्कर लगा रहा था। आखिर उसकी क्या गलती है। 40 वर्षों में तीन पीढ़ियों ने दुकान जमाई। दुकान स्वामी के तीन परिवारों का पालन दुकान से होता था। कर्मचारियों के भी परिवार दुकान से ही चलते हैं। परिवार कर्ज में हैं। आय का कोई साधन नहीं बचा है।

भाजपाइयों ने किया महा अभियान तहत जगह-जगह पौधरोपण

टूंडला। भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे एक पेड़ मां के नाम वृक्षारोपण महायज्ञ अभियान के तहत रविवार को टूंडला में कई जगह भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह चेयरमैन भंवर सिंह ठेकेदार ईओ टूंडला ओर भाजपा पदाधिकारियों द्वारा बृहद स्तर पर वृक्षारोपण कार्यक्रम शुरू किया गया जिसके तहत सभी भाजपा पदाधिकारियों ने अपने अपने बूथों, सामाजिक संस्थाओं स्कूलों पार्को पर जाकर एक पेड़ मां के नाम लगाने का कार्य किया गया जिला सह संयोजक सोशल मीडिया सचिन जैन ने बताया कि भाजपा संगठन ओर उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा पूरे प्रदेश भर में 35 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा है ओर इसको पूरा करने के लिए युद्ध स्तर पर पेड़ लगाने का कार्य किया जा रहा है पेड़ लगाओ प्रकृति बचाओ देश बचाओ, यह सबको समझना पड़ेगा, पेड़ लगेगा तो प्रकृति ओर सुन्दर बनेगी जिससे दुनिया में पर्यावरण को मजबूत किया जा सकेगा टूंडला में कई जगह पेड़ लगाने का कार्य पूरी निष्ठा के साथ किया गया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह चेयरमैन भंवर सिंह ठेकेदार जिला उपाध्यक्ष शिव शंकर शर्मा जिला मंत्री पवन चक, दिनेश गुप्ता, जिला सह संयोजक सोशल मीडिया सचिन जैन, मुकेश धामा, भाषलेन्द्र सिंह, दीपक ठेनुआ गिरवर निषाद अनन्त प्रताप सिंह अनूप सिंह आदि लोग मौजूद रहे।

मंदिर में पुजारी को उतारा मौत के घाट, हत्या के दोषी को मिली उम्रकैद की सजा, जुर्माना भी लगा

आगरा। पुजारी की हत्या करने के आरोप में अदालत ने भिंड मप्रके गांव कुमार निवासी राजदेव शुक्ला उर्फ शीतल बाबा को दोषी माना है। एडीजे-25 मदन मोहन ने दोषी को उम्रकैद के साथ 10 हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। थाना न्यू आगरा में दर्ज प्राथमिकी के अनुसार आनंदी भैरो मंदिर के पुजारी योगी धारानाथ ने तहरीर देकर आरोप लगाया था कि जिला मथुरा के गांव करेला मंसेरा निवासी बंटी उर्फ तुरईनाथ गांव मऊ के पथवारी मंदिर पर पूजा-पाठ करता था और वहीं रहता था। 15 दिसंबर 2023 को मंदिर पर मप्र के जिला भिंड के गांव कुमार निवासी महात्मा राजदेव शुक्ला उर्फ शीतल बाबा आ गया। वह भी बंटी के साथ रहने लगा। 5 जनवरी 2024 को दोनों में किसी बात पर विवाद हो गया। आरोपी राजदेव ने बंटी की हत्या कर दी। अभियोजन पक्ष की तरफ से अदालत में 8 गवाह पेश किए गए।

संक्षेप

मथुरा पुलिस ने किया वृहद पौधारोपण

मथुरा। पर्यावरण संरक्षण और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान के अंतर्गत जनपद मथुरा पुलिस द्वारा आज एक महा वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अभियान में पुलिस विभाग के समस्त अधिकारियों और जवानों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और पुलिस लाइन्स, थानों, चकियों व विभिन्न पुलिस परिसरों में बड़ी संख्या में पौधे लगाए। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य पर्यावरण संरक्षण, हरित आवरण में वृद्धि और प्रकृति के प्रति जन-जागरूकता को बढ़ावा देना है। पुलिस अधीक्षक सुरक्षा/लाइन तथा रिजर्व पुलिस लाइन के प्रतिसार निरीक्षक की देखरेख में थाना जैत और वृंदावन क्षेत्रान्तर्गत फायरिंग बट परिसर सहित पूरे जनपद में विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपित किए गए। वृक्षारोपण के इस महायज्ञ में छाता क्षेत्र भी पीछे नहीं रहा। छाता के क्षेत्राधिकारी भूषण वर्मा और छाता कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल ने सक्रिय रूप से पौधारोपण किया और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन किया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों ने केवल पौधे ही नहीं लगाए, बल्कि उनके संरक्षण और नियमित देखभाल का संकल्प भी लिया। पुलिस अधिकारियों ने इस बात पर जोर दिया कि वृक्ष केवल पर्यावरण संतुलन का माध्यम नहीं हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए एक सुरक्षित भविष्य की धरोहर हैं। प्रत्येक नागरिक को प्रकृति के संरक्षण के लिए कम से कम एक पौधा अवश्य लगाना चाहिए और उसकी देखभाल सुनिश्चित करनी चाहिए। इस अभियान के माध्यम से मथुरा पुलिस ने एक स्वच्छ, हरित और प्रदूषण मुक्त वातावरण के निर्माण के लिए सामूहिक सहभागिता का संदेश दिया है।

मुड़िया पूनों की कमियों को छिपाने के उद्देश्य से पत्रकारों को किया बाहर

मथुरा। गोवर्धन में रविवार दोपहर 12 बजे मुड़िया पूनों मेले की व्यवस्थाओं पर आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक से पत्रकारों को बाहर निकाल दिया गया। इस घटना के बाद नाराज स्थानीय पत्रकारों ने बैठक का बहिष्कार कर दिया और प्रशासन के खिलाफ रोष व्यक्त किया। यह बैठक गोवर्धन के तहसील सभागार में उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री चैधरी लक्ष्मीनारायण की अध्यक्षता में हुई। इसमें मुड़िया मेले की तैयारियों की समीक्षा की जा रही थी। बैठक में जिलाधिकारी, एसपी देहात समेत जिले के कई वरिष्ठ प्रशासनिक और पुलिस अधिकारी उपस्थित थे। पत्रकारों का आरोप है कि बैठक शुरू होने के कुछ ही देर बाद उन्हें सभागार से बाहर जाने को कहा गया। मीडियाकर्मियों ने बताया कि जहां एक ओर पत्रकारों को बैठक से दूर रखा गया, वहीं अधिकारियों के करीबी और चहेते लोग अंदर मौजूद थे। इस घटना पर गोवर्धन के पत्रकारों ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

फिरोजाबाद में 44 लाख 24 हजार पौधे रोपे गये

पौधरोपण महापर्व

फिरोजाबाद। रविवार को वृक्षारोपण महापर्व के पावन अवसर पर समूचा जनपद एक नए संकल्प के साथ उठ खड़ा हुआ, प्रधानमंत्री के संवेदनशील विजन एक पेड़ मां के नाम और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के हरित व पर्यावरण अनुकूल अभियान को आत्मसात करते हुए, जनपद का प्रत्येक नागरिक इस धरा को समृद्ध करने में जुट गया। मासूम बच्चों की किलकारियों से लेकर बुजुर्गों के अनुभवी हाथों तक सजग महिलाओं और ऊर्जावान युवाओं से लेकर कर्मठ जनप्रतिनिधियों व अधिकारियों तक हर कोई इस महायज्ञ में अपनी आहुति देता दिखाई दिया। जनपद में मुख्य कार्यक्रम यूपीसीडा प्रांगण में पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह की अध्यक्षता और सदर विधायक मनीष असीजा टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर डीएम संतोष कुमार शर्मा, महापौर कामिनी राठौर भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह सीडीओ शत्रोहन वैश्य की गरिमामयी उपस्थिति में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि के साथ सभी विशिष्ट अतिथियों ने यूपी सीडा प्रांगण में पौधरोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। इस अवसर पर पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा कि बच्चे कल का भविष्य है, इसलिए यहां पर उपस्थित हर बच्चे को एक-एक पौधा अवश्य उपलब्ध कराए, ताकि हर बच्चा अपने घर पर एक पौधा लगा सके। उन्होंने बच्चों से कहा कि वर्ष 2047 तक विकसित भारत का सपना तभी पूरा होगा जब आज की युवा पीढ़ी स्वस्थ होगी, इसके लिए जरूरी है कि हम अपने वातावरण को प्रदूषण मुक्त बनाएं, इसलिए यह आवश्यता है कि हम अधिक से अधिक वृक्षारोपण करें। साथ ही उन्होंने कहा कि जिस तरह से आज असमय आपदाएं आ रही हैं और अनेक गंभीर बीमारियां अपने पैर पसार रही हैं, इन सभी चुनौतियों से निपटने और निरोगी रहने का एकमात्र साधन वृक्षारोपण ही है। पर्यटन मंत्री ने आगे कहा कि वर्ष 2017 से मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश में लगातार करोड़ों की संख्या में वृक्षारोपण कर नए कीर्तिमान स्थापित किये जा रहे हैं और हमारा प्रयास है कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हम प्रदेश को एक हरित प्रदेश बनाएं। इस अवसर पर बोलते हुए सदर विधायक मनीष असीजा ने उपस्थित बच्चों से यह संकल्प लिया कि वह अपने घर जाकर पौधरोपण अवश्य करेंगे, टूंडला विधायक प्रेमपाल धनगर मेयर कामिनी राठौर और भाजपा जिला अध्यक्ष उदय प्रताप सिंह ने भी इस अवसर पर अपने उद्गार व्यक्त करते हुए कहा कि जो धरती मां को मां की तरह प्यार करते हैं वह अवश्य पौधरोपण करेंगे। डीएम ने इस अवसर पर कहा इस महा अभियान में हमारा प्रयास है कि समाज का प्रत्येक वर्ग अपनी भागीदारी निभाए। इस महत्वपूर्ण अभियान से हम मातृशक्ति दिव्यांगजन थर्ड जेंडर प्रधानमंत्री आवास योजना ग्रामीण और किसान सम्मान निधि के लाभार्थियों को भी हम इससे जोड़ रहे हैं। डीएम ने कहा कि अगर अपने भविष्य को सुरक्षित रखना है, तो वृक्षारोपण जरूरी है, मेरी अपील है कि जनपद का हर नागरिक वृक्षारोपण अवश्य करें, पूरे जनपद में आज जन प्रतिनिधियों नागरिकों प्रशासन के सहयोग से कुल 44 लाख 24 हजार तीन सौ पौधों का रोपण किया जा रहा है। इस अवसर पर पर्यटन मंत्री व उपस्थित जनप्रतिनिधियों ने डीएम के साथ राजस्व मापन की नई इकाई रोवर पद्धति का भी अवलोकन किया।

भाजपा नेता की थाने में पिटाई : सिफारिश करने पहुंचे थे एक गलती पड़ी भारी, दरोगा ने जमीन पर गिराकर पीटा

आगरा। थाना सिकंदरा में भाजपा युवा मोर्चा के महानगर कोषाध्यक्ष जेपी त्यागी ने दरोगा पर मारपीट और अभद्रता का आरोप लगाया है। पीड़ित ने पुलिस आयुक्त से शिकायत कर मामले की जांच और कार्रवाई की मांग की है। आगरा में भाजपा युवा मोर्चा के महानगर कोषाध्यक्ष को थाने में दरोगा ने गिराकर पीटा। इस मामले में पीड़ित ने पुलिस आयुक्त दीपक कुमार से शिकायत की है। पुलिस आयुक्त ने जांच कर कार्रवाई का आश्वासन दिया है। ट्रांसयमुना कॉलोनी निवासी जेपी त्यागी भाजयुमो की महानगर कार्यकारिणी में कोषाध्यक्ष हैं। उन्होंने बताया कि पड़ोस में रहने वाले युवक का अपने गाड़ी मालिक से लेनदेन का विवाद था। पड़ोसी के कॉल करने पर रात 11 बजे थाना सिकंदरा गए। इंस्पेक्टर ने सुलह के लिए संबंधित चौकी भेज दिया। चौकी पर दोनों पक्षों में बातचीत हो रही है। गाड़ी मालिक ने ड्राइवर को बकाया 20,300 रुपये देने पर सहमति दी। सुलहनामा लिखने के दौरान रुपये लिखने से मना करने पर उनकी गाड़ी मालिक से बहस हो गई। इसी बीच चौकी पर मौजूद दरोगा ने उनसे गाली-गलौज करते हुए मारपीट की और धक्का मारकर बाहर कर दिया। भाजयुमो ब्रज क्षेत्र अध्यक्ष मनीष गौतम सहित कई कार्यकर्ता शुक्रवार को पुलिस आयुक्त कार्यालय पहुंचे। पुलिस आयुक्त दीपक कुमार से घटना से अवगत कराया और कार्रवाई की मांग की है।

नकली दवा के अंतरराज्यीय रैकेट का भंडाफोड़

आगरा। खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन (एफएसडीए) की आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने नकली और सरकारी दवाओं की तस्करी के अंतरराज्यीय रैकेट का खुलासा किया है। आगरा में तीसरे चरण में 13 मेडिकल फर्मों पर छापा मारकर जांच की और दो को सील कर दिया। दो फर्मों से दवाओं की खरीद-बिक्री पर रोक लगा दी है। शनिवार को 13 मेडिकल फर्मों के 14 संचालकों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए थाने में तीन तहरीरें दी हैं। साथ ही तीन चरणों में हुई कार्रवाई के बाद गड़बड़ी मिलने पर थोक की 58 मेडिकल फर्मों के लाइसेंस निरस्त कर दिए हैं। एफएसडीए आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने 15 औषधि निरीक्षकों की टीम के साथ कम्मूटोला, मुबारक महल, जूता बाजार, नवाबिया मार्केट समेत 10 बाजारों में स्थित 13 फर्मों और उनके गोदामों पर शुक्रवार को एक साथ छापा मारा। इसमें कम्मूटोला में मोहन ट्रेडर्स, प्रशांत मेडिकल, वंश फार्मा, डॉली ड्रग हाउस, नूर फार्मा, इनाया फार्मा हैं। मुबारक महल में मनी मेडिकल एजेंसी, एपी फार्मा, एचएमजी ड्रग हाउस, नीलकंठ मेडिको कृष्णा कॉम्प्लेक्स में, पोरवाल मेडिकेयर शू मार्केट में, मनु फार्मा कोतवाली के सामने और आरडीएम फार्मास्युटिकल्स नवाबिया मार्केट में है। इनमें से मोहन ट्रेडर्स कम्मूटोला और मनी मेडिकल को सील कर दिया है। नीलकंठ मेडिको और मनु फार्मा पर दवाओं की खरीद-बिक्री पर रोक लगाई है। छापे में 35 संदिग्ध दवाएं मिली हैं। जांच के लिए इनके नमूने लिए गए हैं। नकली ड्रग सिंडिकेट में शामिल फर्मों के 14 संचालकों के खिलाफ थाना कोतवाली में तीन तहरीरें दी गई हैं। आयुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बताया कि नकली-सरकारी दवाओं की तस्करी का अंतरराज्यीय रैकेट सामने आया है। आगरा से हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, दिल्ली व उत्तराखंड में नकली-सरकारी दवाओं की तस्करी के सुबूत मिले हैं। प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दे दी गई है। अभी मामले की जांच चल रही है। एफएसडीए की टीमें इससे पहले आगरा में दो चरणों में छापा मारकर 3.72 करोड़ रुकी दवाएं सीज कर चुकी हैं। चार गोदाम सील हैं। 51 मेडिकल एजेंसी पर छापा मारकर 125 दवाओं के नमूने जांच को भेजे जा चुके हैं। मई में ज्योति ड्रग हाउस के अवैध गोदामों से 2.50 करोड़ की इंसुलिन, वैक्सीन व सैन्य-ईएसआई अस्पताल की दवाएं बरामद हुई थीं। श्री मेडिकल एजेंसीज से 50 लाख की नकली ऑक्सलगिन डीपी जब्त हुई थी। इसका अंतरराज्यीय नेटवर्क सामने आया था। रुड़की (उत्तराखंड) की लेरोई फार्मास्यूटिकल्स पर छापा मारकर नकली पैकेजिंग सामग्री जब्त की गई थी। जून में ब्राइट फार्मा संचालक के आवास पर 5.20 लाख रुपये की जीवनरक्षक वसरकारी दवाओं पर अवैध री-लेबलिंग पकड़ी थी। सीएफ इंटरप्राइजेज, सुमित माधवानी, सुमित गुप्ता के अवैध गोदामों से 67 लाख रुपये की अवैध दवाएं और फिजिशियन सैंपल्स जब्त किए थे। पूरे सिंडिकेट के खिलाफ अब तक छह प्राथमिकी दर्ज कराई जा चुकी हैं। तीसरे चरण की कार्रवाई के बाद तीन प्राथमिकी दर्ज कराने के लिए तहरीर दी गई है।

- आगरा की 58 फर्मों के लाइसेंस निरस्त, जांच को भेजे 35 नमून, दो गोदाम सील

साइबर वज्र अभियान में फिरोजाबाद पुलिस की बड़ी कार्रवाई, 9 साइबर ठग गिरफ्तार

फिरोजाबाद। पुलिस महानिदेशक द्वारा चलाए जा रहे साइबर वज्र अभियान के अंतर्गत एसएसपी आदित्य लांग्हे के निर्देशन में जनपद पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए थाना लाइनपार, रसूलपुर और दक्षिण क्षेत्र से 9 शातिर साइबर ठगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से मोबाइल, बैंक पासबुक, चेकबुक, एटीएम कार्ड, आधार कार्ड और सिम कार्ड सहित बड़ी मात्रा में साइबर अपराध में प्रयुक्त सामग्री बरामद की गई है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त टेलीग्राम, फेसबुक, वर्क फ्रॉम होम ऑफर डिजिटल अरेस्ट, इन्वेस्टमेंट फ्रॉड, पेपर ट्रेडिंग और फर्जी ऑनलाइन स्कीमों के माध्यम से लोगों को ठगी का शिकार बनाते थे। साइबर फ्रॉड से प्राप्त धनराशि को विभिन्न बैंक खातों में ट्रांसफर कर नेटवर्क के अन्य सदस्यों तक पहुंचाया जाता था। थाना लाइनपार पुलिस ने दो अभियुक्तों सूरज और पारस को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध विभिन्न राज्यों में साइबर ठगी की तीन शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें करीब छह लाख रुपये की ठगी की गई थी। जांच में इनके खातों में तीन लाख रुपये की संदिग्ध धनराशि आने की पुष्टि हुई है। थाना रसूलपुर पुलिस ने अंतरराज्यीय साइबर गैंग का पदार्फाश करते हुए साजिद, सोहेल और अल्तमश को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार इनके विरुद्ध विभिन्न राज्यों में 12 शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें करीब 8 करोड़ की साइबर ठगी की गई। गिरोह के खातों में लगभग 70 लाख रुपये आने की जानकारी मिली है, जबकि पुलिस ने एसबीआई खातों में करीब 11 लाख रुपये की धनराशि होल्ड कराई है। इस गिरोह के तीन अन्य सदस्य हसन, रमीज और राशिद अभी फरार हैं। वहीं थाना दक्षिण पुलिस ने चार अभियुक्तों संजय, हेमंत, सूरज और हामिद को गिरफ्तार किया है। इनके विरुद्ध विभिन्न राज्यों में 22 साइबर ठगी की शिकायतें दर्ज हैं, जिनमें करीब एक करोड़ रुपये की धोखाधड़ी हुई है।

प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग ने पौध रोपण कर दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

फिरोजाबाद। प्रदेश सरकार के दूरदर्शी विजन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में रविवारों को पूरे प्रदेश में व्यापक स्तर पर पौधारोपण का अभियान चलाया गया। इसी क्रम में जनपद फिरोजाबाद के राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में प्रमुख सचिव समाज कल्याण विभाग अनुराग यादव द्वारा पौध रोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, प्रमुख सचिव ने इस अवसर पर कहा कि मुख्यमंत्री के नेतृत्व में इस वर्ष पूरे प्रदेश में 35 करोड़ वृक्ष लगाने का लक्ष्य रखा गया है, मुख्यमंत्री जी के विजन को हम केवल सरकारी कार्यक्रम न माने बल्कि हर एक नागरिक का कर्तव्य है, कि वह इस पावन कार्य में सहभागी अवश्य बने। उन्होंने जनता से अपील की कि पर्यावरण संतुलन और आने वाली पीढियों के सुरक्षित भविष्य के लिए इस अभियान में बढ़-चढ़कर हिस्सा लें और अनिवार्य रूप से कम से कम एक पौधा अवश्य लगाएं। राजकीय मेडिकल कॉलेज परिसर में प्रमुख सचिव ने एक विशेष और अनोखी पहल की जमकर सराहना की इस पहल के तहत कॉलेज के मेधावी छात्र-छात्राओं (टॉपर्स) के नाम पर वृक्षों की एक विशेष श्रृंखला तैयार की गई है, प्रमुख सचिव ने कहा कि यह एक बेहद सराहनीय प्रयास है जब मेधावी छात्र-छात्राओं के नाम इन पौधों से जुड़ेंगे तो उनके भीतर इन वृक्षों के प्रति एक भावनात्मक लगाव और जिम्मेदारी का भाव पैदा होगा। मेडिकल कालेज के इन मेधावी छात्रों के नाम पर पौधे लगाए जा रहे हैं जिनमें 2021 बैच के टॉपर हर्षिता शुक्ला अमित कुमार सिंह, गन्धर्व कुमार अवस्थी रितिका चौधरी 2022 के टॉपर वंशिका अग्रवाल 2023 बैच के टॉपर दिव्यांगी शर्माऔर शाजिया जबकि 2024 बेच के टॉपर इशिका जैन, शिवांश प्रताप और जानवी सिंघल शामिल हैं। इससे पौधों की देखरेख और उनका जीवित रहना सुनिश्चित हो सकेगा।

सुभाष बाजार हादसे के बाद सख्ती, नालों पर बने निर्माण हटेंगे, जर्जर भवनों पर चलेगा बुलडोजर

आगरा। सुभाष बाजार में दुकान ढहने की घटना के बाद जिला प्रशासन ने नालों पर बने निमार्णों के खिलाफ सख्त कार्रवाई के संकेत दिए हैं। डीएम मनीष बंसल ने नालों पर बनी दुकानों को हटाने और जर्जर भवनों का सर्वे कर उन्हें गिराने के निर्देश दिए हैं। आगरा के सुभाष बाजार में नाले के ऊपर बनी दुकान गिरने के बाद जिला प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। प्रभावित कारोबारियों व नगर निगम अधिकारियों के साथ शुक्रवार को बैठक में जिलाधिकारी मनीष बंसल ने स्पष्ट कहा कि नाले के ऊपर अब किसी दुकान का निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। नाले पर जो दुकानें या भवन बने हैं, उन पर बुलडोजर चलाया जाएगा। दुकानदारों को दूसरी जगह जाने को कहा गया। सुभाष बाजार के साथ अन्य बाजारों में जर्जर निजी दुकानों को भी तोड़कर नया निर्माण कराया जाए। सर्वे में मिले जर्जर भवनों को सील करने का निर्देश दिया है। डीएम ने यह फैसला ऐसे समय में लिया है जब भारी बारिश की वजह से सुभाष बाजार में नाले पर बनी दुकान ढहने से महिला गंगा देवी लापता हैं। तीन दिनों से चल रही तलाश में अब तक उनका कोई पता नहीं चल सका है। इस मामले में व्यापारी दुकानें खोलने की मांग कर रहे थे। डीएम ने संबंधित कारोबारियों और नगर निगम अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने व्यापारियों के फिर से दुकान बनाने की मांग पर कहा कि नाले पर अब कोई दुकान नहीं बनाई जाएगी। किसी भी नाले पर कोई निर्माण नहीं होगा। इस तरह के हादसे रोकने के लिए नगर निगम को निजी जर्जर दुकानों का सर्वे कराने और उन्हें नोटिस देकर तोड़ने के लिए निर्देश दिए। अपर नगर आयुक्त शिशिर कुमार को नया सर्वे करने और पूर्व में चिह्नित जर्जर भवनों को तोड़कर नया निर्माण कराने की कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। डीएम मनीष बंसल ने बताया कि सुभाष बाजार जैसे हादसे रोकने के लिए नाले पर कोई निर्माण नहीं होने दिया जाएगा। इसका सख्ती से पालन कराया जाएगा।

पौधरोपण अभियान से पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

- जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया पौधारोपण

मथुरा। पर्यावरण संरक्षण और हरियाली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आज ग्राम पंचायत अडीग स्थित स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स परिसर में वृक्षारोपण अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने स्वयं पौधा लगाकर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया और उपस्थित लोगों को प्रकृति की रक्षा करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर ग्रामीणों और युवाओं को संबोधित करते हुए जिला पंचायत अध्यक्ष किशन चैधरी ने कहा, ष्वृक्ष हमारे जीवन का असली आधार हैं। आज के समय में पर्यावरण का संतुलन बनाए रखना बेहद जरूरी हो गया है। हम अधिक से अधिक पौधारोपण करके ही अपनी आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्वच्छ, सुंदर और हरा-भरा वातावरण तैयार कर सकते हैं ष उन्होंने प्रधानमंत्री के संदेश को दोहराते हुए श्एक पेड़ माँ के नामश लगाने की अपील की और कहा कि प्रकृति संरक्षण के लिए हर व्यक्ति का एक छोटा सा कदम भी भविष्य में बड़ा बदलाव ला सकता है। कार्यक्रम के दौरान मुख्य रूप से विनोद प्रमुख, राजेश मास्टर, कपिल सेठ एवं अन्य सम्मानित स्थानीय नागरिकों, जनप्रतिनिधियों और सामाजिक कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। सभी गणमान्य जनों ने परिसर में विभिन्न प्रकार के छायादार व फलदार पौधे रोपे। अंत में जिला पंचायत अध्यक्ष ने सभी उपस्थित जनों से केवल पौधा लगाने ही नहीं, बल्कि उनकी उचित देखरेख और संरक्षण करने का भी आह्वान किया ताकि धरती को वास्तव में हरा-भरा बनाया जा सके।

वीकेंड पर वृंदावन में उमड़ी भारी भीड़

मथुरा। वृंदावन वीकेंड पर रविवार को ठाकुर बांके बिहारी मंदिर में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। कुंज गलियां पैक हो गईं और जाम से धर्मनगरी की सहज रफ्तार थम गई। मंदिर की ओर जाने वाले सभी रास्ते श्रद्धालुओं से पूरी तरह पैक हो गए, जिससे वृंदावन के अधिकांश मुख्य क्षेत्रों में भीषण जाम लग गया। सोशल मीडिया पर कुंज गलियों में उमड़ी बेकाबू भीड़ का वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। अत्यधिक भीड़ के सामने प्रशासन की व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हुईं। भीषण उमस वभारी भीड़ के कारण श्रद्धालुओं का बुरा हाल रहा और धर्मनगरी की रफ्तार पूरी तरह थम गई।

मथुरा में मिला अलीगढ़ के अपराधी कुलदीप का शव

मथुरा। थाना रिफाइनरी क्षेत्र की हरिधाम कॉलोनी से रविवार सुबह एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। यहां एक नवनिमार्णाधीन मकान में शातिर अपराधी का शव बरामद हुआ है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस के उच्चाधिकारियों और फील्ड यूनिट ने मौके पर पहुंचकर साक्ष्य जुटाए। क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी प्रवीण तिवारी ने बताया कि रविवार सुबह लगभग 11 बजे डायल 112 के माध्यम से सूचना मिली थी कि हरिधाम कॉलोनी में एक निमार्णाधीन मकान में एक शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम और उच्च अधिकारियों ने तुरंत घटनास्थल का निरीक्षण किया। इसके साथ ही फॉरेंसिक (फील्ड) यूनिट को भी मौके पर बुलाकर वैज्ञानिक साक्ष्य संकलित किए गए। ?शव की शिनाख्त कुलदीप (पुत्र हुकम सिंह) के रूप में हुई है, जो कि जनपद अलीगढ़ के थाना टप्पल अंतर्गत हेतलपुर का निवासी था। पुलिस जांच में सामने आया है कि मृतक कुलदीप का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है और उसके खिलाफ विभिन्न जनपदों में एक दर्जन (12) से अधिक आपराधिक मामले दर्ज हैं। सीओ प्रवीण तिवारी के मुताबिक घटना स्थल के निरीक्षण, प्रारंभिक जांच और आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगालने के बाद प्रथम द्दष्टया यह प्रतीत हो रहा है कि कुलदीप की मौत किसी दुर्घटना के कारण हुई है। ?पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

आबादी और संसाधनों के बीच बनायें संतुलन

मनोज बाजपेयी

हर वर्ष 11 जुलाई को विश्व जनसंख्या दिवस मनाया जाता है। इस साल भी मनाया गया। देश की बढ़ती हुई आबादी के प्रबंधन, उनके लिए जरूरी संसाधनों को जुटाने और इस क्रम में पर्यावरणीय चुनौतियों का समाधान खोजने के लिए विचार-विमर्श हुए। विशेषज्ञों ने गोष्ठियों और सेमिनारों में अपने विचारों को देश के साथ साझा किया। दरअसल इस दिवस का उद्देश्य बढ़ती जनसंख्या से जुड़े मुद्दों के प्रति लोगों में जागरूकता पैदा करना तथा परिवार नियोजन, मातृ स्वास्थ्य, लैंगिक समानता, शिक्षा और सतत विकास के महत्व को रेखांकित करना है। इस दिवस की शुरूआत 1989 में यूएन द्वारा की गई थी। इसकी प्रेरणा 11 जुलाई 1987 को मिली, जब विश्व की जनसंख्या लगभग 5 अरब तक पहुंच गई थी। वैसे यह दिन केवल जनसंख्या पर चर्चा करने का अवसर नहीं है, बल्कि यह भी याद दिलाता है कि प्रत्येक व्यक्ति को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा, रोजगार और सम्मानजनक जीवन का अधिकार है। आज विश्व की जनसंख्या 8 अरब से अधिक हो चुकी है। जनसंख्या वृद्धि ने विकास के अनेक अवसर दिए हैं लेकिन इसके साथ संसाधनों पर दबाव, पर्यावरणीय संकट, बेरोजगारी, गरीबी, जल संकट, खाद्य सुरक्षा और शहरीकरण जैसी चुनौतियां भी बढ़ी हैं। यदि जनसंख्या वृद्धि और संसाधनों के बीच संतुलन नहीं बनाया गया तो आने वाले वर्षों में इन समस्याओं की गंभीरता और बढ़ सकती है।

भारत विश्व के सबसे अधिक आबादी वाले देशों में शामिल है। विशाल जनसंख्या भारत की सबसे बड़ी ताकत भी है और सबसे बड़ी चुनौती भी। यदि देश के युवाओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार उपलब्ध कराया जाये, तो यही जनसंख्या आर्थिक विकास का आधार बन सकती है। दूसरी ओर यदि स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के अवसर पर्याप्त न हों, तो सामाजिक और आर्थिक समस्याएं बढ़ सकती हैं। जनसंख्या वृद्धि का सबसे अधिक प्रभाव प्राकृतिक संसाधनों पर पड़ता है। बढ़ती आबादी के कारण जल, भूमि, वन और ऊर्जा संसाधनों पर दबाव लगातार बढ़

> प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा, रोजगार सृजन, महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक समानता जैसे पहलुओं पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। सरकार, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और नागरिकों को मिलकर जनसंख्या संबंधी चुनौतियों का समाधान खोजना होगा।

रहा है। शहरों का तेजी से विस्तार हो रहा है, जिससे प्रदूषण, यातायात, कचरा प्रबंधन और आवास जैसी समस्याएं भी गंभीर होती जा रही हैं। जलवायु परिवर्तन के दौर में संतुलित जनसंख्या वृद्धि और टिकाऊ विकास की आवश्यकता पहले से कहीं अधिक महत्वपूर्ण हो गई है। विश्व जनसंख्या दिवस परिवार नियोजन के महत्व पर भी विशेष बल देता है। छोटे परिवार से माता और बच्चों का स्वास्थ्य बेहतर रहता है, बच्चों को अच्छी शिक्षा मिलती है और परिवार की आर्थिक स्थिति भी मजबूत होती है। महिलाओं की शिक्षा, स्वास्थ्य सेवाओं तक पहुंच और निर्णय लेने की क्षमता बढ़ाने से जनसंख्या स्थिरीकरण में महत्वपूर्ण योगदान मिलता है। यही कारण है कि लैंगिक समानता और महिला सशक्तिकरण को सतत् विकास की आधारशिला माना जाता है।

विमर्श

भारत सरकार और विभिन्न राज्य सरकारें परिवार कल्याण, मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण, पोषण और जनजागरूकता से जुड़े अनेक कार्यक्रम चला रही हैं। इन योजनाओं का उद्देश्य केवल जनसंख्या नियंत्रण नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाना है। ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार, किशोर-किशोरियों को सही जानकारी और महिलाओं को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराना इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम हैं। आज आवश्यकता केवल जनसंख्या बढ़ने या घटने पर चर्चा करने की नहीं, बल्कि मानव संसाधन के समुचित विकास की है। यदि प्रत्येक बच्चे को अच्छी शिक्षा, पौष्टिक भोजन, स्वास्थ्य सुविधाएं और सुरक्षित वातावरण मिले, तो वह देश के विकास में प्रभावी योगदान दे सकता है। इसलिए जनसंख्या नीति का केंद्र मानव विकास होना चाहिए। विश्व जनसंख्या दिवस हमें यह भी संदेश देता है कि विकास तभी सार्थक होगा जब वह समावेशी और टिकाऊ हो।

प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा, रोजगार सृजन, महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक समानता जैसे पहलुओं पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। सरकार, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और नागरिकों को मिलकर जनसंख्या संबंधी चुनौतियों का समाधान खोजना होगा। विश्व जनसंख्या दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेने का अवसर है। संतुलित जनसंख्या, स्वस्थ समाज, शिक्षित युवा, सशक्त महिलाएं और सुरक्षित पर्यावरण ही विकसित भारत की मजबूत नींव बन सकते हैं। आइए, विश्व जनसंख्या दिवस (11 जुलाई) के अवसर पर हम सभी यह संकल्प लें कि जनसंख्या के साथ-साथ मानव विकास, पर्यावरण संरक्षण और सतत विकास को भी समान महत्व देंगे, ताकि आने वाली पीढि ?ों के लिए एक सुरक्षित, समृद्ध और संतुलित भविष्य सुनिश्चित किया जा सके। देश की बढ़ती जनसंख्या राष्ट्रीय चिंता है। इस पर जन-जागरूकता जरूरी है। शिक्षित और जागरूक परिवार जनसंख्या नियंत्रण के पक्ष में हैं। समृद्ध परिवारों की प्रजनन दर गरीब परिवारों की प्रजनन दर से कम है। जनसंख्या में कमी, बेहतर पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सुविधाओं जैसे सभी लक्ष्यों को पाने के लिए सरकारों और सामाजिक संस्थाओं के बीच बेहतरीन सामंजस्य की जरूरत है। महिलाओं की आर्थिक स्थिति में सुधार और शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार करना तथा अधिक बच्चों को जन्म देने के दृष्टिकोण और सोच को बदलना आदि कुछ ऐसे उपाय हैं जिनसे जनसंख्या को नियंत्रित किया जा सकता है। हमें छोटे परिवार का महत्व समझना होगा। अगर परिवार छोटा होगा, तो जरूरी सुविधाएं जुटाना आसान हो जाता है।

विश्व जनसंख्या दिवस हमें यह भी संदेश देता है कि विकास तभी सार्थक होगा जब वह समावेशी और टिकाऊ हो। प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण, पर्यावरण की रक्षा, रोजगार सृजन, महिलाओं की भागीदारी और सामाजिक समानता जैसे पहलुओं पर समान रूप से ध्यान देना आवश्यक है। सरकार, सामाजिक संगठनों, शिक्षण संस्थानों और नागरिकों को मिलकर जनसंख्या संबंधी चुनौतियों का समाधान खोजना होगा। अंततः, विश्व जनसंख्या दिवस केवल एक औपचारिक आयोजन नहीं, बल्कि जिम्मेदार नागरिक बनने का संकल्प लेने का अवसर है। इसके साथ हमे जनसंख्या और आर्थिक विकास एवं सामाजिक, पर्यावरणीय चुनौतियों को एक साथ देखने और संपूर्ण समाधान खोजने के प्रति हमे अपनी प्रतिबद्धता और संकल्प को दिखाना होगा। आज जनसंख्या चुनौती भी है, तो अवसर भी है। इसलिए यह जरूरी है कि हम अपनी डमोग्राफी को विकास के संसाधान के रूप में इस तरह से नियोजित करें कि देश की बड़ी आबादी हमारी ताकत बन जाये।

(लेखक कार्यकारी संपादक हैं)

सामूहिक सुरक्षा का संकल्प

उत्तर अटलांटिक संधि संगठन (नाटो) की बैठक अंकारा में ऐसे दौर में हुई जब यह संगठन अमरीका के बदलते रवैये के कारण एक साथ अनेक चुनौतियों का सामना कर रहा है। इसके बावजूद तुर्किये की राजधानी अंकारा में आयोजित शिखर बैठक में सामूहिक रक्षा के प्रति अपनी अटूट प्रतिबद्धता को नाटो के सदस्य देशों ने दोहराया। यह प्रतिबद्धता उत्तर अटलांटिक संधि के अनुच्छेद 5 में निहित है जो कहती है कि किसी एक पर हमला, सभी पर हमला माना जाएगा। नाटो का यह बुनियादी सिद्धांत हालिया वर्षों में दबाव में रहा है क्योंकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनॉल्ड ट्रंप लगातार यूरोपीय देशों के रक्षा व्यय की पर्याप्तता और इस सैन्य गठबंधन की उपयोगिता पर प्रश्नचिन्ह लगाते रहे हैं। अंकारा में आयोजित हालिया दो-दिवसीय शिखर सम्मेलन यदि किसी बात को रेखांकित करता है तो वह है रूस से उत्पन्न खतरों का मुकाबला करने के लिए यूरोपीय और कनाडाई सहयोगियों का अपने दायित्वों को और मजबूत करने का संकल्प। जाहिर सी बात है कि रक्षा बजट और यूक्रेन को समर्थन इस शिखर सम्मेलन के आधिकारिक एजेंडे में सबसे ऊपर रहे। गत वर्ष गठबंधन ने मूल रक्षा आवश्यकताओं में निवेश को 139 अरब डॉलर से अधिक बढ़ाया था। अंकारा में, गठबंधन ने यूरोपीय और अमेरिकी निर्माताओं से विभिन्न साजो-सामान की नई खरीद में अतिरिक्त 50 अरब डॉलर की घोषणा की। जैसे स्वीडन की साब से प्रारंभिक चेतावनी प्रणाली, टोही विमान, एयरबस से सैन्य परिवहन वाहन बेड़ा और लॉकहीड मार्टिन के साथ मिसाइल सौदे। गठबंधन ने यूक्रेन (जो नाटो का सदस्य नहीं है) को रूस के खिलाफ युद्ध में सैन्य साजो-सामान, सहायता और प्रशिक्षण के लिए 70 अरब डॉलर देने का भी वादा किया। इसके बावजूद केवल पांच नाटो सदस्य ही उस लक्ष्य को पूरा करने की संभावना रखते हैं जो पिछले वर्ष हेग शिखर सम्मेलन में निर्धारित किया गया था। यानी सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 3.5 फीसदी

मूल रक्षा पर खर्च करना जो पहले के 2 फीसदी लक्ष्य से अधिक है। ये खर्च मुख्यतः उन देशों द्वारा किए जा रहे हैं जो रूसी आक्रामकता के प्रति संवेदनशील हैं। यानी लिथुआनिया, एस्टोनिया, लातविया, पोलैंड और ग्रीस। जर्मनी, ब्रिटेन और फ्रांस जैसे तीन बड़े देश ऐतिहासिक 2 फीसदी लक्ष्य से थोड़ा अधिक खर्च करना जारी रखेंगे। अमेरिका का अनुमानित खर्च 3.17 फीसदी है, और वह जर्मनी के साथ मिलकर नाटो के प्रत्यक्ष वित्तपोषण का सबसे बड़ा हिस्सा साझा करता है जो दोनों के लिए तकरीबन 14-14 फीसदी है। पिछले वर्ष दिए गये इस संतुलित संदेश का ट्रंप पर कोई प्रभाव नहीं दिखा। उनके अस्थिर बर्ताव ने अमेरिकी इरादों को लेकर अनिश्चितता को और बढ़ा दिया। इसमें एकमात्र लाभार्थी यूक्रेन रहा जहां ट्रंप और जेलेंस्की ने पहले की कटुता को किनारे रखकर एक समझौते पर हस्ताक्षर किए जिसके तहत महंगे पैट्रियट मिसाइल सिस्टम का उत्पादन यूक्रेन की राजधानी कीव में करने का अधिकार बढ़ा दिया गया। हालांकि अमेरिकी राष्ट्रपति ने शिखर सम्मेलन को अत्यंत सफल बताते हुए जबरदस्त एकता का दावा किया परंतु उन्होंने डेनमार्क के क्षेत्र ग्रीनलैंड पर अमेरिकी दावे को दोहराया और रक्षा खर्च तथा पश्चिम एशिया के युद्ध को लेकर स्पेन के साथ व्यापार को तुरंत रोकने का आदेश दिया। जाहिर है यह शिखर सम्मेलन में विवाद का केंद्र बन गया क्योंकि स्पेन ने ईरान के खिलाफ अभियानों के लिए अमेरिकी सैन्य विमानों के लिए अपना हवाई क्षेत्र बंद कर दिया और इटली ने पश्चिम एशिया में तैनाती के लिए अमेरिकी सेना को सिसिली एयरबेस का उपयोग करने की अनुमति देने से इनकार कर दिया। उल्लेखनीय है कि ट्रंप ने शिखर सम्मेलन को युद्धविराम समाप्त करने और 8 जुलाई को ईरान पर दर्जनों हमलों की घोषणा करने के लिए चुना जो स्पष्ट रूप से होर्मुज स्ट्रेट में जहाजों पर ईरानी हमलों के प्रतिशोध में किया गया। दरअसल इन हमलो ने इन हमलों ने वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए अनिश्चितता बढ़ा दी है जिससे कच्चे तेल की कीमतें फिर से बढ़ने लगी हैं।

विचार

ताजा दुहा हुआ दूध जिसप्रकास शीघ्र नहीं बिगड़ता, उसी प्रकार कुकर्मी का फल भी शीघ्र नहीं मालूम होता किंतु वह राख में दबी हुई अग्नि की तरह विद्यमान है।
–महात्मा बुद्ध.

यदि कोई काम नहीं करता तो उसे खाना भी नहीं खाना चाहिए।
–बाइबिल.

यह संसार कायर पुरुषों के लिए नहीं है। पलायन करने काप्रयास मत करो।
–स्वामी विवेकानंद.

काम से जो मनुष्य पीड़ित है,वह जड़ और चेतन में भेद नहीं कर सकता।
–कालिदास.

जोकायरतासे शत्रु के बल की वृद्धि होती है और अपनी शक्ति का ह्रास होता है। अत: जहां तक बने कायरता को अपने पास न फटकने दें।
–मुनि गणेशवर्णी.

सोशल मीडिया

जम्मू कश्मीर के सीएम उमर अब्दुल्ला ने बेहद गैर जिम्मेदाराना और निंदनीय बयान दिया है। उन्होंने बिना किसी तथ्य या प्रमाण के भाजपा पर निराधार आरोप लगाये हैं। –सुधांशु त्रिवेदी.

मेरठ की बेटी के साथ हुए महा-अत्याचार व हत्या के बाद जिस तरह नामजद आरोपियों पर बहुत कमजोर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया, वो नाइंसाफी की परा-काष्ठा है। अखिलेश यादव

भीषण बारिश से कई राज्यों, महाराष्ट्र और हिमाचल प्रदेश में, भारी तबाही व अनेक लोगों की मृत्यु का समाचार अत्यंत दुखद है, पीड़ितों के प्रति मेरी गहरी संवेदना है। राहुल गांधी.

आस्था के रूप

अंतर्दृष्टि

श्रद्धा हमारे सरल सवभाव, सोच और हृदय की एक ऐसी भावना है जो श्रद्धा में अभिव्यक्त होती है। परमात्मा के प्रति उदारतापूर्वक आत्मभावना पैदा होती है वही श्रद्धा है। सात्विक श्रद्धा की पूर्ण में अंतःकरण स्वतः पवित्र हो उठता है। श्रद्धायुक्त जीवन की विशेषता से ही मनुष्य स्वभाव में ऐसी सुन्दरता बढ़ती जाती है जिसको देख कर श्रद्धावान स्वयं संतुष्ट बना रहता है। श्रद्धा सरल हृदय की ऐसी प्रीतियुक्त भावना है जो श्रेय पथ की सिद्धि कराती है। श्रद्धा का अविर्भाव सरलता और पवित्रता के संयोग से होता है। पार्थिक वस्तुओं से ऊपर उठने के लिए सरलता और पवित्रता इन्हीं दो गुणों की अत्यंत आवश्यकता होती है। इच्छा में सरलता और प्रेम और पवित्रता का विकास जितना अधिक होगा उतनी ही अधिक श्रद्धा बलवान होगी। सरलता के द्वारा परमात्मा की भावानुभति होती है और पवित्र प्रेम के माध्यम से उसकी रसानुभूति, श्रद्धा दोनों का सम्मिलित स्वरूप है। उसमें भावना भी है, रस भी। जहां उसका उदय हो वहीं लक्ष्य प्राप्ति की कठिनाई का अधिकांश समाधान तुरन्त हो जाता है। अज्ञान अंधकार में भटके हुए लोकजीवन को सत्मार्ग पर अग्रसर करने का माध्यम उनके द्वारा जगाई हुई श्रद्धा का पूर्ण पाठ साधना की स्थिरता के लिए तब भी आवश्यक था। युग और परिस्थितियां बदल जाने पर आज भी आवश्यक है। परमात्मा सत्य है, उसके गुण और स्वभाव अपरिवर्तनशील हैं। इसी तरह वहां तक पहुंचने का मार्ग और माध्यम भी अपरिवर्तित ही है। उसे आज भी पाया और अनुभव किया जा सकता है पर उस स्थिति की परपक्वता के बीच में जो साधनायें, परिवर्तन, हलचल, कठिनाइयां और दुरभिसन्धियां आती हैं उनमें लक्ष्य प्राप्ति की भावना की स्थिरता के लिए श्रद्धा आवश्यक है।

यहां श्रद्धा की शक्ति का संक्षिप्त सा आभास दिया गया है कि उसे मानव जीवन की सर्वोपरि सामर्थ्य के रूप में समझ सकने में सुविधा हो। देवलोक यही है। देवता इसी क्षेत्र में जन्मते, बढ़ते, परिपुष्ट होते और वरदान दे सकने के लिए सक्षम बनते हैं। उनका उदय एवं अस्त भी इसी श्रद्धा के अनन्त अंतरिक्ष में होता रहता है। मंत्र देवता गुरु उपासना साधना सिद्धि आदि का सारा आधार श्रद्धा की आधारशिला पर खड़ा है। सच तो यह है कि साधा का विशालकाय कलेवर इसलिए खड़ा किया गया है कि उन लौह श्रृंखलाओं में जकड़ कर श्रद्धा विश्वास रूप महादैत्य को उपयोग प्रयोजन उत्पन्न कर सकने के लिए प्रशिक्षित किया जा सके। श्रद्धा से व्यक्तित्व का निर्धारण होता है। श्रद्धा अनेक क्रियाकलापों का सूत्र संचालन और उन्हें सफलता के उच्च स्तर तक पहुंचा सकना संभव होता है। आत्मा का सबसे विश्वस्त और सबसे घनिष्ठ सचिव श्रद्धा ही है।

डॉयलॉगबाजी का आधुनिक दौर

व्यंग्यलोक

उत्तर आधुनिक जमाने से डायलॉग फूट रहे हैं। एक डायलॉग मॉम ने अपने बेटे से किया- बेटे! एक हाथ में मोबाइल ले ले और दूसरे हाथ में टीवी का रिमोट पकड़ ले ले। तब तक मैं खाना लगाती हूं। माय लवली चाइल्ड! मैंने तुम्हारे लिए अभी एक बर्गर ऑर्डर दिया था, जो बाजार से हमारे ड्रोन ने डाइनिंग टेबल पे रख दिया है। हॉस्पिटल में डायलॉग भारी है। डॉक्टर किसी परिजन को कह रहे हैं- आप इन्हें सही समय पर ले आए हैं। अगर थोड़ी भी देर और हो जाती तो इन्हें मारना मुश्किल हो जाता। वैसे घबराने की कोई बात नहीं है। मैंने इन्हें इंजेक्शन दे दिया है। कल सुबह तक इन्हें होश नहीं आएगा। आपके ऑर्डर के मुताबिक कल तक यह इंसान मुर्दे में तब्दील हो जाएगा। लेकिन आप होश में रहना और और मेरा बिल कैश में ही देना। मेरी कोशिश पूरी है, लेकिन आपके लिए अगले 24 घंटे नाजुक हैं, भगवान से प्रार्थना करिए कि ये बंदा आपकी इच्छा अनुसार ही सलट जाए। इंसान से मुर्दे में तब्दील बंदे की सांसें कह रही हैं- भगवान के लिए मुझे छोड़ दो। ये लो ब्लैंक चेक ले लो। इस पर अपनी कीमत लिख लो और मुझे इस हॉस्पिटल से घर ले चलो। इस पवित्र अवसर पर डॉन बना परिजन अपनी निजी पत्नी को कहता है- मोना डार्लिंग! ये तो खुशी के आंसू हैं! इन्हें यूं ही कोई जाया नहीं करते। तभी एक दोस्त हॉस्पिटल में आया और कहने लगा- मैं इधर से गुजर रहा था सोचा आपसे मिलता चलूं। मुझे पता है कि आप अपने परिजन को मुर्दा बनाने के कार्यक्रम में इधर नए हॉस्पिटल टूरिज्म पर हैं। और हां! इनसे मिलिए ये हैं शहर के मशहूर प्राइवेट श्मशान घाट के ग्रांड बिजनेसमैन! करीब 9 देशों एवं 75 शहरों में उनके श्मशान घाट फैले हैं। मेरी कोई मदद हो तो जरूर कहिएगा। मीट माई सन विक्की, आज ही विलायत से पढ़ाई पूरी करके लौटा है। बाई दा वे आपकी डॉटर इधर नहीं दिख रही है। चुनावी साल में डायलॉग बहुत पल रहे हैं। सच तो यह है कि घर, परिवार और चुनावी अदालतें सबूतों से नहीं जज्बातों से ही चलती है। मेरे सभी सियासी फाजिल दोस्त चुनावी अदालतों में वोटरों का सिर्फ कीमती वक्त ही जाया करते हैं, मी लार्ड! परिवार और चुनावी अदालतें सारे सबूतों और गवाहों के बयानों के मद्देनजर किसी भी खास नतीजे पर नहीं पहुंचती हैं और हमेशा की तरह है मामला सारा गुड़ गोबर ही रहता है। नेता चमचों को हड़का रहा है- ड्राईवर, उस गाड़ी का पीछा करो। जल्दी! उसमें पिछली वाली गली का एक वोटर जा रहा है। इधर सरकार बन रही है और वोटर साहब कह रहे हैं- पता नहीं यह किसका पाप है? मैं उस नेता का गुरूर तोड़ कर रहूंगा।

मिटती रेखाओं में फिर से भरा जा रहा है रंग

कला के संरक्षण की मुहिम

भारत की पहचान केवल उसके विशाल भू-भाग, रंग-बिरंगी वेष भूषाएं, अनेकों तरह के त्योहार और सैकड़ों बोलियों और दर्जनों भाषाओं से ही नहीं है बल्कि भारत की पहचान का एक बड़ा और मजबूत जरिया हमारी लोक और पारंपरिक कलाओं से भी है। देश के हर क्षेत्र में अपनी मिट्टी, अपनी जलवायु, अपनी आस्था और जीवनशैली के अनुरूप अपनी अनूठी कला परंपराएं भी विकसित की हैं। वास्तव में इन्हीं कला परंपराओं ने सदियों से भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवित रखा है। चाहे मधुबनी पेटिंग्स हों, चाहे पट्टचित्र, चाहे कलमकारी, चाहे वार्ली, चाहे गोल्ड, चाहे फड़, चाहे पिथौरा, चाहे कांगड़ा, चाहे तंजावुर, चाहे ऐपन, चाहे कावी या फिर मंजूषा जैसी कलाएं हों। ये सब महज चित्र नहीं है बल्कि अपने-अपने समाज और संस्कृति की ये सभी कलाओं का जीवंत दस्तावेज हैं। लेकिन बदलती जीवनशैली, तेजी से बढ़ते शहरीकरण और मशीन आधारित उत्पादन, तकनीक ने इन पारंपरिक कलाओं के सामने अस्तित्व का संकट खड़ा कर दिया है।

कई लोक कलाकार मजबूरीवश दूसरे रोजगार अपनाने को बाध्य हो गये हैं। इसलिए अनेक कला शैलियां धीरे-धीरे व्यवहारिक धरातल से सिमटकर सिर्फ स्मृतियों तक सीमित हो रही है। ऐसे में इन कलाओं के संरक्षण और पुनर्जीवन की दिशा में शुरू हुई नई पहलें इन कलाओं को जिंदा रखने की उम्मीद बनकर सामने आयी हैं। दरअसल आज संरक्षण का अर्थ केवल पुराने चित्रों या भित्तिचित्रों को बचाना भर नहीं है। अब यह कलाकारों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने, नई पीढ़ी को इनसे जोड़ने और आधुनिक तकनीक के माध्यम से इन्हें वैश्विक मंच तक पहुंचाने का प्रयास भी हैं। भारत में अनेक विश्व विद्यालय, संग्रहालय, सांस्कृतिक संस्थाएं और स्वयंसेवी संगठन, लोककलाओं के दस्तावेज तैयार कर रहे हैं। पहले जहां किसी कला का ज्ञान केवल गुरु, शिष्य परंपरा से आगे बढ़ता था, वहीं अब यह जरिया डिजिटल रिकॉर्डिंग, ऑन लाइन अभिलेखन और वर्चुअल प्रदर्शनी के जरिये भी हो रहा है। इससे आने वाली पीढ़ियों के लिए इन कलाओं का ज्ञान सुरक्षित रहेगा। सबसे उत्साहजनक परिवर्तन यह है कि तकनीक अब परंपरा की प्रतिद्वंदी नहीं रही बल्कि उसकी सहयोगी बन रही है। उत्तराखंड के प्रसिद्ध ऐपन कला को डिजिटल माध्यमों और वर्चुअल तकनीकों के जरिये संरक्षित करने के प्रयास हो रहे हैं। इससे न केवल इसके डिजाइन और प्रतीकों का वैज्ञानिक दस्तावेज तैयार हो रहा है बल्कि युवावर्ग भी इस कला से जुड़ रहा है। इसी तरह गोवा और कनार्टक के तटीय क्षेत्रों की पारंपरिक कावी कला, जो प्राकृतिक लाल मिट्टी और चूने से दीवारों पर बनायी जाती है, पुनर्जीवन की दिशा में बढ़ रही है। संरक्षण विशेषज्ञ पुराने मंदिरों और ऐतिहासिक भवनों में इस कला को सुरक्षित रखने के साथ-साथ नये कलाकारों को इसका प्रशिक्षण दे रहे हैं। भारत को अनेक लोककलाओं को अब जीआई का दर्जा भी मिल रहा है। इससे उनकी विशिष्ट पहचान सुरक्षित रहती है और कलाकारों को उचित बाजार मिलने की संभावना बढ़ती है। यह कदम नकली उत्पादों पर रोक लगाने का भी एक जरूरी उपाय बनकर सामने आया है। इस तरह देखा जाए तो डिजिटल युग में सोशल मीडिया भी लोककलाओं के लिए एक तरह का वरदान साबित हुआ है। पहले किसी छोटे गांव का कलाकार अपनी कला को बेचने के लिए यानी रोजी-रोटी कमाने के लिए सिर्फ अपने स्थानीय परिवेश तक सीमित था। अपने मेले और हाट तक ही उसकी कला के पूछने वाले होते थे। लेकिन अब वही कलाकार अपने चित्र, मूर्तियां या हस्तशिल्प न केवल देश-प्रदेश के किसी कोने में बल्कि बहुत आसानी से दुनिया के कोने-कोने तक बेच सकते हैं। इंस्टाग्राम, यू-ट्यूब और ऑनलाइन मार्केट प्लेस ने पारंपरिक कला को नया बाजार दिया है। नई शिक्षा नीति ने भारतीय ज्ञान परंपरा और स्थानीय कलाओं पर बढ़ते जोर ने सकारात्मक माहौल बनाया है। अनेक विद्यालयों और महाविद्यालयों में लोककला आधारित कलाशालाएं आयोजित की जा रही हैं। इन कार्य शालाओं में बच्चे केवल चित्र बनाना ही नहीं सीख रहे बल्कि उनके पीछे छिपे इतिहास, लोककथाओं और सांस्कृतिक मूल्यों को भी आत्मसात कर रहे हैं। ...और हां, हाल के सालों में घुमक्कड़ी के जरिये भी यानी पर्यटन भी कलाओं के संरक्षण में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर रहा है। राजस्थान, मध्य प्रदेश, बिहार, ओड़िसा, गुजरात और उत्तराखंड जैसे राज्यों में कलाग्राम, हस्तशिल्प मेले और सांस्कृतिक उत्सव, स्थानीय कलाकारों को नया मंच प्रदान कर रहे हैं।

नरेन्द्र शर्मा.

आप की बात

परिवहन प्रणाली में बदलाव

सभ्यता के प्रारम्भ से आधुनिक और स्मार्ट दौर तक हर चीज में बदलाव आया है। परिवर्तन समाज का नियम है। जो इसे समझने में देर करता है वह पिछड़ जाता है। आयात पर अत्यधिक निर्भरता को घटाने, प्रदूषण फैलाने वाले जीवाश्म ईंधन के स्थान पर स्वच्छ ईंधन की तरफ बढ़ने और ऊर्जा आत्म निर्भरता को मजबूत करने के लिए पिछले कुछ सालों में सरकार ने कई पहल की है। दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने और 400 जिलों में खाना बनाने के लिए पाइप से गैस की आपूर्ति की महत्वाकांक्षी परियोजना की शुरुआत की गयी है। ऊर्जा आज समाज की एक ऐसी जरूरत है जिसके बिना किसी भी व्यक्ति का एक मिनट भी गुजारा संभव नहीं है। ऊर्जा की इस अपरिहार्यता के मद्देनजर ही आज पूरी दुनिया ऊर्जा के नये-नये विकल्पों की तलाश में है। राष्ट्रों की डिप्लोमेसी ऊर्जा हितों के संरक्षण के आसपास घूमती है। ऑयल मोनोपोली को खत्म करने के लिए अमरीका ने शेल गैस का प्रभावी एवं स्वच्छ विकल्प विकसित किया है तो जापान सोलर एनर्जी में बहुत आगे बढ़ चुका है। अब परमाणु ऊर्जा या कोयले से चलने वाले प्रदूषणकारी थर्मल पॉवर की उतनी चर्चा नहीं हो रही जितनी की सोलर एनर्जी, ग्रीन गैस और बायो फ्यूल पर फोकस किया जा रहा है। भारत विशाल आबादी वाला देश है और यहां की ऊर्जा जरूरतें भी बहुत ही संवेदनशील हैं। इसलिए भारत के लिए यह बेहतर विकल्प होगा कि अपनी ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने के लिए एक तो आयात से निर्भरता कम करे और दूसरे स्वच्छ ईंधन की तरफ आगे बढ़े। स्वच्छ एवं वैकल्पिक परिवहन ईंधन की दिशा में देश तेजी से आगे बढ़ भी रहा है। शहरों में डीजल एवं पेट्रोल के वाहनों पर नियंत्रण के लिए तमाम पाबंदियां लगायी जा रही हैं। सीएनजी से चलने वाले वाहनों को बढ़ावा देने के लिए ही दस हजार सीएनजी स्टेशन खोलने पर काम चल रहा है।

राहुल विश्वकर्मा, लखनऊ.

विकास और रोजगार सृजन

प्रदेश में विकास और रोजगार सृजन का वातावरण बनाने के लिए सरकार प्रयास कर रही है। उत्तर प्रदेश में रोजगार की राह दिनोंदिन कठिन होती जा रही है। सरकारी नौकरियों में युवाओं के चयन में जिस तरह का भ्रष्टाचार, पक्षपात दशकों से व्याप्त है, उसको खत्म करना सरकार के लिए सिरदर्द बन गया है। प्रदेश सरकार ने पूर्व की कई भर्तियों में धांधली प्रकाश में आने पर चयन निरस्त कर दिया है। लोक सेवा आयोग तक की भर्तियों की सीबीआई जांच चल रही है, क्योंकि आरोप है कि पूर्व में लोक सेवा आयोग के माध्यम से सरकारी सेवकों के चयन में धांधली की गयी और मनमाने तरीके से नौकरियां बांटी गयीं। लंबे समय तक सरकारी नौकरियों के चयन में हुआ भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। प्रदेश सरकार ने नौकरियों में घूसखोरी पर काफी हद तक अंकुश लगाने का काम किया है, लेकिन जो दलाल इस धंधे से जुड़े थे, कहीं न कहीं वे आज भी परीक्षाओं की पवित्रता भंग देते हैं, इस कारण भर्तियां कठिन हो गयी हैं। पिछले साल पुलिस भर्ती परीक्षा में पेपर लीक, नकल और फर्जी परीक्षार्थियों के सहारे परीक्षा की निष्पक्षता को तार-तार करने की कोशिशें हुईं। इनमें जो लोग पकड़े गये हैं उनमें प्रिंसिपल, पुलिस से लेकर बिहार तक के सक्रिय गिरोह का नाम सामने आया। इसी तरह शिक्षक भर्ती परीक्षा में कटऑफ, कॉपी बदलने, वाइटनर से उत्तर बदलने जैसे आरोपों के बाद यह परीक्षा विवादित हो गयी और आज तक न्यायालय से विवाद नहीं सुलझ सका। पिछले साल एलटी ग्रेड शिक्षकों की भर्ती में पेपर आउट कराने के मामले में परीक्षा नियंत्रक और पेपर छापने वाले प्रकाशक गिरफ्तारी हुई है। इसी तरह लोवर सबार्डिनेट की 700 पदों की भर्तियां भी पेपर लीक होने के कारण निरस्त कर दी गयीं। सपा सरकार की भर्तियों में तमाम आरोप लगे। यह चिंताजनक है। नयी सरकार को भर्तियों को और साफ-सुथरा बनाना चाहिए।

मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.

संक्षेप

नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर। नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को मदनपुर थाना पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है। आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की गंभीर धाराओं के साथ पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज है।

एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह एवं सीओ मड़ावरा आलोक कुमार अग्रहरि के निकट पर्यवेक्षण में जनपदभर में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत यह कार्रवाई की गई। पुलिस के अनुसार थाना मदनपुर में दर्ज मु.अ.सं. 23/2026 में बीएनएस की धारा 87, 137(2), 64(1), पॉक्सो एक्ट की धारा 5/6 के तहत आरोपी की तलाश की जा रही थी। इसी क्रम में पुलिस ने वांछित आरोपी म.प्र. के जिला सागर अंतर्गत थाना रहली के ग्राम नवलपुर कछरा निवासी रज्जू पुत्र स्व.गनेश को गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी करते हुए न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।

पौधारोपण तभी सफल होगा जब पौधों का संरक्षण भी हो : मनोहरलाल

जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, बच्चों और आमजन ने लगाया एक पेड़ मां के नाम

ललितपुर। प्रदेश सरकार के महत्वाकांक्षी 35 करोड़ वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 के अंतर्गत रविवार को जनपद में वृहद वृक्षारोपण अभियान का भव्य शुभारंभ गोविंद सागर बांध की तलहटी से हुआ। पूरे जिले में लगभग 94 लाख पौधों के रोपण का कैलाश नारायण, नपाध्यक्ष सोनाली जैन, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी सहित अन्य अतिथियों का पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया। राज्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नेतृत्व में प्रदेश में एक ही दिन 35 करोड़ पौधों का रोपण

- प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम अवश्य लगाए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाए
- 94 लाख पौधों के साथ ललितपुर में वृक्षारोपण महायज्ञ का आगाज
- गोविंद सागर बांध की तलहटी से हुआ महाअभियान का शुभारंभ

लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसके तहत जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों, समाजसेवियों, स्वयंसेवी संस्थाओं, पत्रकारों, स्कूली बच्चों और आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक पौधारोपण कर अभियान को जनआंदोलन का स्वरूप दिया।

इस दौरान सभी ने एक पेड़ मां के नाम लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लिया। कार्यक्रम का आयोजन वन विभाग के तत्वावधान में किया गया। प्रभागीय निदेशक नवीन प्रकाश शाक्य ने मुख्य अतिथि राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत अध्यक्ष देश के लिए गौरव का विषय है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक परिवार को अपने खेत, मेड़, आंगन और सार्वजनिक स्थानों पर फलदार एवं छायादार पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने कहा कि आज लगाया गया पौधा भविष्य में बच्चों को फल, छाया, औषधि और स्वच्छ वातावरण प्रदान करेगा। विधायक ने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम अवश्य लगाए और उसकी देखभाल की जिम्मेदारी भी निभाए। उन्होंने कहा कि पौधारोपण तभी सफल होगा जब लगाए गए पौधों का संरक्षण भी सुनिश्चित किया जाएगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश के कुल वन क्षेत्र का लगभग 15 प्रतिशत हिस्सा ललितपुर में स्थित है। यह जनपद प्राकृतिक संपदा से समृद्ध है और इसे और अधिक हराभरा बनाने के लिए जनसहभागिता अत्यंत आवश्यक है। नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का कर्तव्य है।

उन्होंने लोगों से अधिक से अधिक पौधे लगाने और उनकी नियमित देखभाल करने की अपील की। जिलाधिकारी सत्य प्रकाश ने सभी अतिथियों और प्रतिभागियों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि पेड़ मानव जीवन के आधार हैं। उन्होंने लोगों से छोटी-छोटी आवश्यकताओं के लिए वृक्षों की कटाई न करने और प्रत्येक परिवार द्वारा कम से कम एक पौधा अपनी मां के नाम लगाने तथा उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। मुख्य कार्यक्रम के बाद जिलाधिकारी सत्य प्रकाश एवं झांसी मंडल की अपर आयुक्त प्रियंका निरंजन कल्याणपुरा गौशाला के समीप विकसित मियावाकी वन का निरीक्षण करने पहुंचे। यहां परिषदीय विद्यालयों के बच्चों ने हाथों में तिरंगा लेकर अतिथियों का स्वागत किया। अधिकारियों ने बच्चों के साथ पौधारोपण किया तथा उन्हें पर्यावरण संरक्षण का महत्व समझाया। निरीक्षण के दौरान मियावाकी पद्धति से लगाए गए वृक्षों की उत्कृष्ट वृद्धि देखकर अधिकारियों ने संतोष व्यक्त किया और भविष्य में इसी प्रकार बड़े पैमाने पर सघन वृक्षारोपण करने के निर्देश दिए। इसके बाद अधिकारियों ने कल्याणपुरा स्थित ग्राम पंचायत की दूसरी साइट पर भी पौधारोपण किया और स्कूली बच्चों से पौधे लगवाकर उन्हें पौधों की देखभाल का संकल्प दिलाया। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक, सीडीओ शेषनाथ चौहान, डीसी बीबी जीरामजी रमेश कुमार यादव, डीआईओ, विभिन्न विभागों के अधिकारी, जनप्रतिनिधि, स्वयंसेवी संस्थाओं सदस्य, पत्रकार, स्कूली छात्र-छात्राएं तथा बड़ी संख्या में आम नागरिक उपस्थित रहे।

एसपी ने लगाये पौधे, दिया पर्यावरण संरक्षण का संदेश

बाराबंकी। एक पेड़ मां के नाम थीम पर पुलिस लाइन व कैम्प कार्यालय परिसर में पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने वृक्षारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया। उन्होंने पुलिस कर्मियों को वृक्षारोपण कार्यक्रम के उद्देश्य, हरित पर्यावरण को बढ़ावा देने, प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी विकास चन्द्र त्रिपाठी, क्षेत्राधिकारी नगर संगम कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर आलोक कुमार पाठक, क्षेत्राधिकारी यातायात शक्ति सिंह, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार, यातायात प्रभारी रामयतन यादव सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

रेलमेध यज्ञ ये पुण्य कार्य पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी: डॉ. राजेंद्र यादव

बाराबंकी। जनपद के सभी रेलवे स्टेशनों पर चलाए जा रहे रेलमेध यज्ञ कार्यक्रम में मिष्ठान, जल वितरित सभी रेल यात्रियों के लिए किया जाता है। यह पुण्य कार्य पूरे समाज के लिए प्रेरणादायी है। उक्त उद्गार आज त्रिवेदीगंज रेलवे स्टेशन पर रेल यात्रियो मे जल पेठा वितरण कर रहे धर्मसेवको के बीच समाजसेवी डॉ0 राजेंद्र प्रसाद यादव ने व्यक्त किये। इस अवसर पर विनोद कटियार, युगल दीक्षित, प्रह्लाद जैसवाल, राकेश तिवारी, शिव शंकर सिंह, जगदीश, आनंद कुमार सिंह, मुन्नालाल वर्मा, बलजीत अरोड़ा, राजू त्रिवेदी, ऋषिकांत शुक्ल, अशोक कुशवाहा, रेलवे स्टेशन प्रभारी सुशील मौर्य मौजूद रहे।

फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बताकर महिला से की अभद्रता

ललितपुर। शहर के सिविल लाइंस क्षेत्र में किस्त जमा कराने के नाम पर फोन कर एक महिला से अभद्र भाषा का प्रयोग करने और विरोध करने पर उसके बेटे को जान से मारने की धमकी देने का मामला सामने आया है। पीड़ित द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराए जाने के बाद हुई जांच में आरोपी की पहचान होने पर कोतवाली ललितपुर पुलिस ने उसके खिलाफ बीएनएस की संगीन धाराओं में मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी है। कोतवाली क्षेत्र के नई तहसील के पीछे स्थित पिसनारी बाग निवासी उपेन्द्र सिंह राय पुत्र बालचन्द्र राय ने दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि 30 जून 2026 की रात करीब 10.15 बजे उनके पिता के मोबाइल फोन पर एक अज्ञात नंबर से कॉल आई। कॉल करने वाले व्यक्ति ने स्वयं को बजाज फाइनेंस का कर्मचारी बताते हुए कहा कि उनकी किस्त बाउंस हो गई है और तत्काल भुगतान करना होगा। उपेन्द्र के अनुसार उनकी मां ने फोन पर कहा कि अगले दिन दोपहर तक किस्त जमा कर दी जाएगी, लेकिन इतना सुनते ही कॉल करने वाला व्यक्ति आपा खो बैठा और महिला के साथ अशोभनीय एवं अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते हुए अभद्रता करने लगा। परेशान होकर उनकी मां ने फोन काट दिया। बताया कि जब उनकी मां ने पूरी घटना की जानकारी उन्हें दी तो उन्होंने उसी नंबर पर वापस कॉल कर महिला से अभद्र व्यवहार का कारण पूछा।

इस पर आरोपी ने उनके साथ भी गाली-गलौज शुरू कर दी। जब उपेन्द्र ने पुलिस में शिकायत करने की बात कही तो आरोपी ने फोन काट दिया, लेकिन कुछ ही मिनट बाद रात करीब 10.23 बजे उसने दोबारा फोन कर उपेन्द्र को जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद उसने उसी रात उत्तर प्रदेश सरकार के जनसुनवाई पोर्टल पर ऑनलाइन शिकायत दर्ज कराई। शिकायत की जांच के दौरान संबंधित व्यक्ति की पहचान वीरपाल उर्फ वीरूराजा पुत्र अमर सिंह के रूप में हुई। जांच रिपोर्ट के अनुसार आरोपी मूल रूप से ग्राम बरौदिया राईन, थाना पाली का निवासी है तथा वर्तमान में नई तहसील के पीछे पिसनारी मोहल्ले में कमल सिंह ठाकुर के मकान में किराए पर रह रहा है।

बसपा की जिला समीक्षा बैठक में बूथ स्तर तक संगठन मजबूत करने पर जोर

ललितपुर। बहुजन समाज पार्टी की जिला, विधानसभा, सेक्टर एवं बूथ स्तरीय समीक्षा बैठक रविवार को जिला कार्यालय में उत्साहपूर्ण वातावरण में आयोजित की गई। बैठक में आगामी उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव-2027 की तैयारियों, संगठन को बूथ स्तर तक मजबूत बनाने तथा पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने की रणनीति पर विस्तार से मंथन किया गया। बैठक में बड़ी संख्या में पार्टी पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं महिला प्रतिनिधियों ने भाग लेकर संगठन को मजबूत बनाने का संकल्प लिया। बैठक में सभी अधिकारी एवं मुख्य अतिथि लालाराम अहिरवार तथा झांसी मंडल के मुख्य मंडल प्रभारी रामबाबू चिरगइयां ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए पार्टी सुप्रीमो कुमारी मायावती के संगठनात्मक निर्देशों से अवगत कराया। उन्होंने कहा कि वर्ष 2027 के विधानसभा चुनाव में बसपा को मजबूत बनाकर बहन मायावती को पांचवीं बार उत्तर प्रदेश का मुख्यमंत्री बनाने के लक्ष्य के साथ प्रत्येक कार्यकर्ता को पूरी निष्ठा, समर्पण और अनुशासन के साथ कार्य करना होगा। उन्होंने बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय करने और आमजन के बीच पार्टी की नीतियों का व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर विशेष जोर दिया। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष जानकी प्रसाद बौद्ध एड.ने की, जबकि संचालन वरिष्ठ कार्यकर्ता रामदयाल मनहर ने किया। विशिष्ट अतिथियों के रूप में दीपक अहिरवार, रामसिंह कुशवाहा, तनसुराम अहिरवार एवं केहर सिंह गौतम (मंडल प्रभारी, झांसी मंडल) उपस्थित रहे। वक्ताओं ने बसपा सरकार के कार्यकाल की उपलब्धियों का उल्लेख करते हुए कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार, कानून व्यवस्था और ग्रामीण विकास के क्षेत्र में ऐतिहासिक कार्य किए गए थे।

सुरक्षित जीवन के लिए प्राणवायुदायक पौधे लगायें: प्राचार्य

ललितपुर। उच्च शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन के निर्देश पर नेहरू महाविद्यालय परिसर में एक पेड़ मां के नाम अभियान के अन्तर्गत महाविद्यालय की भूमि में वृहद वृक्षारोपण किया गया। वृक्षारोपण अभियान का शुभारम्भ महाविद्यालय

- ने.म.वि में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत वृक्षारोपण कार्यक्रम संपन्न

प्रबंधक प्रदीप चैबे एवं प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने स्वयं एक पेड़ मां के नाम लगाकर किया। प्रबंधक प्रदीप चैबे ने कहा कि समूचे भूमण्डल में वृक्षों का सृष्टि की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण योगदान है। इस धरा पर यदि वृक्ष रहेंगे तभी मानव जीवन सुरक्षित रहेगा। उन्होंने छात्र/छात्राओं, कर्मचारियों को प्रेरित करते हुए कहा कि महाविद्यालय को जितने वृक्षों का लक्ष्य दिया गया है उसको पूर्ण कर राष्ट्रीय कार्यक्रम में सहभागिता करें। प्राचार्य प्रो. ओमप्रकाश शास्त्री ने कहा कि यदि हमें अपने जीवन को सुरक्षित रखना है तो हमें पीपल, बरगद, बेल, आंवला, आम, अशोक जैसे प्राणवायु प्रदायक वृक्षों को लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाविद्यालय को जितने वृक्षों का लक्ष्य दिया गया है। महाविद्यालय की भूमि में प्रत्येक विद्यार्थी एवं प्राध्यापक एक-एक पेड़ लगाकर लक्ष्य को पूरा करेंगे। इस अवसर पर प्रो. अनिल सूर्यवंशी, हिमांश धर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.ओ.पी. चैधरी, डा.राजेश तिवारी, डा.अमित सोनी, प्रदीप कुमार, डा. हरिशचंद्र दीक्षित, डा.अरिमर्दन सिंह, डा.अवनीश त्रिपाठी, डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा.जगत कौशिक, डा.बलराम द्विवेदी, मनीष वर्मा, डा.संतोष सिंह, डा.गीरेन्द्र सिंह, इं.विपिन शुक्ला. इं. सौरभ श्रीवास्तव, डा.रोहित वर्मा, सुकपाल, अतुल मिश्रा, डा.सत्यदेव, डा.अनूप दीक्षित, डा.वर्षा साहू, डा.पराग कुमार, संदीप श्रीवास्तव, डा.रामकुमार रिछारिया, कविता पैजवार, डा.रिचाराज सक्सेना, विवेक पाराशर, फहीम बख्श, हरीप्रसाद, राजीव गोस्वामी, अंकित चैबे, रमेश पाल, सुरेश पाल, राकेश कुमार, मिलन सेन, कमलेश कुमार, दीपक सेन, हरिकेश सोलंकी आदि ने एक पेड़ मां के नाम लगाया। अंत में डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा ने सभी का आभार जताया।

पौधरोपण महायज्ञ अभियान के तहत डिप्टी सीएम ने लगाया पौधा

बाराबंकी। पौधेरोपण महायज्ञ-2026 अभियान के अंतर्गत जिला चिकित्सालय मे वृहद वृक्षारोपण कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक ने मां उपवन वाटिका परिसर मे पौधा रोपित कर किया। इस मौके पर उप मुख्यमंत्री श्री पाठक ने वृक्षो रक्षति रक्षितः का

- नियमित देखभाल और संरक्षण का सामूहिक दिलाया संकल्प
- भविष्य के लिए वृक्षारोपण एवं उनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है: बृजेश पाठक

संदेश देते हुये प्रत्येक नागरिक से अपनी माँ के सम्मान में कम-से-कम एक पौधा लगाने और उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया। तथा उसकी नियमित देखभाल एवं संरक्षण का सामूहिक संकल्प लिया। परिसर में विभिन्न प्रजातियों के छायादार एवं फलदार पौधों का रोपण किया गया। डिप्टी सीएम ने आगे कहा कि वृक्ष पृथ्वी का अमूल्य धरोहर हैं तथा स्वच्छ पर्यावरण, संतुलित जलवायु और भावी पीढ़ियों के स्वस्थ भविष्य के लिए वृक्षारोपण एवं उनका संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा राजरानी रावत, एमएलसी अंगद सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह वर्मा, डॉ0 विकी जोवल, डॉ0 जना खरे, जया देहलवी, जिलाधिकारी ईशान प्रताप सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अन्ना सुदन, पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ0 रंजन गौतम, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ0 जगप्रकाश मौर्य, जिला महिला चिकित्सालय अधीक्षक डॉ0 प्रदीप कुमार, डॉ0 डीओके श्रीवास्तव, डॉ0 वी0पी0 सिंह, डॉ0 एसपी यादव, डॉ0 जमीर, डॉ0 राम खिलावन, डॉ0 ब्रिज मोहन मौर्या, डा0 विनोद कुमार, डॉ0 मुदित मेहरोत्रा, डॉ0 नासिर कमाल, डॉ0 निशांत, डॉ0 लव गुप्ता, डा0 एस0बी सिंह, डा0 राकेश कुमार, डॉ0 दीपक कुमार, डॉ0 मनीष यादव, डा0 सीमा यादव आदि मौजूद रहे।

जमानत सत्यापन में फर्जीवाड़े का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

जिला संवाददाता

ललितपुर। जाखलौन थाना पुलिस ने जमानत सत्यापन में फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी करने वाले एक वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर एक बड़े फर्जीवाड़े का खुलासा किया है। आरोपी के कब्जे से राजस्व, पुलिस एवं ग्राम पंचायतों की 12 फर्जी

- 12 फर्जी मोहरें, आधार कार्ड की प्रतियां और दस्तावेज बरामद

मोहरें, 21 जमानतदारों के आधार कार्ड की छायाप्रतियां, खतौनी की प्रतियां तथा एक मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस के अनुसार आरोपी पिछले करीब दो वर्षों से फर्जी जमानत सत्यापन कर लाखों रुपये की अवैध कमाई कर रहा था। एसपी मो. मुश्ताक के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह, सीओ सदर अजय कुमार के पर्यवेक्षण में अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना जाखलौन पुलिस ने मु.अ.सं. 152/2026 में वांछित अभियुक्त ग्राम जमुनिया निवासी देवेन्द्र पुत्र धन्नालाल अहिरवार को गिरफ्तार किया। आरोपी के विरुद्ध बीएनएस की धारा 318(4), 336(3), 338, 340(2) एवं 61(2) के तहत मुकदमा दर्ज है। गिरफ्तारी के बाद उसे न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय में पेश किया गया। पुलिस के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के रावतयाना निवासी समीर पुत्र सलीम ने शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके भाई की जमानत सत्यापन कराने के नाम पर देवेन्द्र ने उससे 10 हजार रुपये लिए थे। जब समीर को सत्यापन संबंधी दस्तावेजों पर संदेह हुआ तो उसने पुलिस से शिकायत की। जांच में मामला फर्जीवाड़े का निकला, जिसके बाद मुकदमा दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने तीन विशेष टीमें गठित की थीं।

इन टीमों ने तकनीकी एवं मैनुअल सर्विलांस, वैज्ञानिक साक्ष्य और अन्य प्रमाणों के आधार पर आरोपी तक पहुंचकर उसे गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि मामले में अन्य पहलुओं की भी जांच जारी है। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि उसकी कई अधिवक्ताओं से पहचान है और वह

उनके माध्यम से जमानत सत्यापन का काम करता था। शुरुआत में वह वैध तरीके से थाना और तहसील से सत्यापन कराता था, लेकिन अधिक कमाई के लालच में करीब दो वर्ष पहले उसने थाना जाखलौन तहसील सदर तथा कई ग्राम प्रधानों की मोहरें बाहर से बनवा लीं।

आरोपी ने स्वीकार किया कि जिन अभियुक्तों को जमानतदार नहीं मिलते थे, उनसे वह 20 से 25 हजार रुपये लेकर फर्जी सत्यापन कराने का ठेका लेता था। उसने यह भी बताया कि एक मामले में उसने न्यायालय से जमानत सत्यापन की फाइल चुपके से निकालकर उसकी नकल तैयार कराई और उस पर पुलिस अधिकारियों, लेखपाल, कानूनगो तथा थाना प्रभारी के फर्जी हस्ताक्षर और नकली मोहर लगाकर जाली सत्यापन रिपोर्ट तैयार की। आरोपी ने यह भी कबूल किया कि पिछले दो वर्षों में उसने कोतवाली, जाखलौन तथा आसपास के कई थानों और तहसीलों से जुड़े जमानत सत्यापन के फर्जी दस्तावेज तैयार कर लाखों रुपये कमाए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से प्रभारी निरीक्षक जाखलौन, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली, तहसीलदार, थाना, ग्राम प्रधानों सहित विभिन्न विभागों की 12 मोहरें, 21 जमानतदारों के आधार कार्ड की छायाप्रतियां एवं खतौनी की प्रतियां, तथा सैमसंग कंपनी का एक मोबाइल फोन बरामद किया है। पूरी कार्रवाई जाखलौन थानाध्यक्ष अर्जुन सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम ने की। पुलिस अब यह भी जांच कर रही है कि आरोपी द्वारा तैयार किए गए फर्जी दस्तावेजों का इस्तेमाल किन-किन मामलों में किया गया और इस पूरे फर्जीवाड़े में कोई अन्य व्यक्ति भी शामिल था या नहीं।

कांग्रेसियों ने किया शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का स्वागत

बाराबंकी। जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानन्द सरस्वती 1008 महाराज का हैदरगढ़ आगमन पर ऐतिहासिक स्वागत कांग्रेस सांसद तनुज पुनिया के नेतृत्व मे राजकुमार सिंह, डिम्पल सिंह एवं सपा नेता गौतम रावत, टिंकू अवस्थी, पदुम रावत द्वारा गौरक्षा एवं गौमाता को राष्ट्रीय पशु घोषित करने का संकल्प लेते हुये किया गया। सांसद श्री पुनिया ने कहा कि जब तक वर्तमान सरकार गौरक्षा एवं राष्ट्रीय पशु घोषित नही करती है तब तक स्वामी जी द्वारा देश के कोने कोने में जाकर प्रदेश व देश की सरकार की कथनी और करनी के बारे में आम जनमानस को बताने का कार्य करेंगे। वर्तमान सरकार केवल धर्म के नाम पर कव्वाली करती है और सनातन धर्म के नाम पर वर्तमान सरकार सत्तासीन हुई है। लेकिन वर्तमान सरकार आम जनमानस की भावनाओं से खिलवाड़ कर रही है। इसी क्रम में समाजवादी पार्टी एवं कांग्रेसी कार्यकर्ता ने अजीब्वा में स्वागत किया गया।

मंत्री नन्दगोपाल नंदी के पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव पर सेवा, श्रद्धा और जनकल्याण के कार्यक्रम हुए आयोजित

ललितपुर। उत्तर प्रदेश सरकार के औद्योगिक विकास, निर्यात प्रोत्साहन, एनआरआई एवं निवेश प्रोत्साहन मंत्री नंद गोपाल गुप्ता नंदी के पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव पर वैश्य समाज के तत्वावधान में रविवार को नगर में धार्मिक, सामाजिक एवं सेवा कार्यों की श्रृंखला आयोजित की गई। पूरे दिन

- मदर टेरेसा व अन्नपूर्णा में कराया भोजन, गौशाला में हुआ गौ-भोज

चले कार्यक्रमों के दौरान मंत्री नंदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं यशस्वी जीवन की कामना करते हुए समाजसेवा का संदेश दिया गया। कार्यक्रमों की शुरुआत 11 जुलाई को ग्राम पनारी स्थित मदर टेरेसा चैरिटेबल ट्रस्ट में हुई। वहां अनाथ, मूकबधिर एवं दिव्यांग बच्चों को भोजन कराकर सेवा कार्य किया गया। आयोजकों ने कहा कि जरूरतमंदों की सेवा ही किसी भी उत्सव का सबसे बड़ा उद्देश्य है। रविवार सुबह 8 बजे घंटाघर स्थित प्राचीन श्री थानेश्वर महादेव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का विधि-विधान से रुद्राभिषेक, शिवार्चन एवं विशेष पूजा-अर्चना की गई। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से मंत्री नंदी के उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की। पूजन-अर्चन के उपरांत मंदिर परिसर में वृहद स्तर पर हलुआ प्रसाद का वितरण किया गया। इस दौरान करीब 1500 श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर भगवान शिव का आशीर्वाद प्राप्त किया। दोपहर 12 बजे स्वशासी राज्य चिकित्सा महाविद्यालय (मेडिकल कॉलेज) परिसर स्थित अन्नपूर्णा भोजनशाला में सैकड़ों मरीजों के तीमारदारों, आमजन एवं जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया गया। आयोजकों ने इसे जनसेवा का महत्वपूर्ण कार्य बताया। सायं 5 बजे गौपुत्र सेना के सहयोग से श्री वर्णी जैन इंटर कॉलेज के सामने संचालित

गौशाला में गौ-भोज कराया गया। इस दौरान गौसेवा कर भारतीय संस्कृति एवं सनातन परंपरा के संरक्षण का संदेश दिया गया।

कार्यक्रम में वैश्य समाज अध्यक्ष अज्जू बाबा, महामंत्री दीपक अग्रवाल, उपाध्यक्ष भीम चैरसिया, वरिष्ठ भाजपा नेता प्रदीप चैबे, डा. राजकुमार, हेमंत रोंडा, सुरेन्द्र लारिया, दीपक सिंघई, मनीष जैन मंगू, संजीव जैन (सीए), डा. राजीव निरंजन, हनी सराफ, कैट जिलाध्यक्ष अंशुल बड़कुल, मनीष जैन राजू, चंद्रेश जैन सेतु, गौरव जैन टोनू, राजू डोडवानी, अजय पहलवान, स्वदेश अग्रवाल डब्बू, रजत खण्डेलवाल, शुभम गुप्ता, आकाश गुप्ता, दीपक गारमेंट, आशीष ओशो, दिलीप सोनी (नाराहट), प्रवीण गुप्ता, संजय रसिया, आर्यन जैन रोंडा सहित वैश्य समाज एवं नगर के अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। 16 वर्ष पहले मौत को दी थी मात, तभी से मनाया जाता है पुनर्प्राप्त जन्मोत्सव।

पुण्य स्मृति पर हुआ निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

मथुरा। प्रथम पहल फाउंडेशन (रजि.), मथुरा एवं सुरेश चन्द्र अग्रवाल मेमोरियल ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में स्वर्गीय सुरेश चन्द्र अग्रवाल (सुपारी वाले) की पुण्य स्मृति में ग्रीन वैली, मसानी दिल्ली बाईपास, मथुरा में निःशुल्क मेगा स्वास्थ्य शिविर का सफल आयोजन किया गया। शिविर में 150 से अधिक लोगों ने विशेषज्ञ चिकित्सकों से स्वास्थ्य परीक्षण, चिकित्सकीय परामर्श तथा निःशुल्क दवाइयों का लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम का शुभारंभ महामंडलेश्वर स्वामी नवल गिरि जी महाराज के करकमलों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर प्रथम पहल फाउंडेशन के संस्थापक सीए अमित अग्रवाल, अध्यक्ष कन्हैयालाल अग्रवाल (स्वीटी सुपारी), महासचिव प्रियेश अग्रवाल, संरक्षक ममता बिंदल, उपाध्यक्ष हर्ष कुमार जैन एवं योगेश सर्राफ, सचिव नारायण हरि गोयल, कोषाध्यक्ष पंकज आदि उपस्थित रहे।

संक्षेप

टोयोटा ने उत्तराखंड में समग्र सामुदायिक विकास को बढ़ावा दिया

देहरादून। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज उत्तराखंड में शिक्षा, स्वास्थ्य, सामुदायिक कल्याण और आजीविका से जुड़े कई सामुदायिक विकास पहलों की सफल पूर्णता की घोषणा की। ये हस्तक्षेप राज्य सरकार के साथ किए गए एक व्यापक समझौता ज्ञापन (एमओयू) का हिस्सा हैं, जिसके तहत वित्तीय वर्ष 2025-26 से उधम सिंह नगर जिले के खटीमा और नैनीताल जिले के हल्द्वानी में समग्र सीएसआर कार्यक्रम चलाए जा रहे हैं। सामूहिक रूप से, इन पहलों से 4 लाख से अधिक लोगों पर सकारात्मक प्रभाव पड़ने की उम्मीद है। शैक्षिक परिणामों को मजबूत करने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत, टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने उधम सिंह नगर और नैनीताल जिलों के सरकारी स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में कई अवसंरचना विकास पहलें की हैं। टोयोटा के दर्शन गुणवत्ता अवसंरचना के माध्यम से शिक्षा की गुणवत्ता बढ़ाना से प्रेरित होकर, इन पहलों का उद्देश्य 13,532 छात्रों के लिए सीखने के माहौल और समग्र स्कूल अनुभव को बेहतर बनाना है। इसके तहत बच्चों के अनुकूल शिक्षण सामग्री, उच्च गुणवत्ता वाले कक्षा फर्नीचर, स्वच्छ और समय पर मध्याह्न भोजन तैयार करने के लिए उन्नत रसोई सुविधाएँ तथा बेहतर खेल अवसंरचना उपलब्ध कराई गई है। उन्नत खेल सुविधाएँ छात्रों को शारीरिक गतिविधियों में अधिक भागीदारी के लिए प्रोत्साहित कर रही हैं और उन्हें जिला एवं राज्य स्तरीय प्रतियोगिताओं के लिए तैयार कर रही हैं। टीकेएम के चाइल्ड टू कम्युनिटी दर्शन के अनुरूप, ये हस्तक्षेप जीवंत और समावेशी स्कूल पारिस्थितिकी तंत्र बनाने का प्रयास करते हैं।

कृषि मंत्री चौहान ने किया पौधरोपण का आह्वान

नयी दिल्ली। कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने हरित भविष्य के निर्माण के लिए देश में बड़े पैमाने पर पौधारोपण अभियान शुरू करने का रविवार को आह्वान किया है। नयी दिल्ली स्थित पूसा परिसर में आयोजित पर्यावरण संरक्षण संकल्प और वृक्ष मित्र संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चौहान ने कहा कि प्रत्येक परिवार को जन्मदिन, विवाह वर्षगांठ, बच्चों के जन्म और दिवंगत माता-पिता की स्मृति जैसे अवसरों पर पौधारोपण करना चाहिए। इससे हर व्यक्तिगत खुशी का अवसर वृक्ष उत्सव में बदला जा सकता है। उन्होंने प्रत्येक वृक्ष मित्र से हर साल कम से कम एक पेड़ लगाने और पांच अन्य लोगों को इस अभियान से जोड़ने की अपील की। चौहान ने कहा कि प्रतिभागी सोशल मीडिया पर अपनी प्रतिबद्धता साझा करें, ताकि 12 अगस्त को हरियाली अमावस्या तक देशभर में एक मजबूत नेटवर्क तैयार किया जा सके। मंत्री ने पर्यावरण संरक्षण को एक संगठित जन अभियान का स्वरूप देने के लिए व्यापक कार्ययोजना भी जारी की। यह योजना वृक्ष मित्रों के साथ हुई बातचीत और उनके सुझावों के आधार पर तैयार की गई है। एक आधिकारिक बयान के अनुसार, मंत्री ने राष्ट्रीय, राज्य, जिला, खंड और ग्राम स्तर पर वृक्ष मित्र परिवार समितियों के गठन का प्रस्ताव रखा, ताकि इस अभियान को संस्थागत ढांचा मिल सके।

विशेष निवेश कोष का एयूएम जून में 29 प्रतिशत बढ़कर 17858 करोड़ रुपये पर

नयी दिल्ली। विशेष निवेश कोष (एसआईएफ) के प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) जून, 2026 के अंत तक मासिक आधार पर 29 प्रतिशत बढ़कर 17,858 करोड़ रुपये हो गईं। इसका प्रमुख कारण हाइब्रिड निवेश रणनीतियों में निवेशकों का बढ़ता रुझान रहा। यह जानकारी एसोसिएशन ऑफ म्यूचुल फंड्स इन इंडिया (एम्फी) के आंकड़ों से मिली है। मई के अंत तक एसआईएफ का कुल एयूएम 13,814 करोड़ रुपये था, जो जून के अंत तक बढ़कर 17,858 करोड़ रुपये हो गया। इसी दौरान मासिक निवेश प्रवाह बढ़कर 3,782 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने फरवरी, 2025 में एसआईएफ ढांचा पेश किया था। इसका उद्देश्य पारंपरिक म्यूचुअल फंड और अधिक निवेश राशि वाली पोर्टफोलियो प्रबंधन सेवाओं (पीएमएस) के बीच की दूरी को कम करना है। एसआईएफ के तहत निवेशकों को हेजिंग, डेरिवेटिव और दीर्घावधि जैसी लचीली निवेश रणनीतियों का विकल्प मिलता है।

कंपनियों की पूंजी 92995 करोड़ रुपये बढ़ी

नयी दिल्ली। पिछले सप्ताह शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव के बावजूद सेंसेक्स की शीर्ष 10 सबसे मूल्यवान कंपनियों में से चार के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में सामूहिक रूप से 92,995.48 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ एचडीएफसी बैंक और भारती एयरटेल को हुआ।

समीक्षाधीन सप्ताह में बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 194.52 अंक यानी 0.25 प्रतिशत और एनएसई का निफ्टी 63.95 अंक यानी 0.26 प्रतिशत गिरावट के साथ बंद हुआ। शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल और भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के बाजार पूंजीकरण में वृद्धि दर्ज की गई। वहीं आईसीआईसीआई बैंक, भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई), टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), बजाज फाइनेंस, लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) और हिंदुस्तान यूनिलीवर के बाजार मूल्यांकन में 49,294.13 करोड़ रुपये की गिरावट आई। समीक्षाधीन सप्ताह में एचडीएफसी बैंक का बाजार पूंजीकरण सबसे अधिक 35,808.09 करोड़ रुपये बढ़कर 12,69,454.42 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। भारती एयरटेल का बाजार मूल्यांकन 34,896.92 करोड़ रुपये बढ़कर 11,98,774.22 करोड़ रुपये हो गया। एलआईसी का बाजार पूंजीकरण 16,065.50 करोड़ रुपये बढ़कर 5,60,205.05 करोड़ रुपये और रिलायंस इंडस्ट्रीज का 6,224.97 करोड़ रुपये बढ़कर 17,71,206.33 करोड़ रुपये पर पहुंच गया। इसके विपरीत, हिंदुस्तान यूनिलीवर का बाजार पूंजीकरण 12,088.65 करोड़ रुपये घटकर 5,04,997.65 करोड़ रुपये रह गया। एलएंडटी का मूल्यांकन 11,040 .23 करोड़ रुपये घटकर 5,42,938.40 करोड़ रुपये पर आ गया। टीसीएस का बाजार पूंजीकरण 8,574.87 करोड़ रुपये घटकर 7,48,600.40 करोड़ रुपये, बजाज फाइनेंस का 7,813.58 करोड़ रुपये घटकर 6,35,327.78 करोड़ रुपये, आईसीआईसीआई बैंक का 6,315.32 करोड़ रुपये घटकर 10,05,379.71 करोड़ रुपये और एसबीआई का 3,461.48 करोड़ रुपये घटकर 9,56,430.44 करोड़ रुपये रह गया। सेंसेक्स की शीर्ष 10 कंपनियों में रिलायंस इंडस्ट्रीज पहले स्थान पर कायम रही। इसके बाद क्रमशः एचडीएफसी बैंक, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एसबीआई, टीसीएस, बजाज फाइनेंस, एलआईसी, एलएंडटी और हिंदुस्तान यूनिलीवर का स्थान रहा।

कच्चे तेल की कीमतों से तय होगी शेयर बाजार की चाल



नयी दिल्ली। स्थानीय शेयर बाजार की चाल अगले सप्ताह अमेरिका-ईरान के बीच भू-राजनीतिक तनाव, कंपनियों के तिमाही नतीजों, कच्चे तेल की कीमतों और महंगाई के आंकड़ों से तय होगी। बाजार विश्लेषकों का मानना है कि मानसून की प्रगति और विदेशी निवेशकों (एफपीआई) की कारोबारी गतिविधियों पर भी निवेशकों की करीबी नजर रहेगी।

घरेलू स्तर पर निवेशक जून के उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) और थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति के आंकड़ों के साथ-साथ विदेशी मुद्रा भंडार के ताजा आंकड़ों पर ध्यान देंगे। वित्त वर्ष 2026-27 की पहली तिमाही के नतीजों का सीजन अब रफ्तार पकड़ेगा। इस दौरान कंपनियों के प्रबंधन की टिप्पणियां विभिन्न क्षेत्रों की संभावनाओं और आमदनी के अनुमानों की दिशा तय करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगी। वैश्विक स्तर पर अमेरिका-ईरान तनाव और कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाले असर पर भी बाजार की नजर बनी रहेगी। चार महीनों तक लगातार बिकवाली के बाद विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक जुलाई में भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध खरीदार बन गए हैं। उन्होंने इस महीने अबतक 15,157 करोड़ रुपये से अधिक के शेयर खरीदे हैं। इसके पीछे घरेलू आर्थिक संकेतकों में सुधार, रुपये की स्थिरता और वैश्विक जोखिम धारणा में सुधार को प्रमुख वजह माना जा रहा है। इस सप्ताह एचसीएल टेक्नोलॉजीज, टेक महिंद्रा, यूनियन बैंक और फेडरल बैंक समेत कई कंपनियों के तिमाही नतीजे आने वाले हैं। उनके अनुसार, व्यापक आर्थिक मोर्चे पर मुद्रास्फीति के आंकड़े बाजार के लिए अहम संकेतक होंगे। भारत का सीपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा सोमवार को और डब्ल्यूपीआई आधारित मुद्रास्फीति का आंकड़ा मंगलवार को जारी होगा। इसके अलावा ग्रामीण मांग और महंगाई पर प्रभाव को देखते हुए मानसून की प्रगति पर भी निवेशकों की नजर रहेगी। अमेरिका-ईरान की स्थिति और उससे कच्चे तेल की कीमतों पर पड़ने वाला असर बाजार के लिए महत्वपूर्ण रहेगा।

ईएसआई की स्वास्थ्य परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे मांडविया



नयी दिल्ली। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा युवा मामले एवं खेल मंत्री मनसुख मांडविया मंगलवार को तेलंगाना के सनतनगर स्थित कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) अस्पताल से देशभर में कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) स्वास्थ्य सेवाओं से जुड़ी सात परियोजनाओं का उद्घाटन करेंगे।

श्रम मंत्रालय ने रविवार को जारी एक बयान में कहा कि लगभग 668 करोड़ रुपये की लागत वाली इन स्वास्थ्य परियोजनाओं से देशभर के करीब 53 लाख लाभार्थियों को चिकित्सा सुविधाएं मिलेंगी। बयान के अनुसार मांडविया सनतनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल के नवनिर्मित बाह्य रोगी विभाग (ओपीडी) भवन का प्रत्यक्ष रूप से उद्घाटन करेंगे। साथ ही वह छह अन्य परियोजनाओं का वर्चुअल माध्यम से उद्घाटन करेंगे। इन परियोजनाओं में असम के बेलटोला में उन्नत 200 बिस्तर वाला ईएसआईसी अस्पताल, तमिलनाडु के श्रीपेरंबुदूर में 100 बिस्तर वाला ईएसआईसी अस्पताल, आंध्र प्रदेश के राजमहेंद्रवरम में ईएसआईएस अस्पताल, गुजरात के सुरेंद्रनगर में ईएसआई औषधालय एवं शाखा कार्यालय, राजस्थान के कोटा के उद्योग नगर में ईएसआई औषधालय एवं शाखा कार्यालय तथा भवानी मंडी में ईएसआई औषधालय शामिल हैं। केंद्रीय श्रम एवं रोजगार तथा सूक्ष्म, लघु एवं मझोले उद्यम राज्यमंत्री शोभा करंदलाजे भी इस कार्यक्रम में शामिल होंगी। कार्यक्रम के दौरान मांडविया तेलंगाना के सनतनगर स्थित ईएसआईसी अस्पताल के ओपीडी भवन के निर्माण में योगदान देने वाले निर्माण श्रमिकों को राष्ट्र निर्माण में उनकी भूमिका के लिए सम्मानित करेंगे। वह कर्मचारी राज्य बीमा (ईएसआई) योजना के लाभार्थियों को नकद लाभ का वितरण भी करेंगे।

अमेरिका-ईरान तनाव से सोने-चांदी पर दबाव बने रहने की संभावना

नयी दिल्ली। अमेरिका-ईरान संघर्ष में ताजा तनाव, कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और महंगाई के आंकड़ों पर निवेशकों की नजर के बीच अगले सप्ताह सोने और चांदी की कीमतों में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है। विश्लेषकों ने यह राय जताई है।

विश्लेषकों ने कहा कि कीमती धातुओं में फिलहाल गिरावट का रुख कायम रह सकता है। उन्होंने कहा कि महंगाई के आंकड़े वैश्विक ब्याज दरों को लेकर बाजार की उम्मीदों को प्रभावित कर सकते हैं। पश्चिम एशिया में ताजा तनाव से एक बार फिर वैश्विक बाजारों में चिंता बढ़ गई है। ईरान ने हाल में कहा था कि उसने एक ऐसे जहाज को निशाना बनाया जो उसकी मंजूरी के बिना मार्ग से गुजर रहा था। इसके बाद उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद करने की घोषणा की। इसके बाद अमेरिकी सेंट्रल कमांड ने ईरान पर हमले किए, जिसके जवाब में ईरान ने संयुक्त अरब अमीरात , कुवैत और बहरीन में अमेरिका से जुड़े ठिकानों को निशाना बनाया। सोने और चांदी में फिलहाल गिरावट और करेक्शन का दौर जारी है। अब बाजार का ध्यान फिर से अमेरिका-ईरान संघर्ष पर रहेगा। यदि तनाव काफी बढ़ता है तो कच्चे तेल की कीमतों में फिर तेजी आ सकती है और अमेरिकी डॉलर तथा अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल जैसे सुरक्षित निवेश विकल्प मजबूत होंगे। भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के अलावा बाजार भारत, यूरोपीय संघ (ईयू) और अमेरिका के महंगाई आंकड़ों पर भी नजर रखेगा, जिससे प्रमुख वैश्विक केंद्रीय बैंकों की मौद्रिक नीति की दिशा को लेकर संकेत मिल सकेंगे। घरेलू बाजार में मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर अगस्त में आपूर्ति वाले सोने का वायदा भाव सप्ताह के दौरान 3,900 रुपये यानी 2.65 प्रतिशत की गिरावट के साथ 1.43 लाख रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ। वहीं, सितंबर अनुबंध वाली चांदी 14,746 रुपये यानी 6.2 प्रतिशत टूटकर 2.22 लाख रुपये प्रति किलोग्राम रह गई। सोने के लिए एक और कमजोर सप्ताह रहा। मजबूत अमेरिकी डॉलर, कच्चे तेल की ऊंची कीमतों और ब्याज दरों में बढ़ोतरी की उम्मीदों के कारण निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई, जिससे सोने में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। बीच-बीच में सुधार की कोशिशों के बावजूद सर्राफा कीमतें तेजी को बनाए रखने में विफल रहीं।

अबतक एफपीआई ने भारतीय शेयरों में 15157 करोड़ डाले

नयी दिल्ली। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने लगातार चार महीने तक बिकवाली करने के बाद जुलाई में अबतक भारतीय शेयरों में 15,157 करोड़ रुपये से अधिक का शुद्ध निवेश किया है। बेहतर होते घरेलू व्यापक आर्थिक संकेतकों, रुपये की स्थिरता और वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती धारणा से यह रुझान देखने को मिला है।

सेंट्रल डिपॉजिटरी सर्विसेज (इंडिया) लिमिटेड (सीडीएसएल) के आंकड़ों के अनुसार, इससे पहले जून में एफपीआई ने 49,340 करोड़ रुपये, मई में 32,963 करोड़ रुपये, अप्रैल में 60,847 करोड़ रुपये और मार्च में 1.17 लाख करोड़ रुपये की शुद्ध निकासी की थी। इस बिकवाली के दौर से पहले फरवरी में विदेशी निवेशकों ने भारतीय शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये का शुद्ध निवेश किया था। हालांकि, जुलाई में एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार में शुद्ध निवेश किया है, लेकिन वर्ष 2026 में अब तक एफपीआई भारतीय शेयरों से कुल 2.60 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। यह आंकड़ा पिछले वर्ष की समान अवधि में हुई 1.66 लाख करोड़ रुपये की निकासी से काफी अधिक है। जुलाई में निवेश की वापसी वैश्विक स्तर पर जोखिम लेने की बढ़ती प्रवृत्ति, इस महीने की शुरुआत में भू-राजनीतिक तनाव कम होने के बाद ऊर्जा कीमतों को लेकर चिंता घटने और भारत की मजबूत व्यापक आर्थिक स्थिति पर बढ़े भरोसे का परिणाम है। घरेलू अर्थव्यवस्था में सुधार और रुपये की स्थिरता ने विदेशी निवेशकों को आकर्षित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। सेमीकंडक्टर कारोबार में कमजोरी तथा दक्षिण कोरिया जैसे बाजारों में एफपीआई की बिकवाली के कारण निवेश का एक हिस्सा भारत की ओर आया है। हालांकि, श्रीवास्तव ने आगाह किया कि जुलाई में निवेश की यह मजबूत वापसी उत्साहजनक है, लेकिन आगे एफपीआई निवेश का रुख वैश्विक परिस्थितियों और भारत की घरेलू आर्थिक वृद्धि की मजबूती पर निर्भर करेगा। इस बीच, ऋण या बॉन्ड बाजार में भी विदेशी निवेशकों की रुचि बनी हुई है। जुलाई में एफपीआई ने पूर्ण पहुंच मार्ग (एफएआर) के तहत ऋण प्रतिभूतियों में 6,625 करोड़ रुपये तथा सामान्य मार्ग से 3,228 करोड़ रुपये का निवेश किया है।

इस सप्ताह स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की यात्रा पर जायेंगे गोयल

नयी दिल्ली। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल व्यापार तथा निवेश को बढ़ावा देने के तरीकों पर चर्चा करने के लिए स्पेन, बेल्जियम और फिनलैंड की पांच दिवसीय यात्रा पर जाएंगे। वाणिज्य मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी।

मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि प्रतिनिधिमंडल में उन्नत विनिर्माण, स्वच्छ ऊर्जा, डिजिटल प्रौद्योगिकी, रत्न एवं आभूषण, खाद्य प्रसंस्करण, स्वास्थ्य सेवा और डिजाइन जैसे क्षेत्रों की प्रमुख भारतीय कंपनियों के प्रतिनिधि शामिल होंगे। बयान के अनुसार, गोयल 13 जुलाई को स्पेन में भारत-स्पेन व्यापार गोलमेज सम्मेलन में हिस्सा लेंगे। इसमें दोनों देशों के उद्योग जगत के प्रतिनिधि मोटर वाहन, नवीकरणीय ऊर्जा, रेलवे, कृत्रिम मेधा (एआई), सेमीकंडक्टर, खाद्य प्रसंस्करण और पर्यटन क्षेत्रों में सहयोग और निवेश के अवसरों पर चर्चा करेंगे। बयान के अनुसार, भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) व्यापार गोलमेज सम्मेलन और व्यापार एवं प्रौद्योगिकी परिषद (टीटीसी) की पूर्ण बैठक में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई), कारोबार सुगमता, टिकाऊ प्रौद्योगिकी और मजबूत आपूर्ति श्रृंखला जैसे विषयों पर भी चर्चा होगी। गोयल 14 और 15 जुलाई को बेल्जियम में थेल्स ग्रुप के प्रतिनिधि एलेन केवेरिन और सिलॉक्स ग्रुप के प्रतिनिधि जीन-क्रिस्टोफ बोगार्ट के साथ मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) स्तर की बैठकें करेंगे। गोयल 16 और 17 जुलाई को फिनलैंड में भारत-फिनलैंड व्यापार गोलमेज सम्मेलन में भाग लेंगे।

पेज एक का शेष

राम मंदिर

आदान-प्रदान करने के लिए नई टीम बनाई गई है। इसका प्रभारी गोपाल राव के करीबी सोमेश को बनाया गया है। इस व्यवस्था में उनके साथ रिटायर्ड सैन्य कर्मी केके तिवारी को भी जोड़ा गया है। 22 जुलाई की बैठक में समितियों के संचालन के लिए नई गाइडलाइन तय हो जाएगी। सूत्रों का कहना है कि नई टीमों के गठन में कार्यकुशलता, अनुभव और अनुशासन को प्राथमिकता दी जा रही है। इसके साथ ही विभिन्न व्यवस्थाओं की नियमित निगरानी और समय-समय पर समीक्षा की भी नई व्यवस्था बनाई जा रही है।

आने वाले

को कौन से अधिकार दिए जाएंगे यह तय करना ट्रस्ट पर निर्भर करता है। सीईओ अपने अधीनस्थ कर्मचारियों की व्यवस्था करेगा, लेकिन सब कुछ ट्रस्ट के अधीन ही रहेगा। उन्होंने कहा कि वह राम मंदिर के सीईओ की भर्ती प्रक्रिया के लिए बुलाई गई बैठक में कभी शामिल नहीं होंगे। राम मंदिर ट्रस्ट में संभावित बदलाव के सवाल पर मिश्रा ने कहा, मेरी उपस्थिति में कोई निर्णय नहीं लिया गया। उन्होंने साफ किया कि वह राम मंदिर ट्रस्ट की छह जुलाई को आयोजित बैठक में शामिल नहीं हुए थे। यह पूछे जाने पर कि क्या वह राम मंदिर ट्रस्ट की 22 जुलाई की बैठक में हिस्सा लेंगे, मिश्रा ने कहा, बैठक 22 जुलाई को है, लेकिन मुझे बैठक का एजेंडा नहीं पता। अगर मामला निर्माण से जुड़ा है, तो मुझे इसमें शामिल होने के लिए आना होगा। उन्होंने कहा, कृपया समझने की कोशिश करें। हम पदेन सदस्य हैं, जिन्हें वोट देने का कोई अधिकार नहीं है। अब 22 जुलाई की बैठक का एजेंडा जानने के बाद ही मैं तय करूंगा कि उसमें शामिल होना है या नहीं। आगामी 22 जुलाई की बैठक में किन मुद्दों पर चर्चा हो सकती है, इस बारे में मिश्रा ने कहा कि यह सवाल मंदिर ट्रस्ट के महासचिव से पूछा जाना चाहिए।

पौधरोपण में

व वन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डॉ. अरुण कुमार सक्सेना गोरखपुर के मुख्य कार्यक्रम में शामिल हुए। राज्यपाल आनंदी बेन पटेल ने पौधारोपण महायज्ञ के तहत जनभवन में सफेद चंदन का पौधा रोपित किया। उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने झांसी तथा ब्रजेश पाठक ने लखनऊ में पौधरोपण किया। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना शाहजहांपुर, जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह जालौन, कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही देवरिया, कैबिनेट मंत्री भूपेंद्र सिंह चौधरी ने मुरादाबाद, वन राज्यमंत्री केपी मलिक ने बागपत में पौधरोपण किया। वहीं प्रदेश सरकार के सभी मंत्रियों ने भी अलग-अलग जिलों में पौधे रोपित किये। रविवार को हुए 'पौधारोपण महायज्ञ-2026' के अंतर्गत वन, रक्षा, रेलवे, ग्राम पंचायत एवं सामुदायिक भूमि, एक्सप्रेस वे, सड़क, नहर, रेल पटरी के किनारे, विकास प्रधिकरण, औद्योगिक परिसर, चिकित्सा संस्थान, शिक्षण संस्थान की भूमि, अन्य राजकीय भूमि, कृषकों की निजी भूमि, नागरिकों द्वारा निजी परिसर में बड़े स्तर पर पौधरोपण किया गया है। सबसे अहम बात अभियान को पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न कराने के लिए वन विभाग की तरफ से एंड्रायड आधारित प्लांटेशन मॉनिटरिंग सिस्टम सॉफ्टवेयर पर रीयल टाइम अपडेट मिला। मुख्यमंत्री का स्पष्ट निर्देश था कि पिछली सरकारों की तरह पौधरोपण अभियान केवल कागजी खानापूर्ति तक सीमित ना रहे, बल्कि इसे लेकर पूरी पारदर्शिता और पौधों की प्रभावी मॉनीटरिंग की व्यवस्था भी सुनिश्चित की जाए। यही कारण रहा कि इस साल भी पौधों की जियो टैगिंग की मुकम्मल व्यवस्था की गई है। साथ ही वन विभाग ने भी टेक्नोलॉजी का भरपूर उपयोग किया है। विश्व पर्यावरण दिवस (5 जून) को एक पेड़ मां के नाम अभियान के अंतर्गत 5 करोड़ से अधिक पौधरोपण किए गए थे। विश्व पर्यावरण दिवस पर 5,01,46,441 पौधे लगाए गए थे, जबकि 12 जुलाई को 35,27,89,926 पौधरोपण हुए। इन दोनों दिन में कुल 40,29,36,367 पौधे उत्तर प्रदेश में लगाए गए।

इस तरह बढती गई संख्या

सुबह 8 बजे तक 1,01,99,947, 9 बजे तक 4,57,13,395, 10 बजे तक 8,75,92,099, 11 बजे तक 13,05,37,796, 12 बजे तक 16,59,88,118, दोपहर 1 बजे तक 19,73,60,273, 2 बजे तक 21,63,97,977, 3 बजे तक 25,29,98,772, शाम 4 बजे तक 29,61,57,431, 5 बजे तक 32,10,14,959 और 6 बजकर 12 मिनट (फाइनल रिपोर्ट) तक 35,27,89,926 पौधे रोपे गए

पौधरोपण

अवशोषण करके रखता है। नदियां वहीं सदानीरा होती हैं, जहां वन या अधिक संख्या में वृक्ष होते हैं। यदि वृक्षों की अंधाधुंध कटान होगी तो जल की कमी से खाद्यान्न संकट खड़ा हो सकता है। जनसभा में सीएम योगी ने कहा कि वर्ष 2017 के बाद से यूपी के इंफ्रास्ट्रक्चर का वृहद विस्तार हुआ है। एक्सप्रेसवे, हाईवे के साथ बड़े पैमाने पर सड़कों का जाल बिछा है। नए-नए उद्योग लगे हैं। शहरीकरण का दायरा बढ़ा है और नई-नई कॉलोनियां विकसित हुई हैं। भौतिक विकास में तेज योगदान देने वाले इस राज्य ने पर्यावरण संरक्षण के प्रति संकल्पित प्रयासों से वनाच्छादन के विस्तार में भी सफलता प्राप्त की है। एक पेड़ सैकड़ों टन कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण करता है। 9 वर्षों में यूपी का वनाच्छादन बढ़ने से 6 करोड़ 37 लाख 74 हजार 130 टन कार्बन डाइऑक्साइड का अवशोषण तथा 4 करोड़ 63 लाख 90 हजार 130 टन ऑक्सीजन का उत्सर्जन हुआ। मुख्यमंत्री ने पौधरोपण महाभियान को धरती माता के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने का महायज्ञ बताया और इसमें हर व्यक्ति की तरफ से योगदान दिए जाने की आवश्यकता जताई। उन्होंने कहा कि धरती माता हम सबको अच्छा वातावरण देती हैं। आगे बढ़ने का अवसर, पेट भरने को अन्न, अच्छे-अच्छे फल, पीने के लिए जल देने के साथ घर की सभी आवश्यकताओं की पूर्ति करती हैं। धरती माता के बारे में हमारे ऋषियों ने संकल्प भाव से कहा है- 'माता भूमिः पुत्रो अहं पृथिव्याः', अर्थात यह धरती हमारी माता हैं और हम सब इसके पुत्र हैं। एक पुत्र के रूप में धरती माता के प्रति उत्तरदायित्व का निर्वहन करने के लिए ही प्रधानमंत्री मोदी ने एक पेड़ मां के नाम का आह्वान किया है। यह आने वाली पीढ़ी के भविष्य को सुंदर बनाने का राष्ट्रीय कर्तव्य है। सीएम योगी ने पौधरोपण की थीम एक पेड़ मां के नाम को बहुत सुंदर बताते हुए कहा कि मां हर व्यक्ति, हर जीव के लिए दुनिया का सबसे सुंदर उपहार है। हम खुद के स्वास्थ्य की चिंता करते हैं, लेकिन सबकुछ देने वाली धरती माता के स्वास्थ्य की परवाह नहीं करते। खुद की आरोग्यता के लिए हम सभी को धरती माता की आरोग्यता का भी ध्यान रखना होगा। अनंतकाल तक जीवसृष्टि बनी रहे, इसके लिए पौधरोपण अत्यंत आवश्यक है। विश्व पर्यावरण दिवस पर इस वर्ष 5 करोड़ पौधे लगाए गए। गत वर्ष 35 करोड़ से अधिक पौधे लगाए गए। 9 वर्ष में अब तक प्रदेश में 242 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण पर मंडरा रहे संकट का प्रभाव मौसम चक्र पर भी पड़ा है। बारिश करीब एक महीना विलंब से शुरू हुई है। जो बीज 15 जून तक लग जाना चाहिए था, उसे 15 जुलाई को लगाएंगे तो उत्पादन में 25 से 30 प्रतिशत तक अंतर पड़ेगा। पर्यावरण असंतुलन से कभी प्रचंड गर्मी पड़ रही है तो कभी सर्दी। लगातार ग्लोबल वार्मिंग की चेतावनी दी जा रही है। आशंका जताई जा रही है कि आने वाले समय में समुद्र के किनारे बहुत सारे शहर डूबने की स्थिति में होंगे तो कहीं भीषण जल संकट होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि सर्दियों के मौसम में बहुत सारे शहर ऐसे हैं, जहां गैस चैंबर जैसी स्थिति बन जाती है। वहां अलर्ट जारी करना पड़ता है कि बुजुर्ग, बीमार और बच्चे घर से बाहर न निकलें, जरूरी हो तो मास्क लगाकर निकलें। आखिर यह स्थिति पैदा ही क्यों हुई? क्योंकि प्रकृति के साथ खिलवाड़ किया गया। अंधाधुंध पेड़ काटे गए, जल दोहन किया गया लेकिन जल संरक्षण के लिए कोई प्रयास नहीं हुआ। तालाबों पर अवैध कब्जे हो गए। अपने स्वार्थ के लिए लोगों ने प्रकृति के साथ जो खिलवाड़ किया है, आज उसकी कीमत विश्व मानवता को चुकानी पड़ रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि वर्ष 2017 में जब डबल इंजन की भाजपा सरकार बनी तब हैलोजन लाइटों को हटाकर उसकी जगह पर्यावरण अनुकूल एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाने का अभियान शुरू किया गया। प्रदेश में 16 लाख एलईडी स्ट्रीट लाइट लगाई गईं, इससे प्रदेश सरकार को 100 करोड रुपये की बचत हुई। साथ ही हैलोजन में जलकर मरने वाले कीड़े-मकोड़ों की भयंकर बदबू से भी मुक्ति मिली। सरकार नवीकरणीय ऊर्जा को बढ़ावा दे रही है। पीएम सूर्य घर बिजली योजना से लोगों के बिजली बिल आधे हो रहे हैं।

जनशक्ति का

और भावी पीढ़ियों के प्रति हमारे उत्तरदायित्व का विराट लोक यज्ञ है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वृक्षारोपण महायज्ञ-2026 को जनांदोलन का स्वरूप प्रदान करने वाले सभी सम्मानित नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, किसानों, मातृशक्ति, युवाओं, सामाजिक/धार्मिक संगठनों तथा उत्तर प्रदेश सरकार के सभी समर्पित कार्मिकों का हृदय से अभिनंदन भी किया।

जनकल्याण और

में 'बीटल्स स्ट्रीट' विकसित किया जाएगा, जबकि पिथौरागढ़ के धारचूला क्षेत्र में नन्दा मंदिर से खोली बन तक पैदल मार्ग निर्माण को भी मंजूरी दी गई है। शिक्षा और ग्रामीण क्षेत्रों की सुविधाओं के विस्तार के तहत चम्पावत के जवाहर नवोदय विद्यालय, लटौली में विद्यार्थियों के लिए ओपन जिम बनाया जाएगा। वहीं डीडीहाट विधानसभा क्षेत्र के लोहारगांव में संपर्क मार्ग निर्माण कार्य को भी वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई है, जिससे स्थानीय लोगों को बेहतर आवागमन सुविधा मिल सकेगी। इसके अलावा लोहाघाट के डुंगरीफर्तयाल स्थित शिव मंदिर के सौंदर्यीकरण, बागेश्वर के कपकोट क्षेत्र में विद्युत सब-स्टेशन की स्थापना, माँ पूर्णागिरि धाम के सेलागाड़ गांव में इंटरलॉकिंग टाइल्स बिछाने तथा नैनीताल जिले के भीमताल क्षेत्र में धर्मशालाओं के निर्माण जैसे प्रस्तावों को भी मुख्यमंत्री ने मंजूरी दी है।

अमेरिकी हमले

वाले असैन्य नाविकों और वाणिज्यिक जहाजों पर हमला करने की ईरान की क्षमता को लगातार कमजोर किया है। फारस की खाड़ी में नई झड़पें तब हुई हैं, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा था कि ईरान युद्ध को लेकर एक अंतरिम समझौता खत्म हो गया है। अमेरिकी रक्षा मंत्री पीट हेगसेथ ने सोशल मीडिया पर लिखा, ईरान ने गलत विकल्प चुना। अब उसे इसकी कीमत चुकानी होगी। ईरान की संसद के अध्यक्ष और प्रमुख वार्ताकारों में शामिल मोहम्मद बाघेर कलीबाफ ने इस पर प्रतिक्रिया दी। उन्होंने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, एकतरफा समझौतों का दौर अब खत्म हो चुका है। हमने आपसे कहा थाअपना वादा निभाइए, वरना कीमत चुकाइए। अब हकीकत दरवाजे पर दस्तक दे रही है। अमेरिका ने पिछले एक सप्ताह में ईरान को निशाना बनाकर तीन दौर के हवाई हमले किए हैं। ये हमले ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजर रहे जहाजों पर किए गए हमलों के जवाब में किए गए।

लखनऊ

सुविधा रहेगी। इस योजना के तहत प्रति ट्रिप औसत टोल करीब 15 रुपये पड़ेगा। एक्सप्रेसवे शुरू होने से लखनऊ और कानपुर के बीच प्रतिदिन यात्रा करने वाले लाखों लोगों को जाम से राहत मिलेगी। साथ ही औद्योगिक, व्यावसायिक और माल परिवहन गतिविधियों को भी गति मिलेगी। बेहतर कनेक्टिविटी के कारण ईंधन और समय दोनों की बचत होगी तथा दोनों शहरों के बीच आवागमन अधिक सुरक्षित और सुगम हो जाएगा।

भारत की इंग्लैंड पर 365 रन की बढ़त

बल्लेबाज़ यास्तिका भाटिया ने संयम के साथ नाबाद 91 रन बनाकर भारत की पारी को संभाले रखा

एजेंसी

लंदन। इंग्लैंड के खिलाफ़ खेले जा रहे एकमात्र महिला टेस्ट मैच के तीसरे दिन रविवार को लंच तक भारत ने अपनी दूसरी पारी में चार विकेट पर 250 रन बनाकर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। पहली पारी में 115 रन की बढ़त हासिल करने वाली भारतीय टीम की कुल बढ़त 365 रन हो गई थी। विकेटकीपर-बल्लेबाज़ यास्तिका भाटिया ने संयम के साथ नाबाद 91 रन बनाकर भारत की पारी को संभाले रखा।

वह अपने पहले टेस्ट शतक से नौ रन दूर हैं। दिन की शुरुआत एक विकेट पर 154 के स्कोर से करने के बाद भारत को शुरुआती झटके लगे। लॉरेन बेल (27 रन पर दो विकेट) ने स्मृति मंधाना (70) और जेमिमा रोड्रिग्स (तीन) को जल्दी-जल्दी पवेलियन भेज दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर भी अच्छी शुरुआत का फायदा नहीं उठा सकीं और सोफी एक्लेस्टोन (84 रन पर दो विकेट) की गेंद पर 34 गेंदों में 16 रन बनाकर आउट हो गईं। दिन की शुरुआत 39 रन से करने वाली यास्तिका ने लंच ब्रेक तक 139 गेंदों की अपनी पारी के दौरान पूरा संयम दिखाया। वहीं दूसरी ओर इंग्लैंड एवं वेल्स क्रिकेट बोर्ड (ईसीबी) ने रविवार को घोषणा की कि ब्रेंडन मैकुलम इंग्लैंड पुरुष टेस्ट टीम के मुख्य कोच पद से हट जाएंगे लेकिन सीमित ओवरों की टीमों के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाते रहेंगे। यह फैसला इंग्लैंड के टेस्ट कप्तान बेन स्टोक्स के अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास लेने, नाइट क्लब में हुए विवाद और उसके बाद एक टेस्ट मैच के प्रतिबंध के तुरंत बाद सामने आया है। मैकुलम ने स्वीकार किया कि टेस्ट टीम के मुख्य कोच के रूप में कार्यकाल समाप्त होने से उन्हें निराशा हुई है।

उनके बयान से यह भी संकेत मिला कि यह फैसला उनकी स्वेच्छा से पद छोड़ने के बजाय बोर्ड के निर्णय का परिणाम है। ईसीबी की ओर से जारी विज्ञप्ति में मैकुलम ने कहा, निश्चित रूप से मुझे आगे टेस्ट टीम के साथ नहीं जुड़े रहने का अफसोस है, लेकिन मैं बोर्ड के फैसले का सम्मान करता हूं। अब मेरा पूरा ध्यान सीमित ओवरों की टीमों पर रहेगा और मैं इंग्लैंड क्रिकेट को आगे बढ़ाने के लिए अपना सर्वश्रेष्ठ दूंगा। उन्होंने कहा, मैं टेस्ट टीम की सफलता की कामना करता हूं। ड्रेसिंग रूम में अपार प्रतिभा मौजूद है और यह खिलाड़ियों का बेहद खास समूह है। मैं हमेशा इन खिलाड़ियों का समर्थन करूंगा और उम्मीद करूंगा कि वे इसी तरह बेहतरीन क्रिकेट खेलते रहें। मुझे विश्वास है कि वे आगे भी देश को गौरवान्वित करेंगे। न्यूजीलैंड के पूर्व सलामी बल्लेबाज मैकुलम के कार्यकाल के दौरान इंग्लैंड टेस्ट टीम ने आक्रामक और सकारात्मक क्रिकेट की नई पहचान बनाई। उनके चार वर्षीय कार्यकाल का समापन ऐसे दौर में होगा जिसे इंग्लैंड टेस्ट क्रिकेट के सबसे रोमांचक और प्रगतिशील अध्यायों में गिना जा रहा है। इंग्लैंड अब पाकिस्तान के खिलाफ होने वाली तीन मैचों की विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला में नए मुख्य कोच के साथ उतरेगा। हाल ही में इंग्लैंड को न्यूजीलैंड के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला में 1-2 से हार का सामना करना पड़ा, जबकि उसने भारत को टी-20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला में 4-0 से करारी शिकस्त देकर दुनिया की नंबर एक टी-20 टीम बनने का गौरव हासिल किया। ईसीबी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रिचर्ड गूल्ड ने कहा, ब्रेंडन ने इंग्लैंड पुरुष टेस्ट टीम में नई ऊर्जा का संचार किया।

उनके नेतृत्व में टीम ने कई यादगार जीत दर्ज कीं और हम उनके योगदान के लिए आभारी हैं। उन्होंने कहा, अब हमें लगता है कि टेस्ट टीम में बदलाव का यही सही समय है, क्योंकि हमारा लक्ष्य अगले वर्ष एशेज श्रृंखला जीतना है। मैकुलम की कोचिंग में इंग्लैंड की टी-20 टीम इस वर्ष टी-20 विश्व कप के सेमीफाइनल तक पहुंची और हाल ही में भारत को हराकर विश्व की नंबर एक टीम बनी। वह सीमित ओवरों की टीमों के मुख्य कोच बने रहेंगे। इंग्लैंड पुरुष टीम के प्रबंध निदेशक रॉब की ने कहा, हाल के वर्षों में इंग्लैंड टेस्ट टीम की कई अविस्मरणीय उपलब्धियां ब्रेंडन के नेतृत्व में हासिल हुईं। खिलाड़ियों की सोच और टीम संस्कृति को उन्होंने जिस तरह बदला, वह प्रेरणादायक रहा।

राणा की जगह वनडे टीम में प्रिंस, जिम्बाब्वे टी-20 के लिए वरुण की जगह बिश्नोई

बर्मिंघम। युवा तेज गेंदबाज हर्षित राणा और अनुभवी स्पिनर वरुण चक्रवर्ती मांसपेशियों में खिंचाव के कारण अनिश्चितकाल के लिए प्रतिस्पर्धी क्रिकेट से बाहर हो गए हैं और उनकी जगह भारत की आगामी एकदिवसीय और टी20 अंतरराष्ट्रीय टीमों में क्रमशः प्रिंस यादव और रवि बिश्नोई को शामिल किया गया है।

प्रिंस, राणा की जगह इंग्लैंड में भारतीय एकदिवसीय टीम से जुड़ेंगे। ओल्ड ट्रैफर्ड में इंग्लैंड के खिलाफ दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के 17वें ओवर में 29 रन खर्च कर भारत की हार के कारण बने लेग स्पिनर बिश्नोई को जिम्बाब्वे में इस महीने के आखिर में शुरू होने वाली तीन मैचों की टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए चक्रवर्ती की जगह एक और मौका मिला है। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने एक बयान में कहा, राणा ने ट्रेंट ब्रिज में इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय के दौरान अपने दाहिने पैर में अचानक तकलीफ महसूस की। बाद में हुए स्कैन में ग्रेड-एक हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि हुई। बयान के अनुसार, उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ आगामी एकदिवसीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। आगे की जांच और उपचार के लिए उन्हें बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) भेजा जाएगा। चक्रवर्ती ग्रेड-दो हैमस्ट्रिंग चोट से जूझ रहे हैं। इस चोट के कारण उनके पूरी तरह फिट होने में तीन से छह महीने का समय लग सकता है। वह 35 वर्ष के होने वाले हैं, ऐसे में फिटनेस हासिल करने में अपेक्षाकृत अधिक समय लगने की संभावना है। बीसीसीआई के मुताबिक, इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान चक्रवर्ती को बाएं पैर की मांसपेशियों में अचानक तकलीफ महसूस हुई। बाद में एमआरआई स्कैन में ग्रेड-2 हैमस्ट्रिंग चोट की पुष्टि हुई।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने कहा, विशेषज्ञ डॉक्टरों की सलाह के आधार पर उन्हें जिम्बाब्वे के खिलाफ होने वाली टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला से बाहर कर दिया गया है। वह इलाज के लिए बीसीसीआई के उत्कृष्टता केंद्र (सीओई) में रहेंगे।

इंग्लैंड के खिलाफ एकदिवसीय श्रृंखला के लिए भारत की अपडेटेड टीमः शुभमन गिल (कप्तान), रोहित शर्मा, विराट कोहली, श्रेयस अय्यर (उप-कप्तान), केएल राहुल (विकेटकीपर), इशान किशन (विकेटकीपर), वाशिंगटन सुंदर, अक्षर पटेल, शिवम दुबे, कुलदीप यादव, जसप्रीत बुमराह, प्रसिद्ध कृष्णा, अर्शदीप सिंह, गुरनूर बराड़ और प्रिंस यादव।

जिम्बाब्वे के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला के लिए भारत की अपडेटेड टीमः श्रेयस अय्यर (कप्तान), वैभव सूर्यवंशी, अभिषेक शर्मा, तिलक वर्मा (उप-कप्तान), इशान किशन (विकेटकीपर), शिवम दुबे, सूर्यांश शेडगे, रिंकू सिंह, हर्ष दुबे, प्रिंस यादव, यश ठाकुर, अशोक शर्मा, मयंक यादव, प्रभसिमरन सिंह (विकेटकीपर) और रवि बिश्नोई।

इंग्लैंड में हार के लिए खराब क्षेत्ररक्षण व अदद ऑलराउंडर का अभाव जिम्मेदार : पुजारा

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा ने ब्रिटेन के टी20 अंतरराष्ट्रीय दौरे पर भारत के निराशाजनक प्रदर्शन के लिए मध्यक्रम की कमजोरी, अदद ऑलराउंडर की कमी और खराब क्षेत्ररक्षण को जिम्मेदार ठहराया। इंग्लैंड ने भारत को पांच मैच की श्रृंखला में 4-0 से हराया। इससे पहले भारतीय टीम आयरलैंड के खिलाफ दोनों मैच में हार गई थी। पुजारा ने जियोहॉटस्टार से कहा, इंग्लैंड के पास पांचवें, छठे, सातवें और आठवें नंबर पर ऐसे बल्लेबाज थे जिन्होंने पूरा योगदान दिया। भारत की बात करें तो हमारे पास पांचवें नंबर पर तिलक (वर्मा) और छठे नंबर पर शिवम दुबे थे, लेकिन उन्होंने इंग्लैंड के मध्यक्रम के बल्लेबाजों की तरह खास योगदान नहीं दिया। उन्होंने कहा, भारत के पास अदद ऑलराउंडर की भी कमी है और यह उसके लिए बड़ी चिंता का विषय है। भारत का क्षेत्ररक्षण भी बहुत खराब रहा। पुजारा ने कहा, यह माना जा सकता है कि यह युवा टीम है जो बल्लेबाजी और गेंदबाजी में अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाई लेकिन खराब क्षेत्ररक्षण किसी भी तरह से स्वीकार नहीं किया जा सकता है। खेल के सबसे छोटे प्रारूप में फील्डिंग की भूमिका अहम होती है लेकिन पूरी श्रृंखला में भारत की फील्डिंग कमजोर रही और यह बड़ी चिंता का विषय है।

आईपीएल के आधार पर टीम का चयन नहीं करें : मांजरेकर

नयी दिल्ली। भारत के पूर्व बल्लेबाज संजय मांजरेकर ने ब्रिटेन के दौरे में टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों में मिली हार के लिए खिलाड़ियों को दोष देने के बजाय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से जुड़ी समस्याओं को दूर करने का आग्रह किया और कहा कि टीम का चयन आईपीएल के आधार पर नहीं किया जाना चाहिए। मौजूदा चैंपियन भारत के लिए यह दौरा निराशाजनक रहा। आयरलैंड से 0-2 से हारने के बाद उसे पांच मैचों की टी20 श्रृंखला में इंग्लैंड के हाथों 0-4 से करारी हार का सामना करना पड़ा। मांजरेकर ने एक्स पर लिखा, विदेशी धरती पर मिली इस पराजय के लिए खिलाड़ियों को आसानी से जिम्मेदार ठहराया जा सकता है लेकिन मुझे लगता है कि उन लोगों को जिम्मेदार ठहराया जाना चाहिए जिन्होंने आईपीएल को बल्लेबाजों के लिए अनुकूल बना दिया है।

संक्षेप

चैलेंजर स्क्वाश के क्वार्टर फाइनल में छह भारतीय

चेन्नई। दूसरे वरीयता प्राप्त सूरज चंद ने रविवार को यहां एचसीएल स्क्वाश पीएसए चैलेंजर टूर के पुरुष प्री-क्वार्टर फाइनल में वापसी करते हुए कुवैत के अम्मार अल्तामिमी को हरा दिया। भारत के छह खिलाड़ी क्वार्टर फाइनल में पहुचे। इनमें से एक सूरज चंद ने अल्तामिमी को 6-11, 11-5, 11-5, 11-6 से शिकस्त दी। पुरुषों में सातवें वरीय ओम सेमवाल, महिलाओं में तीसरी वरीय राधिका सीलन, चौथी वरीय सान्या वत्स, आठवीं वरीय उन्नति त्रिपाठी और गैर वरीय पूजा आरती रघु क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाले अन्य भारतीय खिलाड़ी रहे।

अदिति एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 33वें स्थान पर

एवियन-लेस-बैंस (फ्रांस)। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने तीसरे राउंड में दो अंडर 69 का स्कोर बनाया जिससे वह एवियन चैंपियनशिप में संयुक्त 33वें स्थान पर पहुंच गईं। अदिति ने पार-71 वाले कोर्स पर शुरुआती दो राउंड में एक समान 70 का स्कोर बनाया था। उन्होंने तीसरे राउंड में दो बोगी की और चार बर्डी बनाईं। दक्षिण कोरिया की हेरान रियू ने तीसरे राउंड में शानदार प्रदर्शन करते हुए 11 अंडर 60 का कोर्स-रिकॉर्ड बनाया जिससे उन्होंने 54-होल के बाद तीन शॉट की बढ़त हासिल कर ली।

लॉर्ड्स की सम्मान पट्टिका पर नाम होना गर्व की बात : क्रांति गौड़

लंदन। भारतीय तेज गेंदबाज क्रांति गौड़ ने कहा कि इंग्लैंड के खिलाफ एकमात्र टेस्ट मैच में पांच विकेट लेने के बाद लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड (सम्मान पट्टिका) पर नाम दर्ज कराने वाली पहली महिला बनना उनके और उनके परिवार के लिए बेहद गर्व की बात है। क्रांति ने 37 रन देकर पांच विकेट लिए जिससे भारत ने इंग्लैंड को 170 रन पर आउट कर दिया और इस तरह से पहली पारी में 115 रन की बढ़त हासिल की। भारत ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने तक अपनी दूसरी पारी में एक विकेट पर 154 रन बनाए हैं और उसकी कुल बढ़त 269 रन की हो गई है। क्रांति ने दूसरे दिन का खेल समाप्त होने के बाद पत्रकारों से कहा, यह मेरे लिए पूरी तरह से अलग अहसास है। लॉर्ड्स ऑनर्स बोर्ड पर अपना नाम दर्ज कराने वाली पहली महिला बनने पर मुझे बहुत गर्व है।

मेस्सी या एमबाप्पे, हैरी केन या यमल

न्यूयॉर्क। लियोनेल मेस्सी की अर्जेंटीना या कीलियन एमबाप्पे की फ्रांस या फिर हैरी केन की इंग्लैंड ? फुटबॉल के महासमर से अगर आपकी पसंदीदा टीम बाहर हो गई है और आपको समझ में नहीं आ रहा कि सेमीफाइनल में किस टीम का समर्थन करें तो यह आपके लिये है। इसके लिये सेमीफाइनल में पहुंची चारों टीमों के बारे में हम संक्षिप्त जानकारी दे रहे हैं ताकि आप खुद चयन कर सकें।

अर्जेंटीना : लियोनेल मेस्सी।

जानकारी : 1958 और 1962 में ब्राजील के बाद लगातार दूसरी बार खिताब जीतने वाली टीम बनना चाहती है अर्जेंटीना। मेस्सी विश्व कप के इतिहास में सर्वाधिक 21 गोल कर चुके हैं और इस बार टूर्नामेंट में आठ गोल करके शीर्ष पर हैं। क्वार्टर फाइनल में अतिरिक्त समय में दो गोल करके अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3-1 से हराया।

फ्रांस : कीलियन एमबाप्पे, माइकल ओलिसे

जानकारी : 2018 में चैम्पियन, 2022 में उपविजेता और इस साल की प्रबल दावेदार। विश्व कप के दिग्गज फ्रांस के कोच दिदियेर डेसचैम्प्स बतौर कप्तान 1998 में खिताब जीत चुके हैं जब जिनेदीन जिदान टीम में हुआ करते थे। वहीं 20 साल बाद बतौर कोच टीम को खिताब दिलाया।

इंग्लैंड : हैरी केन, जूड बेलिंगहम

जानकारी : इंग्लैंड फुटबॉल टीम ने 1966 विश्व कप के बाद कोई बड़ा टूर्नामेंट नहीं जीता है।

स्विटजरलैंड को हराकर, अर्जेंटीना सेमीफाइनल में

एजेंसी

कंसास सिटी। हार की कगार पर पहुंचकर जीतने का हुनर मौजूदा चैम्पियन अर्जेंटीना को बखूबी आता है और इसकी बानगी विश्व कप के क्वार्टर फाइनल में एकबार फिर देखने को मिली। जब अतिरिक्त समय में जूलियन अल्वारेज और लौतारो मार्तिनेज के गोल की मदद से अर्जेंटीना ने स्विटजरलैंड को 3-1 से हराकर विश्व कप सेमीफाइनल में जगह बना ली जहां उसका सामना इंग्लैंड से होगा हालांकि यह मुकाबला उतना आसान नहीं था जिनका सोचा जा रहा था।

और ऐसा इस विश्व कप में पहली बार नहीं हुआ है। केप वर्दे जैसे छोटे से देश ने पहले नॉकआउट मुकाबले में ही मौजूदा विश्व चैम्पियन को नाकों चने चबवा दिये थे। अतिरिक्त समय में

112वें मिनट में अल्वारेज के गोल की मदद



अर्जेंटीना ने वह मुकाबला जीता जो बेमेल माना जा रहा था। फिर मिस्र के खिलाफ 79वें मिनट तक दो गोल से पिछड़ने के बाद आखिरी 13 मिनट में तीन गोल करके अर्जेंटीना ने क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। यहां भी जीत आसानी से नहीं मिली। विश्व कप में लगातार गोल करने का लियोनेल मेस्सी का नौ मैचों का सिलसिला टूट गया लेकिन लगातार दूसरे खिताब से अब वह सिर्फ दो जीत दूर हैं। सेमीफाइनल में उसे इंग्लैंड से खेलना है जिसने नॉर्वे को 2-1 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में फ्रांस का सामना स्पेन से होगा और पहली बार फीफा रैंकिंग की शीर्ष चारों टीमें विश्व कप सेमीफाइनल में पहुंची हैं। अर्जेंटीना के लिये मेस्सी की कॉर्नर किक पर एलेक्सिस मैक एलिस्टर ने पहला गोल किया था। जीत के बाद अल्वारोज ने कहा , हम शीर्ष चार में हैं। हम अपने लक्ष्य की ओर बढ रहे हैं। यह आसान नहीं था।

पूरा मैच कठिन था। हम पहले जीतते तो बेहतर होता लेकिन हमने आखिरकार जीत दर्ज की। दूसरा हाफ काफी नाटकीय रहा और एक बार फिर रैफरी के फैसले के बाद आलोचक मुखर हो जायेंगे कि टूर्नामेंट में अर्जेंटीना का पक्ष लिया जा रहा है। स्विटरजलैंड ने 67वें मिनट में डैन एनडोये के गोल की मदद से बराबरी की थी जब ब्रील एम्बोलो से टकराने के कारण लिएंड्रो पेरेदेस को येलो कार्ड दिखाया गया। वीडियो से हालांकि जाहिर था कि स्विस खिलाड़ी एम्बोलो अर्जेंटीना के मिडफील्डर से टकराने से पहले ही गिर रहे थे। एम्बोलो को मैच में पहले ही येलो कार्ड मिल चुका था जो उसे रेडकार्ड में बदल दिया गया। स्विटजरलैंड को आखिर में दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा। इस विश्व कप में दूसरी बार येलो कार्ड का फैसला बदला गया है। नियमों के अनुसार अगर गलत खिलाड़ी को येलो या रेडकार्ड मिलता है तो वीडियो सहायक रैफरी दखल दे सकता है।

स्विटजरलैंड के कोच मुरात याकिन ने कहा, हमें एक नियम का खामियाजा भुगतना पड़ा जो मेरी राय में पूरी तरह से अस्वीकार्य है। मेरी समझ में नहीं आ रहा। इस तरह के बाहर होने के हम हकदार नहीं थे। इस तरह बाहर होना दुखद है।

वेस्टइंडीज ने न्यूजीलैंड को हराया

एजेंसी

नयी दिल्ली। वेस्टइंडीज ने पहले वनडे में न्यूजीलैंड को 7 विकेट से हराया। टीम 5 मैचों की सीरीज में 1-0 से आगे हो गई है। गयाना में शनिवार को कैरेबियाई टीम ने 268 रन का लक्ष्य

19 साल के विटैल लॉयस को डेब्यू मैच में 3 विकेट, होप-कार्टी में शतकीय साझेदारी

48.5 ओवर में 3 विकेट पर हासिल किया। केसी कर्टी ने 95 रन बनाए, जबकि कप्तान शाई होप 54 रन बनाकर नाबाद लौटे। दोनों ने तीसरे विकेट के लिए 131 रन की मैच विनिंग पार्टनरशिप की। इससे पहले टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने वाली न्यूजीलैंड टीम ने सभी विकेट खोकर 267 रन बनाए। 19 साल के डेब्यूटेंट लेफ्ट आर्म रिस्ट स्पिनर विटैल लॉयस ने अपने पहले ही इंटरनेशनल मैच में 3 विकेट झटके।

न्यूजीलैंड की टीम 44वें ओवर में 4 विकेट पर 234 रन बनाकर बड़े स्कोर की ओर बढ़ रही थी, लेकिन विटैल लॉयस और अल्जारी जोसेफ ने आखिरी ओवरों में मैच पलट दिया। न्यूजीलैंड ने अंतिम 6 विकेट सिर्फ 33 रन के भीतर गंवा दिए। लॉयस ने हेनरी निकोल्स (37), मार्क चैपमैन और माइकल ब्रेसवेल को आउट किया, जबकि अल्जारी जोसेफ ने 41 रन देकर 4 विकेट लिए।

वेस्टइंडीज की पारी के 34वें ओवर में कीसी कार्टी 64 रन पर बल्लेबाजी कर रहे थे। जैकब डफी की गेंद पर छक्का लगाने के बाद उनका बल्ला पीछे जाकर स्टंप्स से टकराया और बेल्स गिर गईं। न्यूजीलैंड ने हिट-विकेट की अपील की, लेकिन थर्ड अंपायर अहसान रजा ने रिप्ले देखने के बाद उन्हें नॉट आउट दिया। कीसी कार्टी 95 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें 64 रन पर हिट विकेट पर जीवनदान मिला।

पाक के क्षेत्ररक्षण कोच ने छोड़ा साथ

लाहौर। पाकिस्तान के क्षेत्ररक्षण कोच शेन मैकडरमॉट ने एक साल तक काम करने के बाद वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के आगामी दौरे से ठीक पहले इस्तीफा दे दिया है। पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के एक सूत्र ने बताया कि मैकडरमॉट टीम के साथ इन दौरों पर नहीं जाएंगे। पीसीबी ऑस्ट्रेलिया के इस कोच की जगह मंसूर अमजद को नियुक्त करने का इच्छुक है, जिन्होंने शाहीन (पाकिस्तान ए टीम) और अंडर-19 टीमों के साथ काम किया है।

विश्व कप निशानेबाजों का हाई परफॉर्मेंस शिविर शुरू

एजेंसी

नयी दिल्ली। चीन के हांग्झोउ में होने वाले आईएसएसएफ विश्व कप और जापान में होने वाले एशियाई खेलों की तैयारियों के मद्देनजर निशानेबाजों के लिए एक हाई-परफॉर्मेंस राष्ट्रीय निशानेबाजी शिविर रविवार को यहां शुरू हुआ। इसमें राइफल, पिस्टल और शॉटगन स्पर्धा के 35 एथलीट हिस्सा ले रहे हैं।

राइफल और पिस्टल शिविर 17 जुलाई तक चलेगा जबकि ट्रैप शिविर 14 से 20 जुलाई तक होगा। स्कीट टीम नौ जुलाई से ही ट्रेनिंग कर रही है। हांग्झोउ विश्व कप 20 से 29 जुलाई तक होगा और इसके बाद जापान में 19 सितंबर से तीन अक्टूबर तक एशियाई खेल होंगे। शिविर में हिस्सा लेने वालों में दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर, राइफल निशानेबाज रुद्राक्ष पाटिल, ऐश्वर्य प्रताप सिंह तोमर और इलावेनिल वलारिवन के साथ-साथ भारत के अन्य प्रमुख निशानेबाज शामिल हैं।

धीरज व कीर्ति तीरंदाजी विश्व कप में कांस्य पदक से चूके

मैड्रिड। धीरज बोम्मादेवरा और कीर्ति शर्मा की भारतीय रिकर्व मिश्रित जोड़ी 3-1 से बढ़त का फायदा नहीं उठा पाई और रविवार को यहां तीरंदाजी विश्व कप के चौथे चरण में इटली से 3-5 से हारकर कांस्य पदक से चूक गई। अंताल्या विश्व कप चैंपियन धीरज के लिए यह विश्व कप निराशाजनक रहा।

उन्होंने पिछले महीने तीसरे चरण में कुमकुम मोहद के साथ रिकर्व मिश्रित टीम का स्वर्ण पदक जीता था लेकिन मैड्रिड से उन्हें खाली हाथ लौटना पड़ेगा। भारत की रिकर्व वर्ग में उम्मीदें अब पूरी तरह से कीर्ति पर टिकी हैं, जो व्यक्तिगत सेमीफाइनल में प्रतिस्पर्धा करेंगी।

रामगढ़ताल की सफलता ने बढ़ाई उम्मीदें

खेल संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के तत्वावधान में अवध जिमखाना क्लब, लखनऊ में रविवार को 'उत्तर प्रदेश में रोइंग के उत्थान और भविष्य की राह' विषय पर एक विशेष परिचर्चा सत्र का आयोजन किया गया। परिचर्चा सत्र के वक्ताओं में शामिल राष्ट्रीय खिलाड़ी व यूपी रोइंग एसोसिएशन के तकनीकी सचिव एसएम भट्ट और राष्ट्रीय खिलाड़ी व एसोसिएशन के उपाध्यक्ष अजय भदौरिया ने अपने संबोधन में प्रदेश में रोइंग के वर्तमान और भविष्य पर बेबाकी से बात की।

वक्ताओं ने कहा कि गोरखपुर के रामगढ़ताल में पिछले कुछ समय में हुए लगातार बड़े और विश्वस्तरीय आयोजनों ने देश में यूपी का मान बढ़ाया है। रामगढ़ताल के अद्भुत प्राकृतिक वाटर ट्रैक और वहां की बेहतरीन सुविधाओं ने यह साबित कर दिया है कि अब यूपी रोइंग की अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप

लखनऊ में भी रोइंग को नए सिरे से खड़ा करने का संकल्प

की भी मेजबानी करने के लिए पूरी तरह सक्षम है। वक्ताओं ने लखनऊ में खेल की स्थिति पर बेबाकी से बात करते हुए कहा कि लखनऊ का अतीत रोइंग के लिहाज से बेहद गौरवशाली रहा है और यह शहर अतीत में कई बड़े राष्ट्रीय आयोजनों की मेजबानी कर चुका है। हालांकि यह भी हकीकत है कि वर्तमान में लखनऊ में रोइंग के लिए आवश्यक आधारभूत सुविधा ही उपलब्ध नहीं है। अगर लखनऊ में बुनियादी ढांचे को नए सिरे से पुनर्जीवित करने के सार्थक प्रयास किए जाएं, तो यूपी में रोइंग के अभ्यास के लिए दो मजबूत सेंटर (गोरखपुर और लखनऊ) तैयार हो जाएंगे, जिससे हमारे खिलाड़ियों को बड़ा फायदा होगा। विशेष परिचर्चा सत्र के मुख्य अतिथि एमएलसी पवन सिंह चौहान (संरक्षक, उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन) ने अपने संबोधन में कहा कि गोरखपुर ने रोइंग के क्षेत्र में जो मुकाम हासिल किया है, उसे अब पूरे प्रदेश में विस्तार देना है।

उन्होंने आश्वस्त किया कि लखनऊ में रोइंग को दोबारा खड़ा करने के लिए वे शासन स्तर पर हर संभव प्रयास करेंगे। इस परिचर्चा सत्र की अध्यक्षता करते हुए उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन के कोषाध्यक्ष डा.सैयद रफत जुबैर रिजवी ने कहा कि उत्तर प्रदेश में रोइंग खेल का ग्राफ अब तेजी से बदल रहा है और खिलाड़ियों में नया जोश है। ऐसे समय में यह बेहद जरूरी है कि कि हम लखनऊ के पुराने सेंटर की समस्याओं का व्यावहारिक समाधान तलाशें। इसके लिए उत्तर प्रदेश ओलंपिक एसोसिएशन हर संभव सहयोग प्रदान करेगा।

इस अवसर पर खेलकूद एवं सामाजिक कार्यों में विशिष्ट योगदान को देखते हुए उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन में लखनऊ के प्रतिष्ठित उद्यमी व समाजसेवी विश्वास स्वरूप अग्रवाल को उपाध्यक्ष मनोनीत किया गया। वहीं गोरखपुर के समाजसेवी जय यदुवंशी को संयुक्त सचिव की जिम्मेदारी दी गई जबकि लखनऊ के खेल प्रेमी मनोज बाजपेयी को वाइस चेयरमैन मनोनीत किया गया। इससे पूर्व परिचर्चा सत्र में पधारे अतिथिगण का भव्य स्वागत उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के वरिष्ठ पदाधिकारियों द्वारा किया गया।

अंत में सचिव सुधीर शर्मा ने नई नियुक्तियों पर खुशी जताते हुए सभी को बधाई दी। उन्होंने कहा कि गोरखपुर रोइंग का मुख्य हब बन चुका है। हालांकि अगर लखनऊ में भी किसी वैकल्पिक स्थान पर बुनियादी ढांचे के साथ रोइंग का नया सेंटर शुरू होता है, तो हमारे खिलाड़ियों के पास अभ्यास के लिए दो बेहतरीन विकल्प होंगे, जो यूपी रोइंग को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई ऊंचाई देगा। इस अवसर पर खेल निदेशक डॉ. आरपी सिंह ने अपने प्रेषित संदेश में कहा कि लखनऊ में रोइंग दोबारा शुरू करने के लिए एसोसिएशन यदि कोई ठोस प्रस्ताव लाता है, तो नियमों के तहत उस पर सकारात्मक विचार किया जाएगा। आज परिचर्चा सत्र में उत्तर प्रदेश रोइंग एसोसिएशन के उपाध्यक्ष हीरालाल यादव, कंप्टीशन कमीशन के चेयरमैन पुनीत अग्रवाल, अंपायर कमीशन के चेयरमैन राकेश शुक्ला, संयुक्त सचिव संदीप अरोरा, विधिक समिति के चेयरमैन पारितोष शर्मा, संघ प्रचारक संतेंद्र त्रिपाठी, अलकेश सोती, सोमेश यादव भी मौजूद रहे।

एक पेड़ मां के नाम बन चुका है जन आंदोलन

एजेंसी

अहमदाबाद। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत का हरित आवरण बढ़ाने के उद्देश्य से शुरू किया गया एक पेड़ मां के नाम अभियान जन आंदोलन बन चुका है और भावी पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को रहने योग्य बनाए रखने की दृष्टि से यह बेहद महत्वपूर्ण है।

शाह ने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) के पौधारोपण कार्यक्रम और विकास परियोजनाओं की शुरुआत करते हुए कहा कि वह 2029 तक अपने संसदीय क्षेत्र गांधीनगर में हरित आवरण 20 प्रतिशत बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने कहा, कुछ ही समय में 1.25 करोड़ पेड़ लगाने का अभियान एक वास्तविक जन आंदोलन में बदल गया है और इसे लोगों की ओर से उत्साहजनक प्रतिक्रिया मिली है। प्रधानमंत्री मोदी ने भारत का हरित आवरण बढ़ाने के लिए एक पेड़ मां के नाम पहल शुरू की थी और यह जल्द ही जन आंदोलन बन गई। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्रीय अर्धसैनिक बलों ने सात वर्ष में सात करोड़ पेड़ लगाने का लक्ष्य शनिवार को पूरा किया। उन्होंने यह भी बताया कि दो दिन पहले दिल्ली रिज क्षेत्र में 43 लाख पेड़ लगाए गए। शाह ने कहा, ये पेड़ स्थानीय पर्यावरण के अनुकूल हैं। इनका जीवनकाल कम से कम 100 वर्ष है। इसका मतलब है कि आने वाली पीढ़ियां, आपके पोते-पोतियां भी इनकी छाया में बैठ सकेंगे। बरगद और पीपल के पेड़ हजारों पक्षियों को आश्रय और भोजन प्रदान करते हैं तथा विभिन्न प्रजातियों के पक्षियों को आकर्षित करते हैं।

शाह ने कहा कि उनके गांधीनगर लोकसभा क्षेत्र में पहले 12 ऑक्सीजन पार्क थे। रविवार को 61 नए ऑक्सीजन पार्क का उद्घाटन किया गया जिससे इनकी कुल संख्या बढ़कर 73 हो गई। वहीं, अहमदाबाद नगर निगम ने एक ही दिन में 101 ऑक्सीजन पार्क का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा, जनभागीदारी के बिना गांधीनगर और अहमदाबाद को हरा-भरा नहीं बनाया जा सकता। शाह ने वाहनों और उद्योगों की बढ़ती संख्या से पैदा होने वाले खतरों का उल्लेख करते हुए कहा कि इनके कारण कार्बन मोनोऑक्साइड का स्तर बढ़ा है और ओजोन परत का क्षरण हुआ है, जिससे तापमान में वृद्धि और वर्षा में कमी आ रही है।

उन्होंने कहा, अगर हम अगली चार पीढ़ियों के लिए पृथ्वी को रहने योग्य बनाए रखना चाहते हैं तो ओजोन परत को और नुकसान से बचाना बेहद जरूरी है। इसके लिए प्रधानमंत्री मोदी की एक पेड़ मां के नाम पहल अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा, मैं 2029 तक गांधीनगर का हरित आवरण 20 प्रतिशत बढ़ाने का संकल्प लेता हूं। पूरे संसदीय क्षेत्र में हरियाली बढ़ाने के लिए हम सभी को मिलकर काम करना होगा। इस अभियान के तहत आवासीय सोसाइटी में जहां भी खाली जगह मिले, वहां पेड़ लगाए जाने चाहिए। इससे स्थानीय पर्यावरण में सुधार होगा। शाह ने कहा कि छतों पर सौर पैनल लगाने से तापमान कम करने और बिजली पैदा करने में मदद मिलेगी।

राम मंदिर चढ़ावा चोरी मामले की उच्चतम न्यायालय की निगरानी में हो जांच



चंडीगढ़। कांग्रेस नेता कुमारी सैलजा ने रविवार को राम मंदिर कथित चढ़ावा चोरी मामले की उच्चतम न्यायालय के मौजूदा या सेवानिवृत न्यायाधीश की निगरानी में स्वतंत्र रूप से जांच कराने की मांग की। सिरसा (हरियाणा) की सांसद सैलजा ने कहा कि लोगों की आस्था और चढ़ावे से जुड़े सभी सवालों का जवाब पारदर्शिता के साथ दिया जाना चाहिए। एक बयान में, पार्टी महासचिव और कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य सैलजा ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार अपने कई बड़े वादे पूरे करने में नाकाम रही है, जिनमें किसानों की आय दोगुनी करना, हर नागरिक के बैंक खाते में 15 लाख रुपये जमा करना और 2022 तक सभी को आवास उपलब्ध कराना जैसे वादे शामिल हैं।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि वादों और हकीकत के बीच का अंतर साफ हो गया है। उन्होंने सरकार से जनता के भरोसे, जनता के पैसे और राष्ट्र हित से जुड़े मामलों में अधिक जवाबदेही और पारदर्शिता की मांग की। सैलजा ने नोटबंदी की स्वतंत्र रूप से समीक्षा कराने की भी मांग की। उन्होंने कहा कि इसे काला धन, भ्रष्टाचार और जाली नोटों पर प्रहार के तौर पर पेश किया गया था, लेकिन इससे छोटे कारोबारियों, मज़दूरों और आम नागरिकों को परेशानी हुई। उन्होंने कहा कि इस नीति के घोषित लक्ष्यों का निष्पक्ष प्रक्रिया के जरिए आकलन किया जाना चाहिए। राम मंदिर के मुद्दे पर सैलजा ने कहा कि मीडिया में आई खबरों और राजनीतिक चर्चाओं के बाद मंदिर ट्रस्ट के वित्तीय प्रबंधन पर सवाल खड़े हुए हैं। उन्होंने कहा कि चूंकि लाखों श्रद्धालुओं ने अपनी आस्था के कारण चढ़ावा चढ़ाया है, इसलिए वित्तीय अनियमितताओं के किसी भी आरोप की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच होनी चाहिए। उन्होंने मांग की कि जांच की विश्वसनीयता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए इसे उच्चतम न्यायालय के मौजूदा या सेवानिवृत न्यायाधीश की निगरानी में कराया जाए।

संक्षेप

दिल्ली में हैरी बॉक्सर गिरोह के तीन शूटर गिरफ्तार

नयी दिल्ली। दिल्ली पुलिस ने रविवार को बताया कि उसने हैरी बॉक्सर गिरोह से जुड़े तीन कथित शूटरों को गिरफ्तार कर दिल्ली-एनसीआर में कारोबारियों से रंगदारी वसूलने और निशाना बनाकर हत्याएं करने की साजिश नाकाम की है। एक अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नौ एमएम कैलिबर और एक बेरेटा पिस्तौल समेत तीन अवैध पिस्तौल और 26 कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस ने बताया कि यह कार्वाई रोहिणी जिले के स्पेशल स्टाफ और नॉर्थ रोहिणी थाने ने मिलकर की। यह जांच इस साल की शुरुआत में दर्ज रंगदारी के एक मामले के बाद कई महीनों से जारी थी। पुलिस के अनुसार, एक कारोबारी ने आठ मार्च को शिकायत दर्ज कराई थी कि उसे छह से आठ मार्च के बीच विदेशी नंबरों से बार-बार कॉल और मैसेज आए थे। शिकायत के अनुसार कॉल करने वाले ने अपना नाम रणदीप मलिक बताया और कहा कि वह हैरी बॉक्सर गिरोह से जुड़ा है। शिकायतकर्ता के मुताबिक उसने एक करोड़ रुपये की मांग की और पैसे नहीं देने पर जान से मारने की धमकी दी। शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज की गई। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान शिव गोविंद, अभिनव उर्फ आकाश सिंह और विवेक के रूप में हुई है।

नये मतदाताओं को माता-पिता का एसआईआर विवरण देना होगा

एजेंसी

नयी दिल्ली। मतदाता सूची में बने रहने के लिए सिर्फ उन मौजूदा मतदाताओं को ही अपने माता-पिता की विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) से जुड़ी जानकारी जमा नहीं करनी है जो पिछली एसआईआर प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए थे, बल्कि मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के इच्छुक नए आवेदकों को भी ऐसा करना होगा। निर्वाचन आयोग के अधिकारियों ने यह जानकारी दी। निर्वाचन आयोग (ईसी) ने निर्देश जारी कर, मतदाता सूची में शामिल होने के लिए फॉर्म-6 भरने वाले नए मतदाताओं के लिए अपने माता-पिता का एसआईआर विवरण देना अनिवार्य कर दिया गया है।

यह घोषणा पिछले साल जून में बिहार में शुरू किए गए एसआईआर में जोड़ी गई थी। नए मतदाताओं को फॉर्म-6 के साथ यह घोषणा भी जमा करनी थी। अधिकारी ने इस बात पर जोर दिया कि घोषणा को निर्देशों के जरिए जोड़ा गया था और फॉर्म-6 में कोई बदलाव नहीं किया गया है।

कॉजपा के प्रदर्शन का 23वां दिन, वांगचुक की बिगड़ी सेहत

एजेंसी

नयी दिल्ली। राष्ट्रीय राजधानी में अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल के 15वें दिन रविवार को शिक्षाविद एवं

> भूख हड़ताल के 15वें दिन वांगचुक की सेहत बिगड़ी

जलवायु कार्यकर्ता सोनम वांगचुक की सेहत और बिगड़ गई तथा चिकित्सकों ने कहा कि उनका रक्तचाप और गिर गया है तथा उनका वजन 7.8 किलोग्राम घट गया है। परीक्षा में कथित अनियमितताओं को लेकर यहां जंतर-

मंतर पर कॉकरोच जनता पार्टी (कॉजपा) का विरोध-प्रदर्शन रविवार को 23वें दिन जारी रहा। कॉजपा की ओर से जारी स्वास्थ्य सूचना के मुताबिक, भूख हड़ताल शुरू होने के बाद से वांगचुक का रक्तचाप गिरकर 104।66 एमएम एचजी (मिलीमीटर इन मर्करी) हो गया है, जबकि उनका वजन 7.8 किलोग्राम घट गया। इसके अलावा, कॉजपा ने बताया है कि कई नेता और जाने-माने बुद्धिजीवी आंदोलन के प्रति समर्थन दिखाने के लिए दिन में विरोध स्थल का दौरा करने वाले हैं।

संगठन के अनुसार, केरल के पूर्व मंत्री के.के. शैलजा, के. एन. बालगोपाल और पी. राजीव प्रदर्शनकारियों से बातचीत करेंगे, जबकि समाजवादी पार्टी के सांसद पुष्पेंद्र सरोज रविवार को सभा को संबोधित करेंगे।

पहलगाम में बादल फटा, रोड बही, उत्तराखंड में भूस्खलन

जम्मू। उत्तर भारत के मैदानी इलाकों में जहां मानसून की रफ्तार थमी है, वहीं पहाड़ी राज्यों में बारिश के चलते नदियों का जलस्तर बढ़ने लगा है। शनिवार रात जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बादल फटने के बाद बाढ़ आई। कई खेत बर्बाद हो गए, सड़क बह गई। उत्तराखंड के विकासनगर में भारी बारिश के कारण लखवाड़ हाइड्रोइलेक्ट्रिक प्रोजेक्ट के पास लैंडस्लाइड हुआ। कई गाड़ियां और मशीनें मलबे में दब गईं। इधर, देश के लगभग 70% हिस्से से मानसून के बादल गायब हो गए हैं। इसका कारण पाकिस्तान की ओर से आ रही सूखी हवाएं बताई जा रही हैं। मौसम की वेबसाइट ऑल इंडिया वैदर की रिपोर्ट के अनुसार ये सूखी हवाएं अरब सागर, मध्य भारत और दक्षिण भारत तक फैल गई हैं। इनकी वजह से राजस्थान, दिल्ली-एनसीआर, पश्चिमी मध्य प्रदेश, गुजरात, महाराष्ट्र में अगले 5 दिन तक बारिश की संभावना भी कम है। बारिश रुकने से मध्य प्रदेश, दिल्ली, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में तापमान बढ़ गया।

अहमदाबाद में रथयात्रा के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम, 31 हजार से अधिक पुलिसकर्मी होंगे तैनात

एजेंसी

अहमदाबाद। गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने 16 जुलाई को होने वाली 149वीं जगन्नाथ रथयात्रा के लिए सुरक्षा व्यवस्था और नागरिक सुविधाओं की तैयारियों की शनिवार को समीक्षा की। रथयात्रा के दौरान शहर में सुरक्षा के लिए 31,000 से अधिक पुलिसकर्मियों और 65 ड्रोन की तैनाती की जाएगी। गांधीनगर में आयोजित उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए पटेल ने अधिकारियों को राज्यभर में निकलने वाली 230 से अधिक शोभायात्राओं का सुरक्षित आयोजन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

गुजरात के सबसे बड़े धार्मिक आयोजनों में शामिल वार्षिक जगन्नाथ रथयात्रा शहर के कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरेगी, जिनमें जमालपुर, कालूपुर, शाहपुर और दरियापुर शामिल हैं। आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, मुख्यमंत्री ने पुलिस विभाग को निर्देश दिया कि अहमदाबाद की छह छोटी रथयात्राओं सहित सभी यात्राएं सुरक्षित माहौल में संपन्न हों और श्रद्धालु बिना किसी अप्रिय घटना के इसमें भाग ले सकें। उन्होंने अहमदाबाद नगर निगम (एएमसी) को भी निर्देश दिया कि यात्रा मार्ग पर स्थित जर्जर इमारतों और ढांचों के आसपास या उनके ऊपर एकत्र होकर लोग यात्रा न देखें, ताकि किसी दुर्घटना की आशंका को टाला जा सके। अहमदाबाद के पुलिस आयुक्त अनुपम सिंह गहलोत ने बताया कि शहर में रथयात्रा के दौरान सुरक्षा के लिए 31,000 से अधिक पुलिसकर्मी तैनात किए जाएंगे।

प्रधानमंत्री के संरक्षण में राम मंदिर में आस्था से धोखा

एजेंसी

नयी दिल्ली। कांग्रेस ने रविवार को अयोध्या में राम मंदिर के लिए मिले चढ़ावे में कथित हेराफेरी पर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाए और कहा कि देशै आस्था से विश्वासघातै के लिए भाजपा-राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ को कभी माफ नहीं करेगा।

कांग्रेस महासचिव (प्रभारी संचार) जयराम रमेश ने उच्चतम न्यायालय की निगरानी में स्वतंत्र जांच, फॉरेंसिक ऑडिट, जवाबदेही तय करना और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्वाई करने की पार्टी की मांगों को फिर से दोहराया। रमेश ने एक्स पर हिंदी में एक पोस्ट में कहा, चंदा चोरीः आस्था से धोखा। भगवान श्रीराम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण का खुलासा हुए आज एक माह बीत चुका है, पर हर चीज का श्रेय लेने वाले प्रधानमंत्री मोदी जवाबदेही के नाम पर मौन मोदी बने

हुए हैं। उन्होंने कहा कि राम मंदिर के नाम पर राजनीति करने वालों की पोल अब हर रोज नए तथ्यों से खुल रही है। रमेश ने कहा कि चढ़ावा चोरी के मामले में रोजाना लाखों रुपये गायब होने की बात मामले को रफा-दफा करने के लिए बनाए गए विशेष जांच दल (एसआईटी) को भी माननी पड़ रही है। उन्होंने आरोप लगाया, भगवान श्री राम मंदिर चढ़ावा चोरी प्रकरण कुछ कर्मचारियों तक सीमित नहीं हो सकता, पर फिर भी यह राम द्रोही सरकार असली गुनाहगारों को बचाने में लगी है। रमेश ने कहा कि कांग्रेस पहले से ही कहती आई है कि एसआईटी, प्राथमिकी और इस्तीफे बस देशवासियों की आंखों में धूल झोंकने के प्रयास हैं। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मामले को दबाने की सरकारी कोशिशों से स्पष्ट हो गया है कि चंपत राय और अन्य मंदिर न्यासियों के पास कुछ गहरे राज हैं, जिसके कारण मोदी सरकार उनपर कोई कार्वाई नहीं कर रही है और उनका दबदबा आज भी क़ायम है।

उन्होंने कहा, कांग्रेस की निम्नलिखित मांग हैः उच्चतम न्यायालय की देखरेख में स्वतंत्र एवं निष्पक्ष जांच, फॉरेंसिक ऑडिट, जवाबदेही तय हो, दोषियों पर कड़ी कार्वाई हो। रमेश ने आरोप लगाया, प्रधानमंत्री जी, देश जानना चाहता हैः यह चुप्पी क्यों?

इंटरटेनमेंट...

सरकारी समिति ने 'सतलुज' फिल्म पर प्रतिबंध को सही ठहराया



नयी दिल्ली। केंद्र सरकार द्वारा दिलजीत दोसांझ अभिनीत फिल्म सतलुज की सामग्री की समीक्षा के लिए गठित एक समिति ने ऑनलाइन स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म पर इसके प्रदर्शन पर प्रतिबंध जारी रखने की सिफारिश की है, क्योंकि यह फिल्म कथित तौर पर भारत की संप्रभुता और अखंडता के खिलाफ है।

सरकारी सूत्रों ने शनिवार को यह जानकारी दी। हनी त्रेहन के निर्देशन में बनी यह फिल्म मानवाधिकार कार्यकर्ता जसवंत सिंह खालड़ा के जीवन पर आधारित है, जिन्होंने वर्ष 1984 से 1994 के बीच पंजाब में हजारों अज्ञात शवों के अंतिम संस्कार किए जाने के मामलों की पड़ताल की थी। बाद में, वर्ष 1995 में राज्य पुलिस द्वारा कथित तौर पर उनका अपहरण कर उनकी हत्या कर दी गई थी। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा सुरक्षा संबंधी चिंताओं का हवाला दिए जाने के बाद, तीन जुलाई को प्रदर्शन के महज दो दिन बाद ही इस फिल्म को भारत में ओटीटी मंच ज़ी5 से हटा दिया गया था। इसके बाद, मंत्रालय ने सूचना प्रौद्योगिकी (आईटी) नियमों के तहत एक अंतर-विभागीय समिति का गठन किया ताकि फिल्म की विस्तृत जांच कर आगे की कार्वाई के लिए सुझाव दिए जा सकें। इस बीच, पंजाब में इस मुद्दे ने राजनीतिक रूप ले लिया और शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) ने इस फिल्म से प्रतिबंध हटाने की मांग की।

वहीं, शिरोमणि अकाली दल ने पूरे राज्य में इस फिल्म को दिखाने की योजना का ऐलान किया है। सूत्रों के मुताबिक, समिति ने यह साफ किया है कि सूचना प्रौद्योगिकी कानून की धारा 69-ए के तहत फिल्म पर लगाया गया प्रतिबंध पूरी तरह जायज है। धारा 69-ए सरकार को देश की संप्रभुता, अखंडता, रक्षा, सुरक्षा, दूसरे देशों के साथ दोस्ताना संबंधों और सार्वजनिक व्यवस्था बिगड़ने की आशंका के आधार पर इंटरनेट आधारित सामग्री को रोकने का अधिकार देती है। इस समिति में सूचना एवं प्रसारण, गृह, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी, महिला एवं बालविकास, विदेश, रक्षा, और विधि एवं न्याय जैसे विभिन्न मंत्रालयों के प्रतिनिधि शामिल हैं। समिति ने अपनी समीक्षा में पाया कि फिल्म की कहानी निष्पक्ष नहीं है। इसमें आतंकवाद के दौर में सुरक्षा बलों द्वारा की गई कथित ज्यादतियों को तो प्रमुखता से दर्शाया गया है।

डेमन ने शेखर कपूर के साथ काम करने की जतायी इच्छा

मुंबई। हॉलीवुड अभिनेता मैट डेमन ने शनिवार को कहा कि वह एक दिन प्रख्यात फिल्मकार शेखर कपूर के साथ काम करना चाहते हैं। उन्होंने याद किया कि वह कैसे दो दशक से भी पहले फिल्म द फोर फेदर्स में निर्देशक के साथ काम करने का मौका चूक गए थे। क्रिस्टोफर नोलन की फिल्म द ओडिसी के भारत में प्रीमियर के अवसर पर मुंबई में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में डेमन ने कहा कि शेखर कपूर के साथ काम करना उनकी लंबे समय से इच्छा रही है। उन्होंने कहा, जब मैंने शुरुआत की थी, उस समय हर कोई शेखर कपूर के साथ काम करना चाहता था। मुझे याद है कि किसी वजह से मैं द फोर फेदर्स नहीं कर पाया था और मुझे इसका बहुत अफसोस था, क्योंकि मेरा चयन बॉर्न फिल्म के लिए हो गया था।

कभी-कभी दर्शक विशेषज्ञों से पहले कहानी की प्रामाणिकता की पहचान कर लेते हैं : महेश

नयी दिल्ली। फिल्मकार महेश भट्ट ने विभाजन पर आधारित इम्तियाज अली की फिल्म मैं वापस आऊंगा के साथ इसके बॉक्स ऑफिस पर अप्रत्याशित प्रदर्शन की सराहना की। उन्होंने कहा कि ऐसे समय में जब सिनेमा लगातार भव्यता और पौरूषता पर केंद्रित होता जा रहा है, यह फिल्म मन की गहरी भावनाओं को सुनने की कोशिश करती है। इस फिल्म को शुरुआत में बेहद सुस्त प्रतिक्रिया मिली थी लेकिन बाद में दर्शकों के बीच सकारात्मक प्रतिक्रिया फैलने से इसके बॉक्स ऑफिस पर कमाई में लगातार बढ़ोतरी देखी गई।

मेलबर्न में फिल्म महोत्सव 13-23 अगस्त तक

मुंबई। सितारे जमीन पर बेस्ट फिल्म, बेस्ट एक्टर (आमिर खान) व बेस्ट डायरेक्टर समेत कई श्रेणियों में नॉमिनेट है। भारत के बाहर होने वाले सबसे बड़े भारतीय फिल्म महोत्सव इंडियन फिल्म फेस्टिवल ऑफ मेलबर्न 2026 के अवॉर्ड्स के लिए नॉमिनेशन घोषित हो गए हैं। इस बार फिल्मों में 'सितारे जमीन

> सर्वश्रेष्ठ फिल्मों में सितारे जमीन पर और सैयारा सबसे आगे

पर, 'सैयारा' और 'कांताराः ए लीजेंड-चैप्टर 1' सबसे मजबूत दावेदार बनकर उभरी हैं। वहीं ओटीटी में 'कोहरा सीजन-2' को सबसे ज्यादा नॉमिनेशन मिले हैं। फेस्टिवल 13 से 23 अगस्त तक ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में आयोजित होगा। इस बार उद्घाटन समारोह में ऑस्कर-नामांकित फिल्म 'लगान' की विशेष स्क्रीनिंग भी की गई।

जानते हैं किन फिल्मों को सबसे ज्यादा चयनित किया गया है। सितारे जमीन पर बेस्ट फिल्म, बेस्ट एक्टर (आमिर खान) व बेस्ट डायरेक्टर समेत कई श्रेणियों में है। सैयारा बेस्ट फिल्म, डायरेक्टर (मोहित सूरी), एक्टर (अहान पांडे) और बेस्ट एक्ट्रेस (अनीत पड्डा) की रेस में है। कांताराः ए लीजेंड- चैप्टर 1 के लिए ऋषभ शेट्टी को अभिनेता और निर्देशक दोनों श्रेणियों में नॉमिनेशन मिला है। 'धुरंधर' को इस बार सीमित प्रमुख नॉमिनेशन मिले हैं। रणवीर सिंह बेस्ट एक्टर की दौड़ में जरूर शामिल हैं। नेटफ्लिक्स की क्राइम-थ्रिलर 'कोहरा: सीजन-2' इस बार सबसे चर्चित वेब सीरीज बनकर उभरी है। इसे बेस्ट सीरीज के साथ अभिनय श्रेणियों में भी कई नॉमिनेशन मिले हैं।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com